राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 एनडीए की जीत के लिए पूरी ताकत...

बिना आधिकारिक पद के पंजाब में... 12

वर्ष : 11 | अंक : 307 | पटना, बुधवार, 20 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 19°C

**बाजार**

सोना 67,545

चांदी 77,700

सेंसेक्स 72,012

निफ्टी 21,817

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के राज्यपाल को तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल के रूप में डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है तथा झारखंड के राज्यपाल को इनका अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राष्ट्रपति ने झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को नियमित व्यवस्था होने तक अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

### गढ़चिरौली में पुलिस मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कोलामरका जंगल में मंगलवार तड़के तेलंगाना से गढ़चिरौली में घुसे नक्सलियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। इनमें नक्सलवादी क्षेत्रीय समिति के सदस्य वर्गेश, मंगी इंद्रवेली क्षेत्र समिति के सचिव कुंमराम भीम, सिरपुर चेन्नूर क्षेत्र समिति के सदस्य राजू कुरसांग और कुट्टीमेट्टा व्यंकटेश शामिल हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलंगाना के कुछ माओवादी सोमवार दोपहर प्राणहिता नदी पार कर गढ़चिरौली में घुसे हैं। इसके बाद नक्सल विरोधी दस्ते के एडिशनल एसपी यतीश देशमुख के नेतृत्व में सी-60 और सीआरपीएफ क्यूएटी की कई टीमें अहेरी उप पुलिस मुख्यालय से नक्सलियों की तलाश में जुट गईं। इस बीच आज तड़के रेपनपल्ली से पांच किलोमीटर दूर कोलामरका के पहाड़ों में तलाशी अभियान में लगे जवानों पर नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवानों ने नक्सलियों को करारा जवाब दिया। गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की तलाशी में चार नक्सलियों के शव बरामद हुए। मुठभेड़ स्थल से एक एके 47, एक कार्बाइन और दो देशी पिस्तौल, नक्सली सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले चार नक्सलियों को सफाया करने वाली सी-60 टीम को 36 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है।

### तमिलनाडु में बीजेपी और पीएमके के बीच हुआ गठबंधन

चेन्नई। पीएमके ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ सीट-बंटवारे का समझौता कर लिया है। पीएमके तमिलनाडु में दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह निर्णय मंगलवार सुबह चेन्नई के तिंडीवनम स्थित पीएमके संस्थापक डॉ. एस. रामदास के फार्महाउस में एक बैठक के दौरान लिया गया। समझौते पर पीएमके के संस्थापक नेता डॉ. एस. रामदास की उपस्थिति में पीएमके के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने हस्ताक्षर किए। बैठक में केंद्रीय मत्स्य पालन राज्य मंत्री एल. मुरुगन भी मौजूद थे। भाजपा पहले एआईएडीएमके के साथ गठबंधन करना चाहती थी, लेकिन अंत में पीएमके के साथ बात बनी। तमिलनाडु के कई उत्तरी जिलों में पीएमके की मजबूत उपस्थिति है। राज्य में इसका कम से कम 7 प्रतिशत वोट बैंक है। पीएमके के संस्थापक नेता डॉ. एस. रामदास एआईएडीएमके के साथ गठबंधन चाह रहे थे, लेकिन नहीं हो पाया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास ने भाजपा के साथ गठबंधन पर जोर डाला और आखिरकर बात बन गई।

## पीएम ने राहुल गांधी की शक्ति वाली टिप्पणी पर कसा तंज, बोला हमला

# केवल हिंदू धर्म को निशाना बनाता है विपक्षी इंडिया गठबंधन: मोदी

### बोलें-तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं

प्रात: किरण

सलेम (तमिलनाडु)/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शक्ति वाली टिप्पणी को लेकर इंडिया गठबंधन पर हमला जारी रखते हुए मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ने इसे नष्ट करने की घोषणा कर अपने बुरे इरादे का प्रदर्शन किया है। मोदी ने यहां भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक बार-बार हिंदुत्व का अपमान करते हैं, लेकिन किसी अन्य धर्म को निशाना नहीं बनाते। कांग्रेस और द्रमुक विपक्षी इंडिया गठबंधन के अहम घटक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग जानबूझकर हिंदू आस्था का अपमान करते हैं और इसके खिलाफ उनके द्वारा हर बयान सोच-समझकर दिया जाता है। उन्होंने कहा, इंडी अलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान द्रमुक और कांग्रेस का इंडी अलायंस नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।



**हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती, आतंकवाद का मुकाबला करने को प्रतिबद्ध**

भारतीय नौसेना द्वारा समुद्री डाकुओं के कब्जे में आए बुल्गारियाई जहाज और चालक दल को छुड़ा लिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय नौसेना के जाबांजी भरे इस कारनामे के लिए बुल्गारिया के राष्ट्रपति रुमेन रादेव ने भारत का शुक्रिया अदा किया था, जिसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी आई है। रादेव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, अपहृत बुल्गारियाई जहाज रुएन और उसके चालक दल, जिसमें सात बुल्गारियाई नागरिक भी शामिल थे, को भारतीय नौसेना द्वारा बचाने की बहादुरी भरी कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक आभार।

उन्होंने नारी शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में शक्ति का अर्थ है मातृ शक्ति और नारी शक्ति। उन्होंने कहा,कांग्रेस और द्रमुक वाले इंडिया गठबंधन का कहना है कि वे इसे नष्ट कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि शक्ति का अर्थ मरियमन, मदुरै मीनाक्षीअम्मन और कांची कामाक्षीअम्मा जैसे राज्य के विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कवि सुब्रमण्यम भारती ने भारत माता को शक्ति के रूप में पूजा है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं। मैं शक्ति उपासक हूं।

**11 शक्ति अम्माओं का मंच पर किया सम्मान :** जहां एक तरफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के शक्ति से लड़ाई वाले बयान को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु के सेलम रैली में नारी शक्ति के सम्मान में अनोखा नजारा देखने को मिला। दरअसल, पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करने से पहले मंच पर 11 शक्ति अम्माओं को सम्मानित किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मंच पर पीएम मोदी सभी शक्ति अम्माओं का हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहे हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी मिशन दक्षिण पर हैं। इससे पहले उन्होंने केरल के पलक्कड़ में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया था। पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर लोगों ने भारत माता की जय और मोदी-मोदी के जयकारे भी लगाए। पहली बार दक्षिण के राज्यों में पीएम मोदी के रोड शो में इतनी बड़ी तादाद में लोगों की भीड़ देखने को मिली। इस रोड शो के दौरान पीएम मोदी जब लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तो लोग भावुक हो गए थे।

## सुप्रीम कोर्ट इस मामले में दाखिल 200 से ज्यादा याचिकाओं पर कर रही सुनवाई

# सीएए पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार, केन्द्र से मांगा जवाब

- पीठ ने मामले में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को तय की

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा लागू किए गए नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में दाखिल 200 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को तय की है। पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। अपने आवेदन में, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कहा था कि सीएए के तहत अधिसूचित नियम साफ तौर पर मनमाने हैं और केवल उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों के एक वर्ग के पक्ष में अनुचित लाभ देते हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के तहत सही नहीं है। अदालत ने केंद्र सरकार से सीएए पर तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने केंद्र सरकार से पूछा कि नोटिफिकेशन पर रोक की मांग वाली याचिका पर जवाब देने के लिए उनको कितना समय चाहिए। इस पर केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ने 4 हफ्ते का का समय मांगा। हालांकि अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र को तीन हफ्ते का समय दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले में अब नौ अप्रैल को सुनवाई करेगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा कि उन्हें 20 आवेदनों पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय चाहिए।

इन आवेदनों में आग्रह किया गया है कि सीएए, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का शीर्ष अदालत द्वारा निपटारा किए जाने तक संबंधित नियमों पर रोक लगाई जानी चाहिए। मेहता ने पीठ से कहा, सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता। संसद द्वारा विवादास्पद कानून पारित किए जाने के चार साल बाद केंद्र ने 11 मार्च को संबंधित नियमों की अधिसूचना के साथ नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इस कानून में 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से भारतीय नागरिकता दिए जाने का प्रावधान है।

केंद्र ने जवाब देने के लिए समय मांगाः सीएए 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाले आवेदनों पर जवाब दाखिल करने के लिए मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से समय मांगा। मामले में केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि उन्हें 20 आवेदनों पर जवाब देने के लिए कुछ समय चाहिए।

# लोस चुनावः इस्तीफा देने व खेमा बदलने का खेल शुरू

## हेमंत सोरेन की भाभी भाजपा में शामिल



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भाजपा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के घर बड़ी सेंध लगाई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूर्व विधायक और हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने मंगलवार को अपनी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया है। उनके भाजपा खेमे में आने से पार्टी को मजबूती मिल सकती है। विशेषकर हेमंत सोरेन आदिवासियों के जिस कथित उत्पीड़न के सहारे भाजपा को मात देने की कोशिश कर रहे हैं, सीता सोरेन के खेमा बदलने के बाद जेएमएम का दांव हल्का पड़ सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने झारखंड की 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन पार्टी इस बार झारखंड में भी क्लीन स्वीप करने के मूड में है। भाजपा में शामिल होते हुए सीता सोरेन ने कहा कि वे झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार छोड़कर भाजपा परिवार में जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास हो रहा है। इसे देखते हुए ही उन्होंने भाजपा से जुड़ने का निर्णय किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए उनके पति ने जो सपना देखा था, वे उसे पूरा करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके पति उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाना चाहते थे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि सीता सोरेन के आने के बाद पार्टी की राजनीतिक शक्ति बढ़ेगी। आदिवासी समुदाय के विकास के लिए सीता सोरेन की ताकत का इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इसका असर इन वर्गों के जीवन में आ रहे बदलाव में दिखाई दे रहा है। सीता सोरेन ने अपने इस्तीफे में अपने परिवार की उपेक्षा का आरोप लगाया है।

## फातमी ने जदयू छोड़ा, सभी पदों से दिया इस्तीफा



प्रात: किरण

नई दिल्ली। जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय महासचिव अली अशरफ फातमी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सीट बंटवारे के बाद मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंन जदयू के राष्ट्रीय महासचिव समेत तमाम पदों के साथ सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। वह राष्ट्रीय जनता दल से पहले भी जुड़े थे और उसी के साथ रहते हुए केंद्र में मंत्री भी रहे थे। जदयू में जब नीतीश कुमार दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो उन्हें भी राष्ट्रीय महासचिव का पद दिया। सीएम नीतीश कुमार की पार्टी की एनडीए में वापसी के समय से वह असहज थे और अब सीट बंटवारे में दरभंगा लोकसभा भाजपा के खाते में जाने के आधार पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। अली असरफ फातमी ने अपने लेटर पैड पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिए गये इस्तीफे में लिखा है कि वह मैं नैतिक मूल्यों की रक्षा हेतु जनता दल यूनाइटेड के सभी पदों सहित प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे रहा हूं। अली असरफ फातमी दरभंगा से जनता दल और राजद से चार बार सांसद रह चुके हैं। इतना ही नहीं राष्ट्रीय जनता दल से जीतने के बाद उन्हें शिक्षा राज्य मंत्री भी बनाया गया था। पिछले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा उन्हें टिकट नही मिलने से नाराज होकर उन्होंने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ले ली थी। जानकारी के मुताबिक अली अशरफ फातमी 21 मार्च को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। चर्चा यह भी है कि राष्ट्रीय जनता दल उन्हें मधुबनी के लिए टिकट देकर चुनाव लड़वाना चाहती है। उनके राजद में शामिल होने की चर्चा कई दिनों से चल रही है।

# पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

## रालोजपा प्रमुख ने भाजपा पर नाइंसाफी का लगाया आरोप

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी रालोजपा के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा रामविलास को पांच सीट देने का ऐलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी और खासतौर से मेरे साथ नाइंसाफी हुई है। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे। लोकसभा में लोक जनशक्ति पार्टी के छह सांसदों में से कुछ समय पहले तक पारस को पांच सांसदों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन प्रेस वार्ता में उनके साथ इनमें से कोई नहीं था। सूत्रों के मुताबिक कुछ सांसद अन्य दलों के साथ चुनाव लड़ने की संभावना तलाश रहे हैं जिनमें पारस से अलग राजनीति कर रहे उनके भतीजे चिराग पासवान की लोजपा (राम विलास) भी शामिल है। पारस बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले विपक्षी गठबंधन के साथ हाथ मिलाने की संभावना पर विचार कर सकते हैं और हाजीपुर सीट से अपने भतीजे चिराग के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। निवर्तमान लोकसभा में वह हाजीपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चिराग पासवान ने भी आगामी चुनाव में इस सीट से लड़ने का संकेत दिया है जिसे उनके दिवंगत पिता राम विलास पासवान के प्रभाव वाला क्षेत्र



## संक्षिप्त खबरें

### वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को किया पुरस्कृत




फतुहा। मंगलवार को प्रखंड के जेठुली स्थित बेथम ए.पी.जे. एकैडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे कार्टूनिस्ट व पत्रकार अमरेन्द्र एवं स्कूल के निदेशक विनय जायसवाल के द्वारा सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें जुनियर वर्ग में टॉपर रितिका कुमारी एवं सीनियर वर्ग में टॉपर कोमल कुमारी सहित अन्य सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया। वहीं स्कूल के निदेशक विनय जायसवाल द्वारा अतिथियों अंगवस्त्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्टूनिस्ट व पत्रकार अमरेन्द्र ने बताया कि सफल छात्र सफलता को बरकरार रखें और जो पिछड़ गए हैं उन्हें ज्यादा परिश्रम करना होगा।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

फतुहा। होली को लेकर पचरुखिया थाना परिसर में मंगलवार को एसएचओ गुड्डी गुप्ता के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुड्डी गुप्ता ने शामिल ग्रामीणों से शांतिपूर्ण होली भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की तथा कहा कि होली के रंग को बदरंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि होली के पूर्व संध्या से ही विशेष पुलिस बल के द्वारा गश्ती करायी जाएगी। साथ ही उन्होने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों से आचार-संहिता को भी पालन करने की अपील की। इस मौके पर एसआई सुजीत कुमार मिश्रा समेत कई गांवों के ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### मौनिया घाट से वृद्ध का शव बरामद

फतुहा। मंगलवार की सुबह नदी थाना पुलिस ने स्थानीय मौनिया घाट से एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद किया है। वृद्ध की पहचान नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। वृद्ध का शव देखने से प्रतीत होता है कि वह किसी के अंत्येष्टि क्रिया में भाग लेने के लिए फतुहा पहुंचा था लेकिन किसी बीमारी से ग्रसित रहने के कारण उसकी मौत हो गयी। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार के मुताबिक मृतक की पहचान कराए जाने की कोशिश की जा रही है।

### नारी तुझे सलाम कार्यक्रम का आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत महिला कल्याण संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को खगौल स्थित अधिकारी क्लब में ह्यनारी तुझे सलामह्न कार्यक्रम का अयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह में महिला कल्याण संगठन दानापुर की अध्यक्षा शालिनी चौधरी ने 67 महिला रेल कर्मचारियों एवं स्काउट गाइड के कैडट को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर महिला कल्याण संगठन दानापुर की सचिव पूजा मिश्रा व मीनाक्षी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मतदाता जागरुकता अभियान

पटना सिटी (प्राकि)। गुलजारबाग स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएनएस की ओर से मतदाता जागरुकता का आयोजन किया गया। इसे लेकर पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली प्राचार्या प्रोडॉ इला की अध्यक्षता व एनएसएस प्रभारी प्रो डॉ सबीहा अहसन के संचालन में हुआ। प्राचार्या ने बताया कि वोट के महत्व से अवगत कराने के लिए यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

### पिस्टल, गोली व मैगजीन के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार



पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने दो लोगों को पिस्टल, गोली और मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भैंसानी टोला मुहल्ला में अंकित कुमार उर्फ भोमा के घर पर छापेमारी की गई। भोमा और नदी थाना के सबलपुर निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से एक पिस्टल, दो गोली, दो मैगजीन और दो मोबाइल बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को चकमा देकर एक अपराधी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लूट और आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।

# होली व रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस, दिलाया शपथ

## डीजे व तेज आवाज भोंपू पर रोक, गश्ती में रहेगी सख्ती

पटना सिटी, प्रात: किरण संवाददाता



अनुमंडल के गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में होली को लेकर शांति समिति की बैठक गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में मंगलवार को हुई। इसमें एसडीओ गुजंन सिंह, एएसपी शरथ आरएस एवं पटना सिटी के नवपदस्थापित डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार शामिल हुए।

एसडीओ ने शांति समिति के सदस्यों को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के कारण होली एवं रमजान को देखते हुए जिला में धारा 144 प्रभावी है। इसका अनुपालन करते हुए 24 मार्च को होलिका दहन की रात्रि के समय बेवजह सड़कों पर घूमने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन के समय आयोजकों द्वारा लाउडस्पीकर एवं डीजे बॉक्स बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उत्तेजित नारा लगाने एवं हुड़दंग करने वालों पर प्रशासन की कड़ी निगाह होगी। होली पर गंगा नदी में एसडीआरएफ की टीम के द्वारा गश्ती की जाएगी। साथ ही हर थाना में अगिनशामक गाड़ी मौजूद रहेगी। होली के दूसरे दिन मटका फोड़ आयोजकों को अपने-,अपने थाना स्तर से अनुमति लेनी होगी। अनुमति नहीं लेने एवं छोटे बच्चों को मटका फोड़ कार्यक्रम में शामिल करने वाले आयोजकों पर कार्रवाई होगी। होली मिलन समारोह आयोजन करने के लिए थाना में आवेदन देना होगा तथा राजनीतिक भाषण एवं आम नागरिकों को लाभ पहुंचाने वाली बातें नहीं होनी चाहिए। होलिका दहन में आम रास्ता एवं बिजली के लटके हुए तार का ख्याल रखना होगा। होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हालिका दहन के दिन हर स्थल एवं चौक-चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। एसडीओ ने सभागार में सभी शांति समिति के सदस्यों को हाथ उठा कर लोकसभा चुनाव के मतदान में भागीदारी की शपथ दिलाई। बैठक में पार्षद बैजू लाल दास, डॉ विनोद अवस्थी, राजेश शुक्ला टिल्लू, गणेश कुमार, रामजी योगेश, अंजू सिंह, मनोज शर्मा, शाहिद अंसारी, रेणुका कुशवाहा, बसी अख्तर, संजय मालाकार, राजेश शुक्ला टिल्लू, फिरोज हसन, प्रफुल्ल पांडेय, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार मुन्ना, संजय अलबेला, अवधेश कुमार सिन्हा आदि शामिल हुए।

# शहीद कामेश्वर सिंह को जेपी सेनानियों ने दी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि

## पानी पीने दौरान 1974 में पुलिस की लगी थी गोली

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। 19 मार्च, 1974 आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण गोली चलाई गई थी। इस घटना में पादरी की हवेली चर्च के पास नल पर पानी पी रहे छात्र को गोली लगी। इससे उसकी मौत हो गई थी। उसी छात्र शहीद कामेशवर सिंह की याद में हर वर्ष 19 मार्च को जेपी सेनानी संघर्ष समिति के द्वारा जेपी सेनानी एकजुट होकर शहीद उक्त शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जेपी सेनानियों ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से शहीद छात्र कामेशवर सिंह के परिवार का पता कर जेपी सेनानी पेंशन देने और शहीद स्थल का जीर्णोद्धार करने की मांग की है। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिन्ह और संचालन महासचिव शंभू प्रताप सिंह ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में समिति के उपाध्यक्ष डॉ एकबाल अहमद, विजय कुमार सिंह, देवेन्द्र प्रसाद सिंह, रघुनाथ प्रसाद, वीरेन्द्र सिंह, मंटू कुमार, रामनाथ सुमन, मो काजिम, मो कासिम चांद, एस सबीहउद्दीन अहमद, मेहर कुमार आजाद, मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित हो उन्हें श्रद्धा के फूल अर्पित किया और उनकी याद में जयकारा किया।

# खाटू नरेश श्याम बाबा के दरबार में अनेक ने मत्था टेक भजन पर झूमे

## श्रई बिहारी जी मिल्स परिसर में प्रसाद भंडारा में उमड़े भक्त, निशान शोभायात्रा आज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट पटना सिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 20वां रंग रंगीला फागुन महोत्सव का आयोजन मालसलामी स्थित श्री बिहारी जी मिल्स परिसर में मंगलवार को किया गया। खाटू वाले श्री श्याम प्रभु का भव्य रूप से अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति, निशान उत्सव, 56 भोग अलग छटा बिखेर रहा था। आचार्य विनय मिश्रा की देखरेख में मुख्य यजमान पंकज एवं नीलम साह जोड़े के साथ पूजा-अर्चना शुरू किया गया। बाबा श्री श्याम को रोली, अक्षत, चंदन, पुष्प, इत्र आदि के साथ पूजा-अर्चना की गई। भजन संध्या में ग्वालियर के मनोज शर्मा और नई दिल्ली की प्रेरणा मित्तल के द्वारा भजनों की रस गंगा बहाई गई। झांकी के साथ नृत्य नाटिका की प्रस्तुति हुई। इसके साथ देर रात तक भजनों पर भक्त झूमते, नाचते और तालियां बजाते रहे। दरबार में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव सहित बिहार सरकार के अनेक मंत्री, वार्ड पार्षद विनोद कुमार, अंजली राय, मनोज मेहता, पुलिस प्रशासन के अधिकारीगणों ने हाजिरी लगाई। बाबा के भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आए भक्तों का श्री बिहारी जी मिल्स के प्रबंधक रमन प्रकाश साह, भरत साह, गौरव साह, विवेक साह व नारायण साह ने स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक मनीष हरलालका व कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को प्रातः निशान पूजन के साथ विशाल निशान शोभायात्रा श्री बिहारी जी मिल से निकलकर मालसलामी, मारूफगंज, हाजीगंज, झाऊगंज, मछरहट्,टा खाजेकलां, पानी टंकी होते हुए वापस चौक के राजा बाबू की गली स्थित श्री श्याम मंदिर में समाप्त होगी। इसके स्वागत में दर्जनों तोरण द्वार के साथ विभिन्न संगठनों ने स्वागत करने का निर्णय लिया है। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण नासिक का बैंड रंग-बिरंगे 1001 निशान ध्वज, हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड पार्टी के साथ श्री श्याम प्रभु पालकी में सवार रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अमर अग्रवाल, सचिव दिलीप डिडवानिया, प्रदीप जैन, संजीव देवड़ा, मनोज खेतान, गोपी शर्मा, सोनू बेरिवाल, राजू सुल्तानिया, राजकुमार गोयनका सहित श्री श्याम सेना के सदस्य सक्रिय रहे।

# होली मिलन समारोह आयोजित



पटना सिटी (प्राकि)। सुदर्शन किड्स में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी राजेश बल्लभ और प्राचार्य गौतम सिंह ने किया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने होली गीत पर नृत्य किया।अभिभावकगण भी इसमें भाग लिए। इसमें अनेक तरह का खेल कराया गया। मौके पर सिम्मी, प्रगति, अनुष्का, अंकित राज, आयंश, स्वाति, सिमरन आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं में मार्गेट, साहिना, शालिनी, मुस्कान, ब्यूटी का सहयोग रहा। प्राचार्य गौतम सिंह ने बच्चों को गुलाल लगा कर आशीर्वाद दिया व होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टॉफी दिया गया।

# प्रारंभिक विद्यालयों में 25 को होने वाली परीक्षा अब 30 मार्च को

## बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी किया आदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग एक से पांच एवं छह से सात के छात्र-छात्राओं का 25 मार्च को वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की तिथि में संशोधन कर दिया गया है। इस संबंध में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सुगंधा ने 19 मार्च को जारी पत्र संख्या 1348 में कहा है कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग एक से चार एवं छह से सात के सभी छात्र-छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन 2024 परिषद के प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में 21 मार्च से 28 मार्च की अवधि में करने को निर्देशित किया गया है। अपरिहार्य कारणों से प्रसंगाधीन पत्र के शेष आदेश एवं समय सारणी को यथावत रखते हुए 25 मार्च को पहले और दूसरी पाली में क्रमशः गणित एवं पर्यावरण/ सामाजिक ज्ञान के आयोजित होने वाली परीक्षा को 25 मार्च के स्थान पर 30 मार्च को आयोजित करने के लिए निदेशित किया जाता है। इस पर राज्य परियोजना निदेशक का भी अनुमोदन प्राप्त है। विदित हो कि हिन्दी दैनिक प्रातःकिरण ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दरअसल सबसे बड़ी बात यह थी कि होली वाले दिन 25 मार्च को भी दो पाली में परीक्षा आयोजित की गई थी। 22 को प्रदोष व्रत होगा। 24 को व्रत की पूर्णिमा होगी। रात 10.27 भद्रा के बाद होलिका दहन किया जाएगा। 25 मार्च को स्नान ध्यान की पूर्णिमा व रंगोत्सव तथा दिन के 11.31 पर चैत्र कृष्ण प्रतिपदा (दूसरे दिन प्रदोष काल में प्रतिपदा का अभाव होने से) होली मनाया जाएगा। ऐसे में होली के दिन परीक्षा लेने शिक्षक/शिक्षिका और परीक्षा देने छात्र-छात्राएं कैसे पहुंच पाएंगे, यह चिंता का विषय बना हुआ था। मगर अब 25 मार्च को दोनों पाली में होने वाली परीक्षा को 30 मार्च को आयोजित किए जाने के आदेश के बाद शिक्षकों के साथ छात्रों ने भी राहत की सांस ली है।

### छपी खबर का हुआ असर


प्राथमिक विद्यालयों में 25 मार्च होली के दिन दो पाली में परीक्षा

शिक्षक के साथ छात्र-छात्राएं परेशान, होलिका दहन के दूसरे दिन कैसे होगी परीक्षा

# मिशन अन्नपूर्णा के तहत स्व. ओपी साह की याद में फ्री राशन वितरित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इसी मूल मंत्र के साथ दानवीर भामाशाह पुत्र समाजसेवी स्व ओपी साह ने गरीबों के दिल में अपनी अमिट छाप छोड़ दी थी। उन्होंने कारोना काल में जिस प्रकार घर-घर तक राशन पहुंचाने का कार्य किया, वह एक मिसाल है। आज भी उनके परिवार के द्वारा अनेक समाजोपयोगी कार्य किए जा रहे हैं। पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। शहर में जल की व्यवस्था हो या महिलाओं को आत यह उनके प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि है। उक्त बातें मंगलवार को मारवाड़ी महिला समिति की पटना सिटी शाखा द्वारा आयोजित स्वर्गीय ओपी साह की पुण्य स्मृति में आयोजित मिशन अन्नपूर्णा योजना द्वारा श्री बिहारी जी मिल्स प्रालि द्वारा प्रायोजक श्री जल्ला हनुमान मंदिर बेगमपुर में राशन सामग्री वितरण समारोह में वार्ड पार्षद तारा देवी ने कही। मुख्य अतिथि मारवाड़ी महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष उर्मिला साह, उषा साह व रेडक्रॉस सोसाइटी की सचिव तारा झुनझुनवाला उपस्थित थीं। समारोह की अध्यक्षता करते शाखा अध्यक्ष विनीता डोकानिया ने कहा कि उनकी संस्था को हमेशा बिहारी जी मिल का सहयोग मिलता रहता है। आगतों का स्वागत सचिव पूजा माखडिया ने किया। इस दौरान सचिव ने बताया कि गरीब एवं असहायों के बीच हर व्यक्ति को पांच किलो आटा प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष शोभा गुप्ता, इंदु अग्रवाल, संगीता झुनझुनवाला, पूनम झुनझुनवाला, रितु अग्रवाल, सीमा गोयल, रीता ककरानिआ, काजल सिंघानिया, नीता राठी, मिथिलेश जायसवाल, प्रफुल्ल पांडेय आदि उपस्थित थे।

# ट्रक में मिला 94 कार्टन में 813 लीटर विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

## चालक सीट के पीछे व ऊपर लकड़ी बॉक्स में था रखा, कार, ट्रक व तीन मोबाइल जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बाइपास थाना की पुलिस ने खरुनियां बागीचा के कबाड़ी दुकान के पास छापेमारी कर ट्रक पर लदे 94 कार्टन में लगभग 813 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। ट्रक सहित एक टाटा नेक्सान कार और तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाइपास थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर पर गश्ती में रहे सअनि ललन कुमार ने छापेमारी की। पुलिस को देखते ही ट्रक पर से एक और कार से दो लोग निकल कर भागने लगा। मगर तत्पर रही पुलिस ने के कार तीनों को दबोच लिया। ट्रक की जांच करने के दौरान विभिन्न कंपनियों के कुल 94 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया गया। इसमें 813 लीटर विदेशी शराब मिला है। इसकी कीमत लगभग तीन लाख रुपए जताई गई है। पुलिस ने इस मामले में छपरा के दरियापुर थाना के बारवे गांव निवासी नंदकुमार राय पिता शंकर राय, आलमगंज थाना क्षेत्र के चैलीटाल काजीबाग पुरानी प्रणामी मंदिर का रहने वाला ऋषभ कुमार उर्फ रिशु पिता स्व दीपक कुमार और मीरशिकार टोली शेरशाह पथ का वासी सोनू कुमार उर्फ प्रभात कुमार पिता नरेश प्रसाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से तीन मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने वहां पर रहे कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शराब को भी ट्रक में बनाए गए विशेष तहखाना में रखकर लाया गया था। इसमें चालक सीट के पीछे और चालक सीट के ऊपर छत में बने लकड़ी के बॉक्स में शराब के कार्टून को रखा गया था।

**कार से शराब बरामदः** अगमकुआं थाना की पुलिस ने भूतनाथ रोड में एक कार से शराब बरामद किया है। उक्त कार में 57 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। चौक व मालसलामी थाना क्षेत्र में शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने 418 लीटर देसी शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

# छात्रों के स्वास्थ्य के लिए अलमेंडाजोल सही दवा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार मारवाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन के नेतृत्व में कृमि मुक्ति दिवस (पखवारा) मंगलवार को मनाया गया। उन्होंने कहा कि कृमि से संबंधित बीमारी के लिए अलमेंडाजोल दवा, जो सरकार के द्वारा छात्रों को निःशुल्क दी गई है, कृमि उन्मूलन के लिए कारगर दवा है। लगभग 400 छात्रों को दवा की खुराक दी गई। साथ ही लोकसभा चुनाव पर छात्रों के बीच बीएलओ नेक आलम ने चर्चा की और एक-एक मत कितना महत्वपूर्ण है, बताया और कहा कि यह संदेश अपने माता-पिता, रिश्तेदार और पड़ोसियों को भी देना और बताना है। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार पाल व डॉ शीला कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन विक्रम कुमार सिंह ने किया।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। आज मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

### हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के लिए राजद की चुनाव प्रभारी बनी मंजू सिंह



पटना। लोकसभा चुनाव का शंखनाद होते ही राजद की महिला विंग एक्शन में आ गई है और चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में राजद के महिला प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने सभी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए प्रभारी की नियुक्त शुरू कर दी है ।हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से मंजू सिंह को लोकसभा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। मंजू सिंह इससे पहले महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए गोपालगंज और शिवहर की भी प्रभारी रह चुकी हैं। मंजू सिंह को हाजीपुर संसदीय क्षेत्र की प्रभारी बनाये जाने के बाद उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। हाजीपुर के लोगों के द्वारा मंजू सिंह को बधाई देने का सिलसिला जारी है।

# आयुक्त कार्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की हुई बैठक

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। कुमार रवि, आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना-सह-अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति, पीएम केन्द्रीय विद्यालय, कंकड़बाग की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी, पटना-सह-नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति, पीएम केन्द्रीय विद्यालय, कंकड़बाग शीर्षत कपिल अशोक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना संजय कुमार, शिक्षाविद रंजन कुमार, आर. के. डी. कॉलेज, पटना वि. वि., राजकुमार नाहर, सहायक निदेशक, दूरदर्शन पटना, डी. एन. मिश्र, संयुक्त सचिव योजना एवं विकास विभाग पटना, के. के. सिंह, कार्यपालक अभियंता उढहऊ एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य एम. पी. सिंह ने प्रमंडलीय आयुक्त के साथ ही समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं विद्यालय विकास के लिए आवश्यक एजेंडा को पी. पी. टी. के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसपर क्रमवार आयुक्त महोदय का निर्देशन तथा जिलाधिकारी एवं अन्य सदस्यों के द्वारा सुझाव दिया गया जिससे विद्यालय की प्रगति त्वरित गति से हो सके। इसमें विद्यार्थियों के लिए आवश्यक कमरों एवं सभागार का निर्माण, बालवाटिका के बच्चों के लिए कमरे एवं अन्य उपस्करों की व्यवस्था विषय पर चर्चा हुई। साथ ही विद्यालय द्वारा और अधिक गुणवतापूर्ण परीक्षा परिणाम लाने एवं अन्य दैनिक गतिविधियों के सफल संचालन हेतु आवश्यक विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। आयुक्त रवि एवं समिति के उपस्थित सदस्यों के द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सार्थक विचार दिया गया। आयुक्त ने बच्चों के सम्यक विकास हेतु विभिन्न खेलों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।

### महावीर घाट पर तीन से 80 बोरा चुलाई शराब जब्त, एक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मोबाइल पर मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने महावीर घाट पर छापेमारी कर तीन नाव पर रहे देसी चुलाई शराब बरामद किया है। इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि आलमगंज थाना क्षेत्र के महावीर घाट पर तीन नाव पर शराब आ रहा है। इसके बाद उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। श्री अजीत के साथ अवर निरीक्षक सोनम कुमारी, सअनि विद्यानंद, सिपाही तथा होमगार्ड के जवानों को भेजा गया। महावीर घाट पर खासा इंतजार के बाद नाव महावीर घाट के किनारे जाकर लगी। उक्त तीनों नाव से 80 बोरा में रहा करीब 3200 लीटर चुलाई शराब को बरामद किया गया है। एक व्यक्ति हाजीपुर के चौकिया का रहने वाला संतोष महतो को गिरफ्तार किया गया है। से पूछताछ की जा रही है।

# नालंदा मेडिकल कॉलेज में प्रतियोगिता का दौर जारी



प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (पटना सिटी)। नालंदा मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को क्विज और दमशरद प्रतियोगिता किया गया। इसमें एनएमसीएच, पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एम्स, एनएससीएमसीएच के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोडॉ उषा कुमारी, प्रोडॉ रश्मि प्रसाद, प्रोडॉ मोती लाल दास, डॉ संजय कुमार शर्मा, डॉ जेबा आलम, डॉ शिल्पी रंजन, डॉ संध्या कुमारी और छात्र और छात्राएं उपस्थित थीं। इसमें प्रथम स्थान एनएमसीएच के अनिरुद्ध कुमार, प्रियंका भारती, रश्मि कुमारी, दूसरा स्थान पीएमसीएच के आदित्य अमन, गौरव मित्तल, कुमार गौरव, तीसरा स्थान एनएमसीएच के जुशार, विद्या और विकास की टीम रही। इसमें पांच कालेज एम्स, एसएनएमसीएच, आईजीआईएमएस, डीएमसीएच और एनएमसीएच ने भाग लिया। डंभाराडस बातों में अंजली सिंह, सना शमीम, रोहित कुमार और शिवानी कुमार विजयी रहीं।

## मंगल पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग का पदभार किया ग्रहण, दिए निदेश

# सुदूर इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाएं

- सभी अस्पतालों में ओपीडी सुविधाओं का अनुश्रवण करें
- अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था हो
- दवा आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करें



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री पांडेय ने वरीय अधिकारियों के साथ विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विभाग में पदभार ग्रहण करने के बाद श्री पांडेय सबसे पहले स्वास्थ्य भवन पहुंचे। इस दौरान विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और स्वास्थ्य सचिव संजय कुमार सिंह समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। श्री पांडेय ने समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को राजधानी से लेकर गांवों तक स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि दवा आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करें और मरीजों को अधिक से अधिक मात्रा में दवा उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों को बाहर से दवा नहीं खरीदनी पड़े। साथ ही सभी अस्पतालों में ओपीडी सुविधाओं का अनुश्रवण करने का भी निर्देश दिया। श्री पांडेय कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम ग्रामीण सुदूर इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाएं। सभी स्तर के अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था का निर्देश देते हुए श्री पांडेय ने कहा कि मौजूदा दौर में संचार क्रांति के इस युग में डिजिटल सेवा से भी ईलाज को उन्नत करने का प्रयास करें। श्री पांडेय ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि किसी भी सेवा या कार्य में टीम भावना का होना आवश्यक होता है। आप सभी टीम भावना से कार्य करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच को धरातल पर उतारने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

# पूर्व मंत्री रघुनाथ गुप्ता का नोएडा में निधन, शोक संवेदनाओं का तांता

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व एमएलसी रघुनाथ गुप्ता का उनके नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 79 साल के थे और काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह नोएडा के सेक्टर-51 में रहते थे। मूल रूप से बिहार के पूर्वी चंपारण स्थित मोतिहारी निवासी रघुनाथ गुप्ता जयप्रकाश नारायण द्वारा 1974 में छात्र आंदोलन को संचालित करने के लिए बनाई 11 सदस्यीय संस्थापक समिति के सदस्य भी थे। इस समिति का नाम बिहार प्रदेश छात्र संघर्ष समिति रखा गया था। उन दिनों रघुनाथ गुप्ता ने छात्र हितों के लिए बढ़चढ़ कर काम किया। वे बिहार विधान परिषद के सदस्य और बिहार सरकार में मंत्री रहे। आपातकाल के दौरान उन्हें 19 महीने की जेल यातना भी सहनी पड़ी थी। साल-2014 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उन्हें बिहार में पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था, हालांकि वे चुनाव हार गए। रघुनाथ गुप्ता के बेटे अभिषेक गुप्ता ने बताया, सोमवार देर रात पिताजी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार पूर्वी चंपारण, बिहार में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

विप सभापति ने जताया दुख : बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने बिहार के पूर्व मंत्री व पूर्व सदस्य रघुनाथ गुप्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मूल रूप से बिहार के पूर्वी चंपारण स्थित मोतिहारी निवासी रघुनाथ गुप्ता जय प्रकाश नारायण द्वारा 1974 में छात्र आंदोलन को संचालित करने के लिए बनाई गई 11 सदस्यीय संस्थापक समिति के सदस्य थे। उन्होंने छात्र हितों के लिए बढचढ कर काम किया। आपातकाल के दौरान उन्हें 19 महीने की जेल यातना भी सहनी पड़ी थी। माननीय सभापति महोदय ने अपने शोक संदेश में कहा की राघुनाथ गुप्ता छात्र जीवन से ही सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## राजद ने उनके निधन पर जताया शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी , नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, सांसद डॉ मीसा भारती , राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी,उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद संजय यादव , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने पूर्व विधान पार्षद सह बिहार आंदोलन के संचालन समिति सदस्य रघुनाथ गुप्ता के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से समाजवादी विचारधारा और बिहार आंदोलन के मजबूत सिपाही को खो दिया है,इनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। इनके निधन से राज्य को अपुरनीय क्षति हुई है। रघुनाथ गुप्ता के निधन पर नेताओं ने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना और हमदर्दी का इजहार किया। और कहा कि ईश्वर परिवार को सहनशक्ति प्रदान करे।

# रोजगार हमारे लिए राजनीतिक व्यवसाय नहीं, बल्कि प्राथमिकता है: जदयू

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बिहार में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि आज लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है, लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही है और उन नौजवानों के चेहरे पर मुस्कान छायी है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार देना हमारी सरकार के लिए राजनीतिक व्यवसाय नहीं, बल्कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्राथमिकता है। ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा और प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने कही। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के शासनकाल में राज्य का विकास सरकार की पूंजी है। उन्होंने कहा कि आज विकास सूचकांक के मामले में बिहार पूरे देश में आगे है साथ ही देश में रोजगार देने के मामले में हमने कीर्तिमान स्थापित किया है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच की बदौलत हमलोगों ने राज्य में रोजगार को विकसित किया है और राज्य के युवाओं का बेहतर भविष्य हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में आज विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई के लिए बड़े पैमाने पर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। समाज के कमजोर वर्ग के छात्र-छात्रों को पढ़ाई के लिए छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि सरकार मानव संसाधन को तैयार करती है, उनके भविष्य की चिंता करती है और उन्हें रोजगार देकर उनको बेहतर भविष्य देती है। उन्होंने कहा राज्य सरकार युवाओं को नए-नए प्रशिक्षण देती है जिससे वो बेहतर तरीके से खुद को तैयार कर सकें। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं ने विरोधी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दलों के लिए रोजगार व्यवसाय है, और वो रोजगार के नाम पर युवाओं के साथ धोखा करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के शासनकाल में रोजगार व्यवसाय नहीं है बल्कि प्राथमिकता है जिसके दम पर आज हम लाखों युवाओं के भविष्य को बेहतर बना रहे हैं।

# हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो...



- निशान शोभा यात्रा में लगे बाबा के जयकारे
- भक्तो को श्याम बाबा का दिया गया प्रसाद
- अखण्ड ज्योति पाठ तथा रात्रि जागरण का आज होगा आयोजन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

श्याम फागुन महोत्सव के दूसरे दिन शक्तिधाम सेवा न्यास के तत्वावधान में मंगलवार को विशाल निशान ( ध्वज ) शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस निशान शोभा यात्रा में महिलाये रंग बिरंगे परिधान में एवं पुरुष श्याम बाबा का केशरिया दुपट्टा ओढ़े हुए थे। हांथों में निशान ( ध्वज )लिए श्याम भक्तों का यह कारवां पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ पुष्पविहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह 10:30 प्रारम्भ हुआ। निशान शोभा यात्रा प्रारम्भ होते ही गुलाब जल का छिड़काव करते हुए फूलों की वर्षा की गयी एवं गुलाल उड़ाते हुए बहुत ही अनोखे ढंग से सुसज्जित श्याम बाबा के रथ को निकाला गया। शोभा यात्रा में भक्तजनो द्वारा गाये जा रहे मेरे सर पे रख दे हाथ बाबा हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो आये है दिन फागण के ,आये है दिन नाचण के बीत गए दिन सावन के ऐसे भक्तिमय गीतों की स्वर लहरी पूरे वातावरण को भक्तिमय कर रहा था। श्याम बाबा को समर्पित भजन कीर्तन से माहौल श्याममय हो रहा था। शोभा यात्रा में लाल, पीले, गुलाबी परिधानों में सजी धजी महिलाओं के अलावे युवाओं का भी उत्साह देखते बन रहा था। करीब हजारों की संख्या में भक्तों ने अपने अपने हांथों में निशान ( ध्वज ) उठा रखे थे।यात्रा में आगे आगे रथों पर ओम प्रकाश पोद्दार थे एवं शोभा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भक्तो को ठंडा पानी , शर्बत एवं फल इत्यादि दिया जाता रहा। निशान शोभा यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट, एक्जीविशन रोड से होते हुए भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या, विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित शक्तिधाम मंदिर पंहुचकर समाप्त हुआ। बाबा के जयकारे के साथ शक्तिधाम मंदिर में श्याम बाबा का निशान अर्पण करने का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। भक्तो को श्याम बाबा का प्रसाद दिया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया की पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार 20 मार्च को दिन में दस बजे सुबह से अखण्ड ज्योति पाठ तथा 9:30 रात्रि से रात्रि जागरण का आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि आज के समारोह में अमर अग्रवाल , पी के अग्रवाल, जे पी तोदी, ओम पोद्दार, शंकर शर्मा, रमेश मोदी, सज्जन चौधरी, पवन भगत, मनीष मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रदीप पंसारी, अक्षय अग्रवाल , निर्मल अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, अनुसूईया खेतान, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# पारस ने एनडीए छोड़कर अच्छा किया : तेजप्रताप

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति पारस के केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद राजद उनका महागठबंधन में स्वागत के लिए तैयार है। राजद के नेता और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मंगलवार को कहा कि उनको पहले ही एनडीए छोड़ देना चाहिए था। एनडीए में तो नाइंसाफी होती ही है। उन्होंने एनडीए छोड़कर अच्छा काम किया। पशुपति पारस के महागठबंधन के साथ आने के सवाल पर तेज प्रताप ने कहा कि अगर वे महागठबंधन में आते हैं तो हमलोग उनका स्वागत करेंगे। मैं तो सबसे पहले उनका स्वागत करूंगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरी भविष्यवाणी है, 2025 में भारतीय जनता पार्टी खत्म है। इससे पहले एनडीए में रालोजपा को बिहार में एक भी सीट नहीं मिलने से नाराज पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। हमने ईमानदारी से एनडीए की सेवा की है। इसके बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पारस अब महागठबंधन के साथ जा सकते हैं।

# नालंदा विवि के विद्यार्थियों ने किया आईसीसीसी का शैक्षणिक भ्रमण

- कॉम्पोनेंट्स के बारे में प्राप्त की जानकारी, उपयोगिता को सराहा



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

नालंदा यूनिवर्सिटी के प्रबंधन के विद्यार्थियों ने पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया और आईसीसीसी के सारे कॉम्पोनेंट्स के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं इसकी उपयोगिता को काफी सराहा। आईसीसीसी के विभिन्न कंपोनेट्स के कार्यप्रणाली को समझा एवं जानकारी प्राप्त की कैसे इन सब के द्वारा कैसे शहर के बेहतर प्रबंधन में इनका इस्तेमाल किया जा रहा है ।ये भी जाना कि कैमरे द्वारा किस प्रकार चालान काटा जा रहा है इसकी भी जानकारी प्राप्त। विशेषकर इमरजेंसी कॉल बॉक्स कैसे आमजन के लिए आपातकाल स्थिति में सहायक हो रही है इसकी भी जानकारी प्राप्त की एवं कहा की इससे पटना एवं पटना आने वाले सब लोग लाभान्वित होंगे। बता दें कि उन्हें श्टऊ के बारे में भी बताया गया की कैसे जागरूकता के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने कहा कि इससे लोगों को सुविधा होगी एवं प्रशासनिक तौर पर भी शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने में मदद मिल रही है साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से शहर का बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है। भ्रमण के लिए आये विद्यार्थियों में म्यांमार, कंबोडिया, श्रीलंका, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, भूटान एवं बांग्लादेश से नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ने आये विद्यार्थी भी शामिल थे। नालंदा विश्वविद्यालय की डीन प्रोफेसर सपना नरूला के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आईसीसीसी का शैक्षणिक भ्रमण करने आये। इस मौके सीईओ पटना स्मार्ट सिटी मोहम्मद शमशाद , सीएफओ पटना स्मार्ट सिटी प्रवीण कुमार सिंह एवं पटना स्मार्ट सिटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# रोजगार मतलब नीतीश कुमार का गूंज रहा है नारा : उमेश

- कहा- नौकरी के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे हैं तेजस्वी



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि रोजगार मतलब नीतीश कुमार के नारे पूरे प्रदेश में लग रहा है। श्री कुशवाहा ने बताया कि लालू-राबड़ी के 15 साल में सिर्फ 33 हजार 499 शिक्षकों की बहाली हुई थी जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विगत 18 वर्षों के शासन में 5 लाख 61 हजार शिक्षकों की नियुक्ति हुई है और यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर चल रही है। अपने शासनकाल की चर्चा करने का साहस राजद के पास नहीं है लेकिन जनता सबका हिसाब और सब कुछ याद रखती है। श्री कुशवाहा ने आरोप लगाया कि पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव नौकरी के मुद्दे पर सूबे की जनता में झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। जबकि युवाओं को नौकरी देने में उनकी कहीं कोई भूमिका नहीं थी। राजद के तत्कालीन शिक्षा मंत्री अपने जिम्मेदारियों के प्रति कितने सजग और संवेदनशील थे यह बात भी जगजाहिर है। साथ ही उन्होंने कहा कि बेहतर होता अगर तेजस्वी प्रसाद यादव अपने माता-पिता के कार्यकाल में हुए बहाली का लेखा-जोखा भी बिहार की जनता के समक्ष रखने की हिम्मत जुटा पाते परंतु झूठ और दुष्प्रचार के सहारे ही राजद अब तक अपनी राजनीतिक गाड़ी को खींच रही है, इसके अलावे राजद के पास दूसरा कोई राजनतिक हथियार नहीं है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि बिहार की जनता उनके भ्रम और दुष्प्रचार का शिकार बनेगी। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनता की होशियारी के आगे विपक्ष का नापाक मंसूबा कभी सफल नहीं होगा।

# मंजू सिंह को हाजीपुर लोकसभा के चुनाव प्रभारी की कमान

## राजद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



पटना/हाजीपुर। लोकसभा चुनाव का शंखनाद होते ही सियासी हलचल तेज हो गई है। सभी सियासी दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। राजद भी सक्रिय मोड में है। राजद के महिला विंग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। राजद के महिला प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने प्रत्येक संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव प्रभारी को नियुक्त की है। इसी कड़ी में हाजीपुर से मंजू सिंह को लोकसभा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। बताते चलें कि इससे पहले वो महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए गोपालगंज और शिवहर की भी प्रभारी रह चुकी हैं। हाजीपुर संसदीय क्षेत्र की प्रभारी बनाये जाने के बाद उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। हाजीपुर के लोगों के द्वारा बधाई का सिलसिला जारी है। मनोज राय, रणधीर राय,सुबोध राय, निशा,अंजू देवी, निभा कुमारी, मुकेश पासवान, सतीश पासवान, मनोज दास,धीरज दास सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# उपेंद्र कुशवाहा ने 40 सीटों पर जीत का किया दावा



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक सीट मिलेगी, इस बात की पूरी संभावना थी। एनडीए के सीट बंटवारे में इसकी घोषणा भी हुई। इसके बाद भी महागठबंधन की नजर उपेंद्र कुशवाहा पर थी कि वहीं वह भी इसका प्रतिकार नहीं करें। मंगलवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के साथ अपनी तस्वीर शेयर की। उन्होंने बिहार की 40 सीटों पर एनडीए की जीत का भरोसा जताया। कुशवाहा पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले उन्होंने अचानक एनडीए छोड़ दिया था। लोकसभा चुनाव 2019 में वह महागठबंधन के साथ मैदान में थे। इस बार सीएम नीतीश कुमार के पहले उन्होंने एनडीए का दामन थामा और अब सीट बंटवारे में एक सीट मिलने पर भी धैर्य के साथ जुड़े नजर आ रहे हैं।

# बिहार की चालीसों सीट पर होगी एनडीए की जीत: राजीव रंजन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है लेकिन विपक्षी दलों के सुर-ताल अभी भी मेल नहीं खा रहे हैं। इनके गठबंधन की हर पार्टी अभी भी दूसरे की पीठ में छूरा घोंपने में लगी हुई है। उम्मीदवार ढूंढना तो दूर अभी तक इनमे सीट बंटवारे को लेकर भी बात नहीं बन पायी है। यह दिखाता है कि न तो इनमें आपसी सहयोग है और न ही आपसी विश्वास। दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन हर मामले में इनसे दो कदम आगे दिख रहा है। जनता भी उनके हर कदम एनडीए के साथ खड़ी है। घटक दलों के आपसी सहयोग और जनविश्वास को देखते हुए बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की सीट तय हो चुकी है। वहीं विपक्षी दलों को एक-एक वोट के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए को लेकर हर सीट से सकारात्मक रुझान सामने आ रहे हैं। वहीं विपक्षी दलों की मौकापरस्ती और परिवारवाद को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। हालात यह है अधिकांश सीटों पर तो विपक्ष की हालत ढंग से खड़े होने लायक भी नहीं है। इन्हें एनडीए को ढंग से चुनौती देने वाले उम्मीदवार तक नहीं मिल पा रहे हैं। यही वजह है कि इनका मनोबल पूरी तरह से गिर चुका है, जिसकी छाप इनके बयानों में साफ नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि वास्तव में विपक्षी दलों के पास आगामी चुनाव को लेकर न तो कोई नीति है और न ही साफ नियत। इनका हर दल किसी न किसी खानदान या व्यक्ति विशेष की जागीर है। वहीं हर दल के युवराज घमंड में चूर हैं। इसी के कारण यह न तो एक दूसरे का सम्मान करते हैं और न ही इनके कार्यकताओं में आपसी सहयोग की भावना है। एजेंडाविहीन इन दलों का एकमात्र मकसद अपने प्रमुख खानदानों की जमींदारी को बचाए रखना है। इसी की मजबूरी में यह एक दूसरे के साथ खड़े हैं। जनता जानती है कि इनकी एकता ताश के पत्तों की तरह है जो एक झोंके से भरभरा कर गिर जायेगी।

# नीतीश कुमार के साथ खड़ा है अकलियत समाज :अशरफ

## कहा-फातमी ने पार्टी के साथ किया विश्वासघात



पटना। पूर्व केन्द्रीय मंत्री मो अली अशरफ फातमी के इस्तीफे पर जनता दल यू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशरफ हुसैन, विधानपार्षद खालिद अनवर, विधानपरिषद के पूर्व सभापति सलीम परवेज, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नौशाद आलम एवं पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने संयुक्त रूप से बयान दिये एवं मो अली अशरफ फातमी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मो अली अशरफ फातमी जदयू के साथ विश्वासघात करने का काम किए हैं और जनता उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में जरूर सबक सिखाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया, उनके बेटे को चुनाव लड़ने का मौका दिया फिर भी उन्होंने छल करने का काम किया। सभी ने कहा कि उनके जाने से हमारी पार्टी और हमारे नेता पर कोई राजनतिक असर नहीं होगा। उन्हें समाज की कोई चिंता नहीं है। वे सौदा करने में माहिर हैं, और हमेशा से यही उनकी राजनीति का चरित्र रहा है। संयुक बयान देते हुए उन्होंने कहा कि अकलियत समाज माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के साथ मजबूती से खड़ी है। अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अनेकों कल्याणकारी योजनाओं का निर्माण एवं उनका क्रियान्वयन किया। जिसकी वजह से अकलियत समाज समाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त हुआ है। दगा देने वालों को जनता लोकसभा चुनाव में माकूल जवाब देगी। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मौजूद मो मेजर हैदर इकबाल, मो अबिद, मो अफरोज, मो अशरफ अंसारी, मो अब्दुल बांकी आदि मौजुद थे।

## स्वीप आइकॉन ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



पटना। जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर सतत मतदाता स्वीप जागरूकता अभियान के तहत पटना जिले की मतदाता जागरूकता आइकॉन एवं बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कुम्हरार क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उनके नेतृत्व में मृदंगम स्कूल ऑफ म्यूजिक में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने शपथ लिया कि - हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में चुनाव आइकॉन डॉ नीतू कुमारी नवगीत के साथ संस्थान की निदेशक नीलम कर्ण, अन्य फैकल्टी मेम्बर आदि उपस्थित रहे।

### अब अयोध्या की तरह चमकेगी माता सीता की धरती : मोदी

पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने कहा है कि बिहार में एनडीए सरकार की वापसी के मात्र 45 दिन बाद मां सीता की जन्मभूमि सीतामढी के पुनौराधाम को विकसित करने के लिए 50 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का निर्णय सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने की दृष्टि से बड़ा निर्णय है। सुशील मोदी ने कहा कि मंदिरों को गुलामी का प्रतीक बताने और अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने वाले राजद के सत्ता में रहते सीतामढ़ी का विकास बिल्कुल नहीं हो पाता। कांग्रेस, राजद और पूरे इंडी गठबंधन ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का बहिष्कार किया था। डिप्टी सीएम रहते तेजस्वी यादव ने यह कह कर राम-भक्तों की आस्था पर चोट की थी कि बीमार पड़ने पर कोई मंदिर नहीं जाता। उन्होंने कहा कि राम-विरोधियों के सत्ता से हटते ही पुनौराधाम के विकास के लिए 72 करोड़ 47 लाख रुपये खर्च करने की योजना को मंजूरी मिल गई। अब वहां अयोध्या की तरह भव्य सीता मंदिर बनेगा, सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को स्तरीय बनाया जाएगा और इस धर्म स्थल को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएगा। इससे उत्तर बिहार की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी।

# भाजपा और आरएसएस को चुनाव में सबक सिखाएंगे किसान : उमेश



पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारत के किसान आंदोलन को अलगाववादी-आतंकवादी करार देने की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले किसान आंदोलन के बहाने देश में अराजकता फैलाने की कोशिशें फिर से शुरू हो गई हैं। आरएसएस ने ये टिप्पणी 15-17 मार्च को नागपुर में हुए अपने राष्ट्रीय वार्षिक प्रतिनिधि सभा सम्मेलन में पारित रिपोर्ट में कहा है। इस रिपोर्ट को आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले द्वारा प्रस्तुत किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा और उसके प्रमुख घटक किसान महासभा ने देश के किसानों से 2024 के लोकसभा चुनाव में किसान-मजदूर विरोधी और देश के संशाधनों की कारपोरेट लूट कराने वाली भाजपा-आरएसएस को सबक सिखाने की अपील की है। उमेश सिंह ने आरोप लगाया की आरएसएस और भाजपा ने 2020 से शुरू हुए भारत के ऐतिहासिक किसान आंदोलन को तोड़ने और उसे अराजक बनाने पर पूरी ताकत लगा दी थी। लेकिन देश और पंजाब के किसानों की सूझबूझ ने आरएसएस भाजपा के षडयंत्रों को हर बार विफल किया है। आरएसएस का एक मात्र काम इस देश में जनता के बीच साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ाना रहा है। उमेश सिंह ने कहा कि आरएसएस की छत्र छाया में चल रही सरकार ने कारपोरेट के हाथों देश के संशाधनों व संपत्तियों को लुटाने और उस लूट से चुनावी बांड के नाम पर अपना हिस्सा लेने का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। लेकिन अब देश के किसानों मजदूरों ने कारपोरेट लूट को बढ़ाने के लिए विभाजन की राजनीति करने वाली भाजपा-आरएसएस को पहचान लिया है। इस बार लोकसभा चुनाव में इन दोनों ताकतों को किसान मजदूर सबक सिखाएंगे, और देश की सत्ता से इन्हें बेदखल कर ही दम लेंगे।

# एनडीए की जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगे : मांझी



पटना। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने केन्द्रीय मंत्री पशुपति पारस के इस्तीफा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पशुपति पारस एनडीए के वफादार सिपाही नहीं थे। सिपाही को जो आदेश मिलता है। उसका पालन करता है। लेकिन उन्होंने एनडीए का आदेश नहीं माना। वह कभी इधर की बात करते थे। कभी उधर की। इसलिए हम अपने समाज से यही कहेंगे कि को वे एनडीए के सच्चे सिपाही नहीं थे। वहीं उन्होंने गया सीट मिलने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश के गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा है कि अगर हमें एक भी सीट नहीं मिलता। तब भी हम पूरे निष्ठा के साथ भाजपा के साथ रहते। उन्होंने कहा की हमने 1980 में एक बार टिकट माँगा था और टिकट मिला भी था। इसके बाद हमने कभी मंत्री और मुख्यमंत्री का पद नहीं माँगा। इसके बावजूद सब मिला। मांझी ने कहा की जब सीएम नीतीश ने पार्टी मर्ज करने को कहा तो हम अलग हो गए। इसके बाद दो दिन बाद भी दिल्ली बुलाया गया। जब विधानसभा में कुछ कहा तो प्रधानमन्त्री ने इस गंभीरता से लिया। दुनिया का लोकप्रिय नेता हमें इतना तरजीह देता है। मांझी ने कहा की हमारे पास 10 प्रतिशत वोट का दम हैं। जहाँ कहेंगे वहां यह वोट जायेगा। एनडीए को 40 सीट बिहार में मिले। इसके लिए हम सारा शक्ति लगा देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिलेखागार के दो कर्मी निलंबित

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अभिलेखागार के 2कर्मियों को निलंबित कर दिया है।निलंबन की यह कार्रवाई नकल देने के बदले रुपये मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद की गई है। लिपिक सुशील कुमार व परिचारी अनिता देवी पर निलंबन के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। वरीय उप समाहर्ता प्रभारी, जिला राजस्व अभिलेखागार, मुजफ्फरपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, लिपिक सुशील कुमार एवं कार्यालय परिचारी अनिता देवी द्वारा नकल देने के एवज में पैसा मॉगने की बातचीत का विडियो है। उक्त आरोप के क्रम में वरीय उप समाहर्त्ता प्रभारी, जिला राजस्व अभिलेखागार, मुजफ्फरपुर द्वारा दोनो कर्मियों के विरूद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। निलंबन अवधि में सुशील कुमार, लिपिक का मुख्यालय प्रखंड कार्यालय, सरैया, एवं अनिता देवी, कार्यालय परिचारी का मुख्यालय अनुमंडल कार्यालय, पूर्वी, मुजफ्फरपुर निर्धारित किया गया है।वरीय उप समाहर्त्ता प्रभारी, जिला राजस्व अभिलेखागार, मुजफ्फरपुर को आदेश दिया गया है कि पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर सुशील कुमार, लिपिक एवं अनिता देवी, कार्यालय परिचारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु प्रपत्र ष्कष् में आरोप पत्र गठित कर साक्ष्य सहित जिला स्थापना प्रशाखा, मुजफ्फरपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### पैक्स अध्यक्ष के असामयिक निधन पर शोक

मुजफ्फरपुर।मोतीपुर प्रखंड अंतर्गत कोरिगावां पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के सक्रिय कार्यकर्ता सर्वेश कुमार मुन्ना का आज अहले सुबह दिल्ली के एम्स में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे लगभग 50 वर्ष के थे। स्वर्गीय मुन्ना कोरिगावां पंचायत के पैक्स अध्यक्ष थे, वहीं उनकी पत्नी अर्चना उक्त पंचायत से मुखिया है। स्वर्गीय मुन्ना के निधन की खबर सुनते ही पूरे समाज में शोक की लहर फैल गई है। स्वर्गीय मुन्ना लोकप्रिय, मृदु भाषी एवं प्रखर समाजसेवी थे। उनके असामयिक निधन पर भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के अध्यक्ष, व पूर्व मंत्री अजित कुमार समेत फ्रंट के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र में होली और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस के जवानों ने एक फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का आयोजन शांति और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था।फ्लैग मार्च गायघाट थाने से शुरू होकर शिवदाहां, बरुआरी, जारंग पूर्वी पंचायत के विभिन्न मार्गो से होते हुए विभिन्न बाजारों और महत्वपूर्ण स्थानों से गुजरा और अंत में थाने पर आकर समाप्त हुआ। इस दौरान, पुलिस ने जनता को शांतिपूर्ण चुनाव और होली मनाने का संदेश दिया। थाना अध्यक्ष पुरषोत्तम यादव ने बताया की फ्लैग मार्च के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से सजग और सक्रिय हैं। जनता से अपील की गई कि वे भयमुक्त होकर अपना मतदान करें और होली का त्योहार भी शांति और आनंद के साथ मनाएं। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस अधिकारी और जवानों ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और शांति के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इस तरह के फ्लैग मार्च न केवल शांति बनाए रखने में मदद करते हैं, बल्कि जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करते हैं।

### पुलिस ने शराब के साथ कारोबारी को किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दो विभिन्न जगह से प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन लीटर शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान खरसंड पूर्वी गांव के राजा राम मंडल के पुत्र कमल कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी गिरफ्तार पुर्व शराब काण्ड के नामजद कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान झहुरी गांव के मुकेश कुमार व अजना गांव के चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को जेल भेजा जा रहा है।

### मारपीट की घटना में आठ लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी लोगों की पहचान खरसंड पूर्वी गांव के इंदु देवी एवं सुशीला देवी और कल्याणपुर गांव के रेहाना खातून जख्मी के रूप पहचान किया गया है। तो वहीं दूसरी ओर चकमेहसी थाना क्षेत्र कुढवा गांव के नसीम परवीन, रूबी खातून, नजमा खातून और जैनुल खातून जख्मी है। सभी जख्मी लोगों को इलाज के लिए परिवार की मदद से पीएचसी भर्ती कराया गया। वहीं कल्याणपुर प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

# रात में मां ने आवाज देकर खाने के लिए बुलाया था, आ जाता तो बच सकती थी राजकपूर की जान

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रहमतपुर चौर में बदमाशों के द्वारा एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक का शव एक गेहूं के खेत से बरामद किया गया है। चौर में शव मिलने की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पोखरैरा पंचायत के सिलौत गांव के चकसेन टोला निवासी अर्जुन पासवान के पुत्र राजकपूर पासवान (20 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना उपरांत पहुंची पुलिस ने शव को जब्तकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दलबल के साथ पहुंची मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद के द्वारा घटनास्थल का मुआयाना किया गया और घटना के सम्बन्ध में परिजनों से जानकारी ली गई। डीआईयू की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा सुधीर कुमार पासवान ने बताया कि राजकपूर हर रोज घर के पास स्थित पुलिया पर बैठा करता था। घटना की रात भी वह आठ बजे पुलिया पर अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। जब उसकी मां ने उसे खाने के लिए आवाज लगाया तो उसने कहा था कि वह थोड़ी देर में आता है। इसके बाद सभी लोगों ने सोचा कि वह थोड़ी देर में आ जाएगा। लेकिन जब वह काफी देर तक नहीं आया तो घर वालों को बैचेनी होने लगी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह में चौर में एक शव मिलने की जानकारी के बाद जब परिजनों ने जाकर देखा तो उन्होंने शव की पहचान राजकपूर के रूप में की। सुधीर कुमार पासवान ने बताया कि किसी के द्वारा उसकी गला रेट कर हत्या की गई है। रहमतपुर वार्ड दो के चौर स्थित घटनास्थल पर गेहूं के खेत में लगभग आधे कट्ठे की गेहूं की फसल पूरी तरह से बर्बाद हुआ पड़ा था। लोगों ने अनुमान व्यक्त करते हुए आशंका जताई कि गला रेतने से पहले बदमाश के साथ राजकपूर की हाथापाई और उठापटक हुई होगी। उसने हत्यारों के चंगुल से बचने का पुरजोर प्रयास किया होगा। गेहूं की बर्बाद फसल इसकी कहानी बयां कर रही थी। घटनास्थल के पास खून के निशान फैले हुए थे। संभावना जताई जा रही है कि हत्यारों की संख्या दो या दो से अधिक रही होगी। हालांकि पुलिया पर उसके साथ बैठें तीन लड़के घटना की रात से ही गायब बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान कर उन्हें बुलाने का प्रयास कर रही है। उसके बाद उनसे घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की जाएगी। राजकपूर तमिलनाडु में रहकर मोटिया मजदूरी का काम किया करता था। 10 दिन पहले ही वह वहां से अपने घर आया था। उसके पिता अर्जुन पासवान घर पर ही मजदूरी करते हैं। परिवार में उसकी मां पांच बहन और उसके पिता हैं। पांच बहनों में एक बहन की शादी हो चुकी है। उसके एक और बहन की शादी को लेकर परिवार के लोग प्रयास कर रहे थे। लोग दबी जुबान में पूर्व में हुए एक लड़की प्रकरण की चर्चा भी कर रहे थे। वहीं एक ई-रिक्शा चालक से भी विवाद की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वहीं इसको लेकर एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिया पर बैठें उसके दोस्तों की पहचान की जा रही है। जानकारी मिली है कि वे सभी घटना की रात में ही कहीं दूसरे जगह चले गए हैं। उनको बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। उनसे पूछताछ की जाएगी और जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## नंदना गैस कांड के पीड़ित परिवार को मिला 16 लाख का मुआवजा

### पूरा परिवार गैस सिलेंडर विस्फोट से हो गया था खत्म

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। तीन बर्ष पूर्व जिले के चर्चित नंदना गैस कांड मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग की पहल पर बिहार सरकार के आपदा कोष से पीड़ित को 16 लाख रुपए का मुआवजा मिल चुका है। इसकी जानकारी पीड़ित अशोक साह ने आज दी। विदित हो कि 13 सितंबर 2021 को जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के नंदना गाँव निवासी अशोक साह के घर पर खाना बनाने के क्रम में गैस सिलेंडर विस्फोट करने से अशोक साह का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। इस भीषण हादसे में अशोक साह की पत्नी- शोभा देवी, पुत्री - दीपांशी कुमारी, पुत्र - अजीत कुमार एवं विवेक कुमार बुरी तरह से जल गये। ईलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। इस सम्बंध में मीनापुर थाना में यू.डी. कांड संख्या - 21/21 दर्ज किया गया। इस पुरे मामले को लेकर मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा ने बिहार मानवाधिकार आयोग पटना के समक्ष एक याचिका दायर की थी, जिसपर आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा द्वारा बिहार सरकार को नोटिस जारी किया गया था। तत्पश्चात बिहार सरकार ने अपना जबाव आयोग में दाखिल किया। अधिवक्ता एस. के. झा ने आयोग को बताया कि पीड़ित अशोक साह अपना पूरा परिवार खो चुका है, अब उसके पास कुछ भी शेष नहीं है। उसको फिर से अपने नये जीवन को शुरू करने के लिए बिहार सरकार के आपदा कोष से अविलम्ब मुआवजा मिलना चाहिए, जिस पर आयोग द्वारा गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया और अधिवक्ता एस. के. झा के मंतव्य को जिला प्रशासन के पास भेज दिया गया। तत्पश्चात मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को 16 लाख रुपए देने के सम्बन्ध में आयोग के समक्ष कागजात दाखिल किया। उसके बाद मुआवजे की राशि पीड़ित अशोक साह के बैंक खाते में जिला प्रशासन द्वारा भेज दी गई। अब पीड़ित अशोक साह फिर से अपनी नई जिंदगी की शुरूआत कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने आज अपने अधिवक्ता एस. के. झा के पास आकर उनको धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। अधिवक्ता एस. के. झा ने बताया कि इस प्रकार के लोगों की मदद हर हाल में होनी चाहिए, क्योंकि जिस व्यक्ति ने अपना सब कुछ खो दिया, उसकी मदद अगर नहीं होगी, तो मानवता तार - तार हो जाएगी और मानवाधिकार के कोई मायने ही नहीं रह जाएँगे।

## पुलिस ने गुप्त सूचना पर शराब देशी चुलाई के साथ एक तस्कर गिरफ्तार




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला की ग्राम नजीरपुर में एक शराब कारोबारी देशी चुलाई शराब बनाने व रखकर बिक्री करने का कार्य कर रहा है सूचना की सत्यापन करने पहुंचे रहिका थाना पुलिस ग्राम नजीरपुर तो शराब कारोबारी पुलिस की वाहन देखते ही भागने लगा तो पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया। पकड़ाए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम तेजनारायण यादव उर्फ तेजू यादव ग्राम नजीरपुर थाना रहिका जिला मधुबनी बताया। रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 29 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध उत्पाद मद्द निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त शराब मामले में पूर्व में जेल जा चुका है।

## निजी क्लीनिक का संचालक डॉक्टर बनकर करते हैं इलाज

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा शहर के अल्लपट्टी मुहल्ले स्थित दर्जनों निजी नर्सिंग होम है ,जो बिना लाइसेंस फल फूल रहा है ।जहां ऐसे नर्सिंग होम को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोई लाइसेंस प्राप्त नहीं है। ऐसे क्लिनिक में ना तो कोई अनुभवी कर्मी रहते हैं ,ना हीं डॉक्टर है।डॉक्टर के जगह क्लिनिक के संचालक डॉक्टर बनकर मरीज को देखते हैं। तस्वीर में देख रहे हैं की क्लिनिक संचालक डॉक्टर के कुर्सी पर बैठे हुए जिसके सामने आला रखकर अपने आप को डॉक्टर घोषित कर मरीजों को देखते हैं। बताया जाता है कि इन संचालक के द्वारा नर्सिंग होम को इतना हाई-फाई बनाकर रखते हैं कि किसी को भी आशंका नहीं होती है कि यह नर्सिंग होम बिना लाईसेंस एवं डॉक्टर के बिना चल रहा है जबकि ऐसे क्लिनिक में जो सरकार के द्वारा महिलाओं के गर्भपात पर सख्त पाबंदी है के बावजूद भी ऐसे क्लिनिक में गोरख धंधा की जाती है और मरीजो का आर्थिक शोषण की जाती है ।सूत्रों का मानना है कि ऐसे क्लीनिक पर दरभंगा जिला पदाधिकारी के द्वारा टीम गठित कर जांच एवं छापामारी की जाए तो जिले में सैकड़ो नर्सिंग होम का भंडाफोड़ हो सकता है।

## लौकही के अटरी गाँव में अन्नप्रासन का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी लौकही प्रखंड स्तर पर समुदाई में पोषण संबंधित परामर्श को गति देने के लिए प्रखंड लौकही के अटरी पंचायत में पोषण पखवारा के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों में आज अन्नप्रासन का आयोजन आँगनवाड़ी केंद्र संख्या 155 पर किया गया। इस अन्नप्रासन का मुख्य उद्देश्य समुदाई स्तर पर लोगों के बीच पोषण के विषय में परामर्श के माध्यम से जागरूकता फैलाना और बच्चों के कुपोषण दर में कमी लाना है। छ महीने तक बच्चों को सिर्फ और सिर्फ स्तनपान एवं छ महीने के बाद उपरी आहार का परामर्श सामु दाई को अन्नप्रासन के माध्यम से दिया गया बच्चों के छ महीने पूरे हो जाने पर 2-3 चम्मच अच्छी तरह से मसला हुआ खाना 2-3 बार देने और धीरे-धीरे मात्रा बढ़ाने की जानकारी दी गई 6-9 महीने तक भोजन की मात्रा में बीबी ढ़ता बढ़ाने एवं अनाज, हरे पत्तेदार सब्जियां, फल, घी, तेल, अंडा, मांस, मछली खिलाने का परामर्श दिया गया 9-12 महीने के बच्चों को 1 कटोरी खाना दिन में तीन से चार बार देने एवं आँखों की रौशनी तेज करने के लिए विटामिन अ का घोल पिलाया जाना बातचीत की गई । इस मौके पर समाज कल्याण विभाग से महिला प्रबेछिका चंद्राकिरण कुमारी, पिरामल स्वास्थ्य से प्रोग्राम लीडर पंकज कुमार, पंचायत की आँगनवाड़ी सेविकाएं रानी कुमारी, पिंकी कुमारी, भारती देवी, अंजू देवी, मंजू देवी, नसीमा खातून, रूबी कुमारी, सबाना खातून, राज कुमारी देवी, सहायिका सोभा देवी, बेचनी देवी एवं पी आर आई सदस्य वार्ड मेंबर मो एजाज अहमद अंसारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।समुदाई में पोषण हेतु जागरूकता फैलाने के लिए अन्नप्रासन के माध्यम से एक नया कदम उठाने के लिए यह महत्वपूर्ण अन्नप्रासन का आयोजन सम्पन्न हुआ।

## मिथिलांचल में पहली बार कैंसर पीड़ित मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मिथिलांचल में पहली बार गाल में कैंसर का कमांडो ऑपरेशन कर जिले का नाम रौशन किया है एमएस हॉस्पिटल के सर्जन डॉ रिजवान अहमद एवं उनकी टीम ने। बता दें की जिले के धरमपुर पंजाबी कॉलोनी स्थित एएमएस हॉस्पिटल में कपूरीग्राम के चकअब्दुल गनी गांव निवासी राजेन्द्र पासवान उम्र 36 वर्ष के दाहिने गाल के कैंसर के जख्म जिसे कमांडो ऑपरेशन भी कहते हैं। डॉ रिजवान अहमद (हेड, नेक सर्जन) तथा पटना के विशेषज्ञ जेनरल सर्जन डॉ. मुस्तेहसन, बेहोशी के डॉक्टर शुशील कुमार ओटी टीम एवं अन्य स्टाफ के द्वारा 17 मार्च को सफलतापूर्वक वृहत पाँच घंटे के ऑपरेशन को सफलता पूर्वक एएमएस हॉस्पीटल पंजाबी कॉलानी धर्मपुर समस्तीपुर में सम्पन्न किया गया। मरीज राजेन्द्र पासवान की पत्नी खुदनी देवी ने बताया कि हमलोगों को पूर्व से ही डॉ रिजवान अहमद पर पूर्ण विश्वास है इनके ही ईलाज से हमारे पति का ईलाज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। उन्होंने बताया कि ईलाज को लेकर कहाँ कहाँ नही गए पर सभी जगह निराशा ही मिला थक हारकर गए तब मैं डॉ रिजवान अहमद के यहां अपने पति को ईलाज के लिए भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टर ने कैंसर का सफल ईलाज कर मेरे पति को नई जिंदगी दिया है।

## एईएस से बचाव हेतु जागरुकता बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के गायघाट प्रखंड के लक्ष्मण नगर पंचायत में एईएस को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत मुखिया अनामिका देवी ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चमकी बुखार (एईएस) के रोकथाम और समय पर इलाज के उपायों पर चर्चा किया गया।आयोजन में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम, जीविका सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्होंने चमकी बुखार के लक्षणों, इसके प्रसार के कारणों और इससे बचाव के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में विशेष रूप से अंकेश कुमार राणा, सीएचओ और पिरामल फाऊंडेशन के जिला प्रतिनिधि इफ्तिखार अहमद खान ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। उन्होंने चमकी बुखार के खिलाफ जागरूकता और रोकथाम के उपायों पर अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान, ग्रामीणों को चमकी बुखार के खतरों और इसके इलाज के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के महत्व पर बल दिया गया। आयोजन का समापन एक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने चमकी बुखार के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का वादा किया। बताया की आयोजन से ग्रामीण स्तर पर चमकी बुखार के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम में मदद मिलेगी।

## होली एवं लोकसभा चुनाव के मद्देजर मद्यनिषेध विभाग ड्रोन से रख रही पैनी नजर

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा-सचिव, मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग तथा जिलाधिकारी, दरभंगा के आदेशानुसार उपायुक्त मद्यनिषेध, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा दीनबन्धु के पर्यवेक्षण में एवं सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, दरभंगा श्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में मद्यनिषेध विभाग ड्रोन के माध्यम से ग्रामीणों क्षेत्रों में अवैध शराब निमार्ता, भंडारणकर्त्ता, कारोबारियों पर नजर रखी हुई है। इसी कड़ी में मद्यनिषेध विभाग द्वारा मनोरथा, बरछीया, कल्याणपुर, रमसल्ला, अम्माडीह एवं अन्य क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से छापामारी कर अवैध जावा-गुड़ का पास/ अर्द्धनिर्मित शराब करीब 62,875 किलो तथा 138 लीटर चुलाई शराब घटनास्थल पर जप्त/विनष्ट किया गया। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, दरभंगा द्वारा बताया गया की होली पर्व एवं लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर मद्यनिषेध विभाग पूरी तरह तैयार है, जिले के किसी भी शराब निमार्ता, कारोबारियों को बख्शा नही जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी है, बिहार राज्य में अवैध शराब की बिक्री एवं स्वामित्व दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की गहन जाँच की जा रही है।

## कल्याणपुर में नए डीएसपी ने दिया योगदान

कल्याणपुर, समस्तीपुर। समस्तीपुर सदर एसडीपीओ 2 विजय महतो ने कल्याणपुर में बुधवार को योगदान दिया है। नए डीएसपी ने योगदान के बाद कल्याणपुर थाना का दौरा किया है। नए परिसीमन में कल्याणपुर, चकमेहसी, वारिसनगर, खानपुर व मथुरापुर थाना क्षेत्र निर्धारित है। जिसमें कल्याणपुर मुख्यालय बनाया गया है। इन्हीं सब थाना क्षेत्र में कार्यो के लिए इनको यहां योगदान कराया गया है।

## बहादुरी के लिए गृह रक्षक को किया गया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी थाना अंतर्गत बैंक लूट की नकाम कोशिश के दौरान बहादुरी का परिचय देने वाले गृहरक्षक भोला राय को 21हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।सनद रहे कि विगत 23फरवरी को कॉटी थानान्तर्गत पी०एन०बी० बैंक में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा लूट का प्रयास किया गया था।उसी क्रम में बैंक में सुरक्षा हेतु प्रतिनियुक्त गृहरक्षक भोला राय ने तत्परता के साथ बहादुरी का परिचय देते हुए अपराधकर्मियों से भिड़कर बैंक लूट की घटना को नाकाम कर दिया था। इस क्रम में अपराधकर्मियों द्वारा चलाई गई गोली से बहादुर गृहरक्षक जख्मी हो गये थे जिन्हें इलाज हेतु एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया। इस घटना के महज 36 घंटों के अंदर कांड सफल उद्भेदन भी किया गया था, जिसमें 2 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार द्वारा बहादुर गृहरक्षक भोला राय को प्रशस्ति पत्र एवं नगद 21 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया।पूर्व में भी ईलाज के दौरान श्री राय को करीब 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।श्री राय के चिकित्सीय उपचार में व्यय हुए कुल राशि को पंजाब नेशनल बैंक भी अपने नियमित प्रावधानों के अनुरूप शीघ्र ही मुहैया करायेगी।

## पेपर लीक मामला बिहार के करोड़ों युवाओं व अभ्यर्थियों के साथ धोखा, किया जाए रद्द : राकेश ठाकुर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के द्वारा ली गयी तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र व आंसर लीक मामले में प्रश्न पत्र की छपाई करने वाली एजेंसी और प्रिंटिंग प्रेस पर कार्रवाई किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) के सूत्रों के मुताबिक हजारीबाग में छापेमारी के दौरान सॉल्वर गिरोह के पास मिले प्रश्नपत्र पर बारकोड नहीं मिला है।इससे आशंका जतायी जा रही है कि प्रश्न पत्र छपाई के लिए प्रेस में जाने से पहले या छपाई से पहले ही लीक हुई थी। यह प्रश्न पत्र सॉल्वर गिरोह को पेन ड्राइव में सॉफ्ट कॉपी के रूप में मिला था। शक है कि इसमें परीक्षा संचालन से जुड़ा कोई अहम व्यक्ति शामिल हो सकता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार सरकार शिक्षित युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर रही है।पेपर लीक मामला बिहार के करोड़ों युवाओं एवं अभ्यर्थियों के साथ धोखा व छलावा है। यह सरकार की विफलता का परिचायक है।हर हाल में इस परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए तथा दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई किया जाना चाहिए।

## कुण्डली गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि एवं ध्वजा पूजन किया

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान बाजार स्थित मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार को 28 मार्च से शुरू होने वाले 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि एवं ध्वजा पूजन किया गया। गायत्री मंत्रोच्चारण के बीच मुरारी लाल ने पूरे विधि-विधान के साथ भूमि एवं ध्वजा पूजन किया। चार दिवसीय 24 कुण्डली गायत्री महायज्ञ 28 मार्च से 31 मार्च तक होगा। इस महायज्ञ के प्रथम दिन 28 मार्च को प्रातः 9 बजे मंगल कलश यात्रा एवं शाम 6 बजे से संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। 29 एवं 30 मार्च को गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ,देव आवाहन और प्रवचन तथा 31 मार्च को गायत्री महायज्ञ, गुरुदीक्षा,संस्कार, दीप यज्ञ, पूणार्हुति एवं टोली विदाई का कार्यक्रम होगा। महायज्ञ का मुख्य यजमान के रूप में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद शत्रुघ्न पासवान उर्फ जरूण पासवान एवं मुरारी लाल द्वेय सह पत्नी के साथ भाग लेंगे। कार्यक्रम में दरभंगा जिला गायत्री परिवार के मुख्य वक्ता प्रहलाद एवं अभय प्रवचन कर्ता के रूप में भाग लेंगे। भूमि पूजन समारोह में नरेश दास, दिनेश पौद्दार, सुरेन्द्र चौधरी, शम्भू पंडित, सुरेन्द्र साह, विजय कुमार पौद्दार, चंद्र भूषण चौधरी,महेश ठाकुर राम शंकर पौद्दार, शम्भू साह, गुड्डू महतो,रिंकू चौधरी, पूनम चौधरी,लुड़की देवी, रेणु देवी, आरती देवी सहित कुशेश्वरस्थान गायत्री परिवार के अनेक सदस्य शामिल थे।

## कबाड़ीखाने में मानक सुरक्षा की दृष्टि से मजदूर के लिए कोई मालिक द्वारा व्यवस्था नहीं



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा शहर में सैकड़ो कबाड़ीखाने संचालित है जहां काम करने वाले मजदूर को मानक सुरक्षा की दृष्टि से कबाड़ीखाने के मालिक द्वारा मजदूरों की बचाव एवं सुरक्षा के कोई व्यवस्था नहीं की गई है उल्टे ही मालिकों के द्वारा मजदूरों का शारीरिक एवं आर्थिक शोषण की जा रही है बताया जाता है कि कबाड़ी खाने में काम करने वाले मजदूर को सुबह 8 बजे से लेकर 5बजे शाम तक कबाड़ी खाने में काम करने पर मात्र 170 रुपए प्रतिदिन मजदूरी के रूप में दिए जाते हैं ।मामला अलीनगर मुहल्ले के गोपाल साह पोखर के समीप एक कबाड़ीखाना का है जहां महिला मजदूर शहर के निजी सरकारी अस्पताल में मरीज पर जो सीरीनच का इस्तेमाल की जाती है वह सिरिंच जमा करके कबाड़ी खाने के मलिक के हाथ द्व बेच दी जाती है और उस सिरिंच को इन मजदूरों के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से बिना हाथ में ग्लोब पहनें हुए खुले हाथ से तुड़वाये जाते हैं जिस से हाथ में निडिल चुभ जाने का खतरा बना रहता है जिसके कारण मजदूर कोखतरनाक बीमारी से ग्रसित होने से इनकार भी नहीं किया जा सकता है ।

## चुलाई शराब के साथ 2 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के तेजौल गांव से पुलिस ने 16 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर बाईक पर शराब लोडकर होली में खपाने के लिए लेकर जा रहे थे। गिरफ्तार हुए तस्करों की पहचान बेनीबाद थाना क्षेत्र के भरत नगर गांव के बृजकिशोर राय के पुत्र अनिल कुमार राय व देवेन्द्र राय के पुत्र जितेंद्र कुमार बताया गया है। थाना अध्यक्ष पुरषोत्तम यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की तेजौल गांव में एक बाईक पर देसी शराब लेकर दो तस्कर पहुंचे है। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बाईक सहित पकड़ लिया गया। जब तलाशी ली गई तो बाईक पर प्लास्टिक की गैलन में भरे देसी चुलाई शराब बरामद हुआ। जिसकी मात्रा 16 लीटर है। उन्होंने बताया की दोनों धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डीएसपी ने निकाला फ्लैग मार्च

कल्याणपुर, समस्तीपुर। लोकसभा चुनाव एवं होली में शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था होने को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर नए डीएसपी विजय कुमार महतो के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग थाना से निकलकर मिजार्पुर, पुरुषोत्तमपुर, जटमलपुर, कल्याणपुर चौक, बिरसिंहपुर, वासुदेवपुर, मुक्तापुर होते हुए वापस थाना फ्लैग मार्च आ गया। फ्लैग मार्च के दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। मौके पर प्रशिक्षण डीएसपी सह थाना अध्यक्ष नीतीश चंद्र धारिया, राजन कुमार, शंभू नाथ सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 20 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कई दिनों से गिद्धौर थाने के सामने सड़क पर लगा है ट्रक



जमुई/गिद्धौर गिद्धौर थाने के सामने मुख्य सड़क पर ही जप्त ट्रक पिछले कई दिनों से लगा है। इससे अन्य वाहन चालकों के हादसे का शिकार होने का खतरा बना रहता है,लेकिन इतने लंबे समय बाद भी पुलिस की ओर से इसे नहीं हटाया जा रहा है। जबकि ट्रक के आगे ही सड़क पर रेलवे स्टेशन रोड जाने वाली सड़क है बगल में ही गिद्धौर सेंटर स्कूल व प्रखंड मुख्यालय भी मौजूद है।कई बाईक चालक साइकिल सवार ने बताया कि कई दिनों से ट्रक थाने के सामने खड़ी रहने के कारण दुर्धटना होने की संभावना बनी रहती है। अब इस ट्रक के खड़ा होने से परेशानी और बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार गाय तस्करी को लेकर पुलिस ने पूर्व में ट्रक जप्त किया था लेकिन ट्रक अभी भी सड़क पर ही लगा है। क्योंकि थाने के पास जप्त ट्रक को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।वही कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में लगाने के अलावा कोई जगह नही है। जप्त किए गए ट्रक वाहन को कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम के अलावे सड़क किनारे लगाने के अलावा कोई चारा नहीं है।

### एक शराब तस्कर सहित दो अन्य को भेजा जेल

मुरलीगंज ( मधेपुरा) लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिसिया कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस दौरान थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने बताया कि सोमवार को गस्ती के क्रम मे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी मे पुलिस ने शहर के दुर्गा चौक समीप वार्ड नंबर नौ निवासी गजेंद्र रमाणी के पुत्र भानू कुमार को 20 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही काशीपुर वार्ड नंबर एक निवासी मुन्ना राउत के पुत्र गोविंद कुमार को शराब का सेवन किये हुए पकड़ा गया है। वही दूसरी ओर कोल्हापट्टी पंचायत के वार्ड चार निवासी परमानंद यादव को महिला के साथ छेड़खानी के आरोप मे पकड़कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है। इस दौरान एसआई बिनोद कुमार और जितेंद्र कुमार मौजूद थे।

# अपराधियों ने महिला को मारी गोली मौके पर मौत

● महिला के शरीर पर 04 गोली लगी, 02 गोली पीठ पर धसा हुआ पाया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ककनचौर पंचायत के मगही निवासी तापेश्वर यादव उर्फ संजय यादव की 35 वर्षीय पत्नी पबिया देवी को सोमवार शाम 07:00 बजे के करीब अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दियो मृतक के पति संजय यादव ने बताया कि मैं मोटरसाईकिल पर पत्नी को बैठकर ईलाज करने मटिया बाजार गया थो जहां चिकित्सक के कथनानुसार अल्ट्रासाउंड कराने हेतु जमुई जाना पड़ो फिर अल्ट्रासाउंड करवा कर मटिया पहुंचो पुनः डाक्टर से पत्नी को दिखाकर अपने घर वापस आ रहा था कि बघमा रोड और मगही रोड जाने वाले मुख्य सड़क केनाल ठाकुरायन आहार के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे 7 - 8 अपराधियों एवम एक मोटरसाइकिल पर तीन अपराधियों ने मेरी मोटरसाइकिल का पीछा करने लगो तब मेरी पत्नी ने कहा कि कोई आप का पीछा कर रहा हैतब हमने अपनी मोटरसाइकिल की रफ्तार को तेज कर भागने लगो तभी मोटरसाइकिल पर सवार विजय यादव,पिता हेमन यादव, जितेन्द्र यादव ,पिता हिरामन यादव ने मेरी पत्नी पबिया देवी के पीठ पर एक एक करके दो गोली मारा जो अभी भी पीठ पर धसा हुआ है पत्नी को गोली लगते ही मैं गिरा और भागने लगा,भागते भागते ही मैंने अपने लोगों



को फोन पर घटना की जानकारी दी घर से लोगों को दौड़ते देखकर सभी अपराधी भाग खड़े हुऐ तत्पश्चात मैन लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार को फोन पर घटना की जानकारी दी मौके वारदात पर लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार एस आई प्रभात राय दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया और घटना की जानकारी अपने वरीय अधिकारी को फोन दिए और लाश को कब्जे में लेकर थाना लाऐ लाश का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया गयो मृतक पबीया देवी के शरीर में दो गोली पीठ पर,एक गोली दाहिने जबड़े पर और एक गोली सीने पर अपराधियों ने मारी थीघटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन, एसडीपीओ सतीश सुमन भी घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण कियो निरीक्षण के दौरान पुलिस को घटना स्थल पर दो खोखा भी बरामद हुओ वहीं मृतिका के पति संजय यादव ने बताया कि मैं थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें दस नामजद अभियुक्त बनाया है। ज्ञात हो कि संजय यादव पर ये पहली बार आक्रमण नहीं हुआ।इसके पूर्व भी संजय यादव पर बमबाजी सहित पंचायत चुनाव में गोली कांड हुआ था। जिसमें संजय यादव को सात गोली लगने पर भी ईश्वर ने इन्हें बचा लिया। लेकिन इस दौरान उन्होंने अपना साथी सहित अपना साडू और बहनोई को खोया। संजय यादव को एक पुत्र और एक पुत्री है। पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने एसडीपीओ सतीश सुमन को घटना में नामजद अभियुक्त की गिफ्तारी एवम घटित घटना का सफल उद्भेदन की जिम्मेवारी सौंपी है वहीं एसडीपीओ सतीश सुमन ने थानाध्यक्ष आलोक कुमार को घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और आवश्यक निर्देश दिए हैं अनुसंधान जारी है

## मंदिर निर्माण को लेकर कमेटी ने किया बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

पुरैनी मधेपुरा पुरैनी मुख्यालय पंचायत वार्ड संख्या 1 ग्राम कोयला टोला में बाबा बजरंगबली मंदिर परिसर में टोला वासियों द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर एक आवश्यक बैठक बैठाया गया जिसमें मंदिर के जमीन का पैमाइस कर अतिक्रमण मुक्ति को लेकर निर्णय लिया गया तत्पश्चात हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर सर्व सम्मति से एक स्वर में सबने सहमति प्रदान की। बैठक में मुखिया विनोद काम्बली निषाद ने अंचलाधिकारी पुरैनी के नाम से आवेदन बनाकर सभी से हस्ताक्षर करबाया कि नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कोयला टोला पहुंच पथ सड़क का निर्माण को लेकर जमीन मुहैय्या कराने को लेकर अंचलाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे। बैठक में मंदिर संस्था का सभी हिसाब- किताब करते हुए नए संस्था में सदस्यों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से कोयला टोला निवासी रामस्वरुप सिंह को अध्यक्ष, डा0 गोपाल ठाकुर को सचिव, रंजीत साह को उपाध्यक्ष एवं रामदेव सिंह कोषाध्यक्ष का पदभार मिला। सदस्य के रूप में चानो चौधरी, संजीव सिंह, सोनू सिंह, बुच्चर चौधरी, लक्ष्मण सिंह, संजय ठाकुर, मिथुन सिंह, अशोक सिंह आदि का चयन किया गया बैठक में डोमी साह, महेश्वरी सिंह, कोकाय सिंह, जनार्दन सिंह उर्फ जाने सिंह, विशुनदेव चौधरी, लड्डू चौधरी, कैलाश सिंह, रामानंद सिंह, जीतन चौधरी, महावीर सिंह, नीरज सिंह, योगेंद्र ठाकुर, बोतल साह, सुशील मेहता, मटरु सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जमुई पुलिस लाइन में सीआरपीएफ के 215 बटा ने मनाया 85 वीं स्थापाना दिवस





प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/बरहटः मंगलवार 19 मार्च को 215 बटा० केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सीआरपीएफ का 85वां स्थापना दिवस मनाया। उक्त कार्यक्रम जोगेन्द्र सिंह, मौर्य कमाण्डेन्ट 215 बटा० के दिशा-निर्देश में पुलिस लाइन मलयपुर, जमुई में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर शहीदों को नमन कर किया गया। कमांडेंट जोगेन्द्र सिंह, मौर्य ने बताया कि बहुयामी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व 1939 में हुई तथा देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इसको वर्तमान स्वरूप में लाया गया। एक बटालियन से शुरू हुये इस बल में आज 246 बटालियन, 10 कोबरा बटालियन, 06 महिला बटा०, 05 वी०आई०पी० बटालियन शामिल हैं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के हर कोने में तैनात है, चाहे उग्रवाद व अलगाववाद से ग्रसित जम्मू कश्मीर हो, इन्सर्जेन्सी प्रभावित उत्तर पूर्वी राज्य हों, या नक्सलवाद से लड़ रहे मध्य भारत के राज्य हों। देश की आन्तरिक सुरक्षा को बनाये रखने में इस बल ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की हैं। बल के सैकडों अधिकारियों और जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकरियों व जवानों द्वारा दिखाई गई वीरता, कर्तव्य परायणता, समर्पण व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सभी सुरक्षा बलों में सर्वाधिक पदकों से सम्मानित किये जाने का भी गौरव प्राप्त है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 85 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 215 बटा० के द्वारा आज विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसके तहत रमेश कुमार (उप कमाण्डेन्ट) 215 बटा० एवं अन्य अधिकारियों व जवानों द्वारा बल के शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई तथा जोगेन्द्र सिंह, मौर्य कमाण्डेन्ट 215 बटा० द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष सैनिक सम्मेलन को भी संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने बल की उपलब्धियों, विशेषताओं एवं महत्व पर प्रकाश डाला और बल के कार्मिकों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजना के बारे में भी अवगत कराया। दोपहर बाद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाहिनी के अधिकारियों व जवानों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार (उप० कमाण्डेन्ट), सुभाष कुमार सुमन (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), प्रणव प्रकाश (सहा० कमा०), निरीक्षक / जीडी राजेश कुमार पाल एवं 215 बटा० के अधिनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों में चापाकल के अधिष्ठापन में भारी अनियमितता




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा करीब 1140 चापाकल को अधिष्ठापित किया जा रहा है एक चापाकल वोरिंग कराने एवम समरसेबुल सहित का प्राक्कलन 3,07,000 है जिसमें शुद्ध पे जल हेतु लगभग 45,000 का ग्रेबुल डालने का प्रावधान है, साथ ही साथ 14 डाया में बोरिंग करने का प्रावधान है इसके बावजूद विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त भेंडर या संवेदक मनमानी तरीके से पुराने ही अंदाज में बोरिंग करते जा रहे हैं जो प्राक्कलन के विरुद्ध है।

वहीं जिलाधिकारी राकेश कुमार को विभाग द्वारा अधिष्ठापीत चापाकल में भारी अनियमितता की शिकायत मिलने पर जांच का आदेश जारी कर दिया है जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में समिट करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग जमुई को दिऐ जिसका पत्रांक 588/ 17 मार्च 2024 है जिलाधिकारी राकेश कुमार के जांच का आदेश निर्गत होते ही सकते में शिक्षा विभागे वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कपिलदेव तिवारी ने विद्यालय के कनीय अभियंता पप्पु सहनी को भी कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी है।

## मधेपुरा के बीएनएमयू में सीनेट बैठक के दौरान 10 अरब 35 करोड़ की बजट पारित

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा के बीएन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट की वार्षिक बैठक मंगलवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्ववनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विवि के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10.35 अरब बजट अनुमोदित किया गया। जिसमें आंतरिक श्रोत से कुल अनुमानित आय एक अरब 83 करोड़ 76 लाख 39 हजार 181 रुपए है। जबकि सरकार से 8 अरब 51 करोड़ 92 लाख 41 हजार 806 रुपए दिखाया गया है। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में सत्र अनियमित है। छात्रों की पढ़ाई समय पर पूरी नहीं हो रही है। इसमें सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में अनुकंपा का मामला लंबित है। 8 दिनों के अंदर सभी विश्वविद्यालयों में अनुकंपा की बैठकें होनी चाहिए और मामलों का निबटारा होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के कार्यों में चुस्ती आनी चाहिए, अभी सुस्त हो चुके हैं। जब हम व्यवस्था में सुधार करेंगे तब जाकर आने वाली पीढ़ी हमको दुआ देगी।

## ऐतिहासिक कोनहारा घाट पर 23 को मसान होली महोत्सव के लिए भेजी गई चिताओं की लकड़ियां

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। मसान होली महोत्सव समिति द्वारा कौनहारा घाट स्मशान पर हरिहर क्षेत्र के विभिन्न शमसान घाटों से चीता की जली हुई लकड़ियां ऐतिहासिक कौनहारा श्मशान घाट पर भेजी गई ।

जिससे विशाल चिता सजाई जा रही है ' भारत के सात धार्मिक क्षेत्र में से सबसे बड़ा धार्मिक क्षेत्र हरिहरक्षेत्र के श्मशान कोनहारा घाट पर पिछले 600 वर्ष पूर्व तक श्मशान होली महोत्सव होता था जिसे गुलामी के काल से बंद कर दिया गया था। काशी के मणिकर्णिका घाट से लेकर हरिपुर के कोनहारा घाट तक होने वाली श्मशान होली पुनः कौनहारा घाट में प्रारंभ करने हेतु 108 मन चीता की लकड़ियां इकट्ठा की जा रही है ।इस क्रम में हरिहर क्षेत्र कालीघाट



के मसान की लकड़ियां भी भेजी गई है।

भेजी गई चीता की लकड़ियां से होली महोत्सव हेतु मसान चिता का सजना प्रारंभ हो चुका है। इस ऐतिहासिक मसान होली महोत्सव के उद्घाटन हेतु जगतगुरु शंकराचार्य जी के आगमन की अनुमति प्राप्त हो गई है। देश-विदेश से पूज्य संत की टोली यहां पधारेगी। साथ ही, किन्नर समाज के अलावे संगीत, नृत्य, होली गायन तथा मध्य प्रदेश के महाकाल भस्म आरती की टीम द्वारा भस्म नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।

इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन तथा देशभर से भेजे जा रहे 56 भोग जिसमें आगरे की पेठा, मथुरा का पेड़ा, मनेर के लड्डू ,गया का तिलकुट, पटना सिटी की खुरचन मिठाई, सिलाव का खाजा, सीतामढ़ी की बलशाही जैसे अनेकों प्रमुख मिष्ठान शामिल है । गायत्री परिवार की ओर से सभी लोगों के लिए भंडारा तथा मां तारापीठ सेवा समिति द्वारा और अटूट लंगर की भी व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय माधव सिंह स्मृति सेवा मंच द्वारा तथा इसका प्रायोजक विमल फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन वैशाली जिला विधिक संघ तथा वैशाली जिला चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से किया जा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आए अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की योजना हिंदू जागरण के प्रदेश संयोजक विनोद कुमार सिंह यादव द्वारा किया गया।

## खुरहान मे डाकिनी मंदिर-शाम 6 बजे के बाद पुजारी तक का प्रवेश है वर्जित, वजह जानकर चौंक जाएंगे आप

प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के खुरहान मे डाकिनी मंदिर मे,शाम 6 बजे के बाद पुजारी तक का प्रवेश है वर्जित, मंदिर में सुबह से शाम 6 बजे तक पूजा होती है, और इसके बाद मां डाकिनी मंदिर परिसर में लोगों का आना वर्जित है।पुजारी बताते हैं कि आरती के बाद शाम के बाद डाकिनी माता मंदिर के विशाल परिसर में स्वयं भ्रमण करती हैं।डाकिनी माता मंदिर में बकरे की बलि दी जाती है, जो यहां की अद्वितीय पूजा प्रथा का हिस्सा है।इसके अलावा, यहां सर्वाधिक चढ़ाता हैं लड्डू का भोग, जो एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान को दिखाता है। मंदिर की स्थापना1348 में हुई थी माता डाकिनी, जिन्हें प्रसिद्ध रूप में दुर्गा माता कहा जाता है, इस स्थान पर माता लगभग पौने सात सौ साल से विराजमान हैं।मंदिर के पुजारी, बताते हैं कि उनके परदादा पंडित भयो झा को माता ने स्वप्न में दर्शन



दिए थे, जिसके पश्चात साल 1348 में स्थानीय लोगों की सहायता से यहां मंदिर का निर्माण हुआ। यहां माता के 9वें रूप की पूजा की जाती है, और लोग इस माता को तीन नामों से पुकारते हैं झ माता जंगल वाली, मां डाकिनी, और मां छिन्नमस्तिका।माता जंगल वाली का नाम इसलिए है क्योंकि यहां मां जंगल में निवास करती थीं, जबकि मां छिन्नमस्तिका का अर्थ है जो अपना सर काटकर चढ़ाती थीं। कालांतर का इसका पुनः निर्माण किया गया। अब पुनः भव्य मंदिर देखने लग रहा है। हालांकि मंदिर बगीचा के प्रांगण में है। तत्पश्चात चारों ओर से सड़क निर्माण किया गया।अब वह मंदिर स्वर्ग के ऐसा दिखने लगा। प्रांगण में प्रत्येक दिन सैकड़ो के भीड़ में जुटे रहते हैं वहां के श्रद्धालु ग्रामीण के सहयोग से बनाया गया भव्य मंदिर। मान्यताओं के अनुसार यहां के पवित्र कुएं से दूध निकालने की घटना हो चुकी है। इस मंदिर का निर्माण में वहां के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भव्य मंदिर निर्माण किया गया। साथी इस मंदिर का धीरे-धीरे प्रचलित होने लगा। मंदाकिनी मंदिर में गाली देने की परंपरा आज तक चल रही है। इस मंदिर में सोमवार एवं शुक्रवार को बली व पूजा करने की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर में कई जिलों से भक्तों पहुंचते हैं। साथ ही मनोकामना पूर्ण होने पर बली दिया जाता है। मंदाकिनी मंदिर में सरकारी योजनाओं का भी लागत लगाया गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि जिस महिलाओं को संतान की प्राप्ति नहीं होती है। सच्चे मन से सच्चे दरबार में पहुंचने से मनोकामना पूर्ण होती है। साथी वही के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की बीमारी हो केस मुकदमा हो किसी भी प्रकार की मन्नत मांगने से मनोकामना पूर्ण होती है। वही इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुआं का जल दूध के सम्मान दिखता है। इस मंदिर का स्थापना 1348 ईस्वी में हुआ था। मगर वहां के ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण किया गया। धीरे-धीरे दूर दराज के लोग इस मंदिर को जानने लगे।

## विहार प्रदेश पंच सरपंच संघ ने बकाया भुगतान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर ।विहार प्रदेश पंच सरपंच संघ ने ज़िलाधिकारी एवं ज़िला पंचायत राज पदाधिकारी वैशाली को आग्रह पत्र समर्पित कर ज़िले ग्रामकचहरियो के पूर्व एवं वर्तमान निर्वाचित जनप्रतिनिधि पंच,सरपंच,उपसरपंच,तथा कर्मी सचिव तथा न्याय मित्रों का वर्षों वर्ष का बकाया व अनुशंसित राशि का शत प्रतिशत भुगतान करने कराने का आग्रह किया है ।पंच सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला,संरक्षक दीपक दानवीर सोनी,अधिवक्ता राहुल अमृत राज,बुल बुल यादव उच्च न्यायालय पटना ने संयुक्त रूप से बताया कि पंचायती राज विभाग विहार सरकार द्वारा 08 फरवरी 2024 को ही सभी 38 ज़िलों के लिए कुल एक अरब बत्तीस लाख रुपये भेजीं जा चूँकि है जिसमें पूर्व का बकाया भी शामिल है पर अबतक प्रशासनिक उदासीनता के कारण भुगतान नहीं हो सका है जवकि हिन्दु मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व होली और रमजान का समय चल रहा है। सामने 31 मार्च क्लोजीग है पिछले वर्ष भी समयावधि के भीतर निकासी नहीं होने के कारण प्रतिनिधि कर्मी को पैसा नहीं मिला दुर्भाग्य और विडंबना है कि ज़िले के लगभग चार हजार से अधिक प्रतिनिधि कर्मी रोज प्रखंड ज़िला का चक्कर लगाकर तंग तबाह परेशान हो रहे हैं।संघ नेताओं ने माँग किया कि अविलंब सत प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा संघ लोक तांत्रिक पद्धति से आन्दोलन चलाने को बाध्य होंगी जिसकी सारी ज़िम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## डी एम, एस पी ने महुआ में निकाला फ्लैग मार्च

प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ ।आगामी लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही जिला प्रशाशन की तरफ से निष्पक्ष चुनाव को लेकर लगातार प्रयास जारी हैं। इस कड़ी में सोमवार की शाम डीएम, एसपी महुआ पहुंचे। महुआ पहुंचने के बाद जिलाधिकारी यशपाल मीना और वैशाली के एस पी हरी किशोर राय ने महुआ अनुमंडल कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए लोकसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए



अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारियों को दिए कई सख्त निर्देश। वही बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को डी एम यशपाल सिंह मीना तथा एसपी हरी किशोर राय ने चुनाव आचार संहिता के पालन सहित कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए इन सभी का सख्ती से पालन कीए जानें को कहा। इस दौरान मीटिंग में एसडीएम चंद्रिमा अत्री,एसडीपीओ सुरभी सुमन,बीडीओ संजीत कुमार,महुआ थानाध्यक्ष अरविंद पासवान,कटहरा थानाध्यक्ष सोनू कुमार,एसएसबी इंस्पेक्टर विवेक पांडेय के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। वही डी एम यशपाल मीना और वैशाली एस पी हरी किशोर राय के नेतृत्व ने महुआ में फ्लैग मार्च निकालते हुए आमजनो से भय मुक्त चुनाव में भाग लेते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने का संदेश दिया।

### एक सौ लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर । वाहन चेकिंग में पुलिकर ने एक बाइक पर प्लास्टिक बोरी में ले जा रहे देसी शराब को जप्त कर एक को गिरफ्तार किया है।जानकारी देते हुए पुअनि मनोज कुमार ने बताया है कि सोमवार को वे दीवा गस्ती में थाना क्षेत्र के बखरी बराई पंचायत भवन चकसिकंदर महुआ रोड के पास सघन वाहन चेकिंग कर रहे थे कि पुलिस गाड़ी देखकर एक बाइक सवार जिस पर बोरी लदा था बाइक घुमाकर भागने लगा।जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया।जब बोरी की तलाशी ली गई तो 10/10 लीटर के पॉलिथीन में कुल 100 लीटर देसी चुलाई शराब पाया गया।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। आज मुख्यालय, हाजीपुर में रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

## सतर्क रहते हुए संरक्षा सुनिश्चित करने वाले कर्मियों को किया गया पुरस्कृत



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे का परिचालन पूरी तरह संरक्षा के मानकों के तहत हो और यह यात्रियों के लिए पुरी तरह सुरक्षित हो सके, इसके लिए सोनपुर मंडल का संरक्षा विभाग लगातार प्रयासरत रहता है। इसके लिए समय- समय पर रेलखंडों का निरीक्षण किया जाता है तथा संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों की काउंसलिंग की जाती है एवं उनके कार्यों को जांच परखा जाता है। आज सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद द्वारा मंडल कार्यालय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में संरक्षा के क्षेत्र में दिसंबर एवं जनवरी माह में विशिष्ट कार्य करने वाले मंडल के कुल 18 रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । ये वो कर्मचारी है जिन्होंने अपने कार्य के दौरान समय- समय पर न सिर्फ अतिरिक्त तत्परता दिखाई थी बल्कि अपनी सूझबूझ तथा तत्क्षण कार्यवाई से रेलवे की संरक्षा को बढ़ावा दिया था। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर ने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों के इन कार्यों की सराहना की तथा आगे भी इसी तरह कर्तव्यपरायणता से कार्य करते रहने साथ ही अपने साथी कर्मचारियों को भी इसी तत्परता से कार्य करने के लिए अभिप्रेरित करने की सलाह दी।

## लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी, हम सब की जिम्मेदारी:ऋतुराज



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी ,वैशाली के निर्देशानुसार भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली यूनिट द्वारा जिले के उच्च विद्यालयों के स्काउट गाइड ने ह्लडोर टू डोरह्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए आम लोगों से अपील की। भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली के जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी है। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। वही स्काउट मास्टर उमेश कुमार प्रसाद सिंह ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। आम व्यक्ति को अपने वोट की अहमियत समझनी चाहिए। वोट की ताकत सबसे बड़ी होती है। इसलिए हर वर्ग के लोगों को वोट डालना चाहिए। वोट देना हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालें। वही मॉक ड्रिल के माध्यम से दिव्यांग मतदाता , वरिष्ठ मतदाताओं की सेवा करने एक अभ्यास सत्र भी चलाया गया। जिसमें विद्यालय के स्काउट गाइड पोषक क्षेत्र के दिव्यांगों को मतदान केंद्र पर लाने एवं उनके घर पहुंचने के वादा करते हुए बुजुर्गों एवं दिव्यांगों से मुलाकात की। आज कार्यक्रम में जिले के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बाजितपुर, उच्च विद्यालय रामदोली, माध्यमिक विद्यालय कमला कन्या कनौती, माध्यमिक विद्यालय पानापुर सिलौथार, उच्च विद्यालय जंदाहा, उच्च विद्यालय बेलवर घाट, मध्य विद्यालय रुकमंजरी, मध्य विद्यालय असाधरपुर, उच्च विद्यालय मथुरा गोखुला, उच्च विद्यालय करताहा,जी ए उच्च विद्यालय भगवानपुर सहित दर्जनों विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# विचार मंथन



## सम्पादकीय

### कठघरे में है सरकार

अगर लगे आरोपों को साक्ष्यों के जरिए साबित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की विशेष एवं पूरी जांच जरूरी नहीं है? इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मुद्दे ने भारतीय लोकतंत्र की साख पर ऐसा ग्रहण लगाया है, जिसकी छाया से उबरना आसान नहीं होगा। अब यह बात बेहिचक कही जा सकती है कि चुनावी चंदे की यह योजना शुरूआत से ही बदनीयती से प्रेरित थी। मकसद चुनावी चंदे पर मोटा परदा डालना था। वैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक ने जो जानकारियां सौंपी हैं, उससे बात सिर्फ यहीं तक नहीं रह गई है। बल्कि उससे कई बुनियादी सवाल उठे हैं। जब तक इन प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, यह धारणा पुख्ता बनी रहेगी कि स्वार्थी और अवांछित ताकतें धन-बल के जरिए सत्ताधारी दलों एवं राजनेताओं को साध कर अपना उल्लू सीधा कर रही हैं। सबसे परेशानी वाली बात यह सामने आई है कि कथित खोखा (शेल) कंपनियां सियासी चंदा दे रही हैं और पार्टियां उन्हें स्वीकार भी कर रही हैं। कई ऐसी कंपनियां बेनकाब हुई हैं, जिन्हें एक वित्त वर्ष में जितना मुनाफा हुआ, उससे छह गुना से भी ज्यादा रकम उन्होंने चंदा दिया। तो सवाल उठा है क्या सियासी चंदा देने के लिए ही कुछ बड़े कॉरपोरेट घरानों ने ऐसी कंपनियां बनाईं? यह पहलू इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि इनमें से कई कंपनियों की स्थापना इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना लागू होने के बाद हुई। एक अन्य मुद्दा चंदे के बदले लाभ पहुंचाए जाने और भयादोहन के बदले चंदा उगाहने के आरोप से संबंधित है। चूंकि स्टेट बैंक ने अभी तक यूनिक कोड उपलब्ध नहीं करवाए हैं, इसलिए ठोस रूप से यह दिखा पाना अभी संभव नहीं है कि किस कंपनी ने कब किस पार्टी को कितना चंदा दिया। मगर आकलन के आधार पर विशेषज्ञों ने इस तरफ इशारा किया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के शुरू होने तुरंत बाद कुछ कंपनियों ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड खरीदे। उधर कुछ कंपनियों को इस माध्यम से चंदा देने के कुछ समय बाद परियोजनाओं के बड़े ठेके मिले। अगर यह रिश्ता साक्ष्यों के साथ स्थापित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की पूरी जांच जरूरी नहीं है?

### मैराथन चुनाव कार्यक्रम

चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर मैराथन दौड़ की याद आती हो, यह कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए आर्थिक संसाधन, टिकाऊ चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता पूर्व शर्त बन जाती हैं। लोकसभा के आम चुनाव के कार्यक्रम की खबर एक विदेशी अखबार ने इस शीर्षक के साथ प्रकाशित की है- भारत में मैराथन चुनाव कार्यक्रम का एलान। एथलेटिक्स की दुनिया में कहा जाता है कि मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिए शारीरिक बल, अंतर्शक्ति, टिकाऊ ऊर्जा एवं गहरे धीरज की जरूरत होती है। जिन धावकों में ये गुण ना हों, वे 42.195 किलोमीटर की इस प्रतिस्पर्धा में सफल नहीं हो सकते। भारत के चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर इस दौड़ की याद आती हो, यह भी सहज ही कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए कई खास पहलू अनिवार्य हो जाते हैं। आर्थिक संसाधन, लंबे समय तक सक्रिय रह सकने वाली चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता इनमें शामिल हैं। चुनावी चंदे और प्रचार तंत्र की वर्तमान स्थिति देखें, तो कहा जाएगा कि इन तकाजों को पूरा करना विपक्षी दलों के लिए एक कठिन चुनौती है। वैसे तो सात चरणों में लोकसभा का चुनाव होना अब नई बात नहीं रही, लेकिन इस बार एक खास पहलू यह है कि अनेक बड़े राज्यों में भी चुनाव को सात चरणों तक खींच दिया गया है। इससे यह कहने की स्थिति बनती है कि मैच शुरू होने के पहले ही पिच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल हो गई है। चूंकि उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सातों चरणों में वोट डाले जाएंगे, इसलिए वहां हर मतदान के दिन करीब के चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की गुंजाइश बनी रहेगी। वर्तमान रुझान यह है कि प्रधानमंत्री के भाषणों का टीवी चैनल सीधा प्रसारण करते हैं। इस तरह मतदान के समय भी उनका संदेश मतदाताओं तक पहुंचता रहेगा। मतलब यह कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम के कारण प्रचार संबंधी आदर्श चुनाव आचार संहिता बेमायने हो गई है। फिर मतदान के बाद 40 दिन तक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीय ढंग से रक्षा और सुरक्षा की कठिन चुनौती बनी रहेगी। जिस समय चुनाव प्रक्रिया को लेकर कई तरह के संदेह वातावरण में हैं, कहा जा सकता है कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम से उन्हें दूर करने में कोई मदद नहीं मिलने वाली है।

### चुनावी बॉन्ड काला धन कैसे?

चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत असंवैधानिक करार दे चुकी है और उन पर रोक भी लगा दी गई है, लिहाजा यह अध्याय यहीं समाप्त हो जाना चाहिए था। अब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर वे ब्योरे जारी कर रहा है, जो भारतीय स्टेट बैंक ने भेजे हैं और जारी करने का आदेश सर्वोच्च अदालत का है। कांग्रेस समेत विपक्ष के दल इस चुनावी चंदे को बहुत बड़ा घोटाला चित्रित कर रहे हैं, जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदा! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं, जिन्हें उनकी हैसियत के मुताबिक करोड़ों में चंदा दिया गया है। क्या कांग्रेस समेत वे सभी दल ह्यघोटालेबाजह्ण हैं? चुनावी बॉन्ड पर शीर्ष अदालत के फैसले पर कोई सवाल नहीं, अलबत्ता देश का बौद्धिक और जागरूक वर्ग कमोबेश चिंतन कर सकता है कि ऐसा चुनावी चंदा घोटाला कैसे माना जा सकता है? विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है, जहां राजनीतिक दलों को चंदा न दिया जाता हो। जहां आम चुनाव के लिए सरकारें आर्थिक संसाधन मुहैया कराती हैं, वहां भी औद्योगिक घराने और वैचारिक तौर पर जुड़ी आम जनता चुनावी चंदे देती रही है। यह एक सार्वजनिक परंपरा और प्रक्रिया है। औसत करदाता को आयकर या अन्य कर-योग्य संपदा में छूट भी मिलती है, लिहाजा देश की आजादी और संविधान को ग्रहण करने के बाद चंदा देने की परंपरा रही है। इस चंदे के संदर्भ में काला धन का खूब शोर मचाया जा रहा है, लेकिन जो पैसा देश के बुनियादी ढांचे के विकास और जन-कल्याण की परियोजनाओं में निवेश किया जाता रहा है, उस आर्थिक स्रोत को काला धन करार कैसे दिया जा सकता है? दरअसल चुनावी बॉन्ड के तौर पर व्यक्ति, संस्थान, औद्योगिक ईकाई और समूह जितना पैसा निवेश करते हैं, वह अनिवार्य रूप से उनके खातों में दिखाया जाता है। जिन राजनीतिक दलों को बॉन्ड के जरिए चंदा मिला है, उसे दलों ने भी अपने अधिकृत खातों में दिखाया होगा। चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल पर इन खातों की जांच करता रहा है। तो फिर बॉन्ड में खर्च किया गया धन काला धन कैसे कहा जा सकता है? दरअसल काला धन वह है, जिसे आरोपित व्यक्ति या कॉरपोरेट घराने अथवा राजनेता विदेशी बैंकों में खाते खुलवा कर जमा कर देते हैं और कर-जांच एजेंसियों को उनके खुलासे भी नहीं किए जाते। ऐसे कई काले रहस्योद्घाटन हो चुके हैं। अभी तक चुनाव आयोग के जरिए जितने चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक किए गए हैं, उनमें रिलायंस, अंबानी, टाटा, बिरला सरीखे बड़े औद्योगिक समूहों के नाम नहीं हैं। क्या वे राजनीतिक दलों को चंदा नहीं देते? सबसे अधिक 1368 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदने वाले लॉटरी किंग मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग पर प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर आदि सरकारी एजेंसियों के कई बार छापे मारे जा चुके हैं, जेल भी जाना पड़ा है, फिर भी उसने सर्वाधिक चंदा दिया है। चूंकि कंपनी का मुख्यालय अब तमिलनाडु में है, लिहाजा वहां की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया है। ऐसी कई कंपनियां चुनावी चंदे की सूची में हैं, जिनका मुनाफा कम है, लेकिन वे कई गुना ज्यादा चंदा दे रही हैं। ऐसी भी खबरें आई हैं कि किसी ने बंद लिफाफे में 1-1 करोड़ के 10 बॉन्ड जद-यू के दफ्तर में भेज दिए। भाजपा को 8 बार एक ही दिन में 100-100 करोड़ मिले। एक दिन में 200 करोड़ भी मिले। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल सहित कई दलों ने चंदा देने वालों के नाम के खुलासे नहीं किए हैं। बताया जाता है कि बसपा, इंनेलो, एमआईएम, एनपीपी समेत कई छोटे दलों को बॉन्ड से चंदा नहीं मिला है।

## क्योंकि मोदी जी को पुतिन का कीर्तिमान भंग करना है?...

**मुझे लगता है कि मोदी जी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्हें तीसरी बार ही नहीं बल्कि पुतिन की तरह चौथी और पांचवीं बार भी प्रधानमंत्री बनना चाहिए, लेकिन ये होगा कैसे? पुतिन के पांचवीं बार चुने जाने पर अमेरिका ने कहा है कि पुतिन ने लोकतान्त्रिक दायरे से बाहर जाकर चुनाव कराये हैं। यदि मोदी जी भी तीसरी बार जीते तो अमेरिका उनके बारे में भी यही सब कहेगा। वैसे भी मोदी जी आने वाला चुनाव लोकतान्त्रिक दायरे में करा रहे हैं या नहीं कहना कठिन है। मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये जिस तरह से असंवैधानिक तरीके से 60 अरब का चन्दा जुटाया है उसे हम क्या देश की सबसे बड़ी अदालत ने भी गलत करार दे दिया है। यानि मोदी के रास्ते में पहले ही कदम पर अपशकुन हो गया। मोदी जी को देश की जनता ने दो मौके दिए। यानि एक दशक तक देश की कमान सम्हालने के बाद न वे गरीबी को समाप्त कर पाए और न आतंकवाद का। न युवाओं को रोजगार के अवसर दे पाए और न किसानो को समृद्धि। आज भी जब मोदी जी चुनाव मैदान में उत्तर चुके हैं तब भी देश के किसान दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डाले बैठे हैं। यानि देश ने मोदी जी के पांव पालने में ही नहीं पलंग के बाहर भी देख लिए हैं। जनता समझ चुकी है कि मोदी जी हैं तो मुमकिन है का नारा भी खोखला है और दावा भी खोखला है। लेकिन मेरा मोदी जी के प्रति सम्मान पहले की तरह बरकरार है। मुझे देश कि जनता से ज्यादा मोदी जी कि कलाकारी पर ऐतवार है।**





**राकेश अचल-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

चूंकि आम चुनावों की घोषणा हो चुकी है इसीलिए मुझे भी रोजाना आम चुनावों के मुताल्लिक ही कुछ न कुछ अर्ज करना होगा। आज मेरा सवाल है कि आखिर कार्यवाहक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी क्यों तीसरी बार सत्ता में आने के लिए पापड़ बेल रहे हैं? क्या उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कीर्तिमान भंग करना है? पुतिन पांचवीं बार चुनाव जीते हैं और उन्होंने क्रीं 88 फीसदी मत प्राप्त किये हैं यानी की वहां मुकाबला एकतरफा हुआ है। ये सही है कि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है लेकिन नेता को देखकर नेता भी रंग बदलता है ये हैरानी की बात है। पुतिन उस रूस के राष्ट्रपति हैं जिसकी आबादी 15 करोड़ से ज्यादा नहीं है। इससे ज्यादा आबादी तो हमारे अकेले उत्तर प्रदेश की है। यानि पुतिन का लक्ष्य मोदी जी के लक्ष्य के मुकाबले बहुत छोटा था। मोदी जी दरअसल गरीबी और आतंक से निबटने, किसानों की समृद्धि युवाओं को रोजगार के नए अवसर और भ्ष्टाचार्र पर कार्रवाई के लिए अबकी बार 400 पार करना चाहते हैं। उन्होंने खुद कर्नाटक में ये गणित कर्नाटक की उस जनता को समझाया जो विधानसभा चुनावों में भाजपा को और खुद मोदी जी को खारिज कर चुकी है। मुझे लगता है कि मोदी जी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्हें तीसरी बार ही नहीं बल्कि पुतिन की तरह चौथी और पांचवीं बार भी प्रधानमंत्री बनना चाहिए, लेकिन ये होगा कैसे? पुतिन के पांचवीं बार चुने जाने पर अमेरिका ने कहा है कि पुतिन ने लोकतान्त्रिक दायरे से बाहर जाकर चुनाव कराये हैं। यदि मोदी जी भी तीसरी बार जीते तो अमेरिका उनके बारे में भी यही सब कहेगा। वैसे भी मोदी जी आने वाला चुनाव लोकतान्त्रिक दायरे में करा रहे हैं या नहीं कहना कठिन है। मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये जिस तरह से असंवैधानिक तरीके से 60 अरब का चन्दा जुटाया है उसे हम क्या देश की सबसे बड़ी अदालत ने भी गलत करार दे दिया है। यानि मोदी के रास्ते में पहले ही कदम पर अपशकुन हो गया। मोदी जी को देश की जनता ने दो मौके दिए। यानि एक दशक तक देश की कमान सम्हालने के बाद न वे गरीबी को समाप्त कर पाए और न आतंकवाद का। न युवाओं को रोजगार के अवसर दे पाए और न किसानो को समृद्धि। आज भी जब मोदी जी चुनाव मैदान में उत्तर चुके हैं तब भी देश के किसान दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डाले बैठे हैं। यानि देश ने मोदी जी के पांव पालने में ही नहीं पलंग के बाहर भी देख लिए हैं। जनता समझ चुकी है कि मोदी जी हैं तो मुमकिन है का नारा भी खोखला है और दावा भी खोखला है। लेकिन मेरा मोदी जी के प्रति सम्मान पहले की तरह बरकरार है। मुझे देश कि जनता से ज्यादा मोदी जी कि कलाकारी पर ऐतवार ह। मुझे लगता है कि मोदी जी भी पुतिन की तरह पांचवीं बार नहीं तो कम से कम तीसरी बार तो भारत के प्रधानमंत्री बन जायेंगे। मोदी जी ने विजय का मूल मन्त्र खोज लिया है। वे धर्मध्वजा लगे सियासत के रथ पर सवार होकर सत्ता कि सीता का वरण करने में सक्षम भी हैं और समर्थ भी। उन्होंने अतीत में परिवार छोड़ने की जो गलती की थी उसे भी सुधारकर अपना खुद का परिवार अपने संघ के प्रियवर से भी बड़ा कर लिया है। यानि अब मोदी जी से बड़ा मोदी जी का नाम है। और ये सब करना आसान काम नहीं है। मोदी जी ने जो असम्भव काम किया है उसके सामने राजनाथ सिंह भी नतमस्तक हैं और माननीय गडकरी भी। संघ तो पहले से मोदी शरणम गच्छामि हो चुका है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत न जाने कब से मोदी जी कि भागवत बांचते सुनाई और दिखाई दे रहे हैं। खुशी की बात ये है कि चुनाव में उतरे मोदी जी का आत्मविश्वास आज भी सातवें आसमान पार है। देश के चुनाव भी इसीलिए सात चरणों में कराये जा रहे है। इसीलिए एक कम सात राज्यों के गृह सचिवों को आनन-फानन में बदला गया है। मोदी जी ने तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए पहले ही देश के 17 राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें बनाकर खड़ी कर लीं है। हालाँकि इसके लिए उन्हें साम, दाम, दंड और भेद के अलावा बहुत कुछ करना पड़ा है। 2019 में मोदी जी के असर वाले इलाके 44 फीसदी थे जो दुर्भाग्य से अब 34 फीसदी हैं लेकिन इससे मोदी जी के तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने के ख्वाब पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। अगर मोदी जी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री न बने तो भारत का बेड़ा गर्क हो सकता है। क्योंकि जो काम कांग्रेस ने पिछले साथ साल में नहीं किया, वो मोदी जी ने कुल जमा दस साल में कर दिखाया है। मोदी गति सचमुच तेज है। भारत का पुतिन बनना आसान काम नहीं है। मोदी जी को पिछले आम चुनाव में यानि 2019 में 37 . 43 फीसदी वोट मिले थे। अब यदि उन्हें पुतिन की तरह 88 फीसदी वोट चाहिए तो सबसे पहले तो देश में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना होगा जो फिलहाल 67 फीसदी से ऊपर नहीं जा सका है और फिर अपने लिए 40 फीसदी वोट और कबाड़ना होंगे। ये काम देश की जनता तो करने वाली नहीं है, लेकिन ईवीएम कर दे तो कोई हैरानी नहीं है। क्योंकि आज भी ईवीएम सत्तारूढ़ दल की ही बात मानती है। हमारे डॉ फारुख अब्दुल्ला तो कह ही चुके हैं कि - ईवीएम चोर है। अब जिस मशीन पर चोरी का आरोप लगा हो उसके बारे में ज्यादा क्या कहना? मोदी जी के सामने खड़े बिखरे और कथित रूप से एकजुट विपक्ष कि अगुवाई कर रही कांग्रेस के पास कुल जमा 20 फीसदी वोट भी नहीं है। यानि विपक्ष को मोदी जी को रोकने के लिए पहले तो मोदी जी कि पार्टी के बराबर आना पडेगा और फिर उनसे आगे जाना पडेगा। ये मोदी जी हैं तो मुमकिन नहीं है। बात लम्बी न खींचते हुए मुझे कहना है कि मोदी जी देश के पहले और शायद आखरी ऐसे प्रधानमंत्री हैं या होंगे जो गारंटी के साथ राजनीति करते है। वे किसी महात्मा के नाम की नहीं बल्कि अपने नाम की गारण्टी देकर राजनीति कर रहे है। मोदी जी की गारंटी पर देश के कितने नए-पुराने लोगों को बैंकों से ऋण मिला है, उनकी दुआएं भी मोदी जी के साथ होंगी है। क्योंकि मोदी जी डूबे तो बैंकों का पैसा और तमाम असली, नकली स्टार्टअप भी डूब जायेंगे। देश भी डूबेगा और मोदी जी का देश को दुनिया की पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का ख्वाब भी। ये सब नहीं डूबना चाहिए। देखते हैं आगे-आगे होता है क्या?

### 20मार्च : विश्व गौरैया दिवस

## जलवायु परिवर्तन से गौरैया को खतरा

**गौरैया पर भी जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिलता है। गौरैया का प्रजनन काल अप्रैल से अगस्त तक अमूमन होता है। जलवायु परिवर्तन की वहज से प्रजनन काल में आगे पीछे भी देखा जा रहा है। बल्कि कई सालों से गौरैया के बच्चे बिहार के कई इलाकों में कम दिखें तो कही नहीं। अमूमन बरसात आते ही झुण्ड में नए बच्चे युवा होकर दिखने लगते हैं। हमारी गौरैया और इनवारमेंटल वारियर्स के सदस्यों ने बिहार के कई इलाकों में सर्वे के दौरान नवम्बर माह में गौरैया के बच्चे को देखा। गौरैया मौसम में उतार चढ़ाव यानि जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखा था। भीषण गरमी और सर्दी ने उन पर कहर बरपाया है, कई इलाकों से यह गायब या कम हो गयी। मौसम में प्रतिकूल मौसम होने से ये अचानक अपने अधिवास से गायब हो जाती है। जैसे ही मौसम अनुकूल हो जाता है ये फिर अचानक से अपने पुराने अधिवास पर आ जाती है। इसके पीछे का कारण उन्हें मालूम होता है कि वहां उनके दाना-पानी और आवास की व्यवस्था है। हालाँकि लौटने वाली गौरैयों की संख्या में कमी देखी जाती है। जाहिर है वे पलायन कर गयी या हादसे का शिकार हो गयी। गौरैया ज्यादा गरमी या ठंड बर्दास्त नहीं कर पाती है। गौरैया संरक्षण में लगे लोगों को अक्सर मौसम की मार से घायल गौरैया मिलती रहती है।**





**संजय कुमार-**
**(लेखक : गौरैया संरक्षक है और गौरैया संरक्षण पर तीन पुस्तक लिख चुके हैं)**

गौरैया की संख्या में कमी या विलुप्ति के पीछे के कारणों में आहार की कमी, बढ़ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवनशैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा है, वहीं एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन भी है। केवल गौरैया ही नहीं, दूसरे पक्षियों को भी इसने प्रभावित किया है। जलवायु परिवर्तन की चपेट में आज लगभग पूरी दुनिया है। इसने सिर्फ इंसानों को ही अपना निशाना नहीं बनाया है। बल्कि, इसका असर जीवों, पेड़-पौधों, और इकोसिस्टम पर भी पड़ रहा है। रिसर्च के मुताबिक पिछले 50 वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन ने दुनिया भर में पक्षियों को प्रभावित किया है। इसकी वजह से पक्षियों के बच्चों की जन्मदर में गिरावट आई है। गौरैया पर भी जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिलता है। गौरैया का प्रजनन काल अप्रैल से अगस्त तक अमूमन होता है। जलवायु परिवर्तन की वहज से प्रजनन काल में आगे पीछे भी देखा जा रहा है। बल्कि कई सालों से गौरैया के बच्चे बिहार के कई इलाकों में कम दिखें तो कही नहीं। अमूमन बरसात आते ही झुण्ड में नए बच्चे युवा होकर दिखने लगते हैं। हमारी गौरैया और इनवारमेंटल वारियर्स के सदस्यों ने बिहार के कई इलाकों में सर्वे के दौरान नवम्बर माह में गौरैया के बच्चे को देखा। गौरैया मौसम में उतार चढ़ाव यानि जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखा था। भीषण गरमी और सर्दी ने उन पर कहर बरपाया है, कई इलाकों से यह गायब या कम हो गयी। मौसम में प्रतिकूल मौसम होने से ये अचानक अपने अधिवास से गायब हो जाती है। जैसे ही मौसम अनुकूल हो जाता है ये फिर अचानक से अपने पुराने अधिवास पर आ जाती है। इसके पीछे का कारण उन्हें मालूम होता है कि वहां उनके दाना-पानी और आवास की व्यवस्था है। हालाँकि लौटने वाली गौरैयों की संख्या में कमी देखी जाती है। जाहिर है वे पलायन कर गयी या हादसे का शिकार हो गयी। गौरैया ज्यादा गरमी या ठंड बर्दास्त नहीं कर पाती है। गौरैया संरक्षण में लगे लोगों को अक्सर मौसम की मार से घायल गौरैया मिलती रहती है, जिसे उपचार के बाद उड़ा दिया जाता है इअक मामलों में उनकी मौत हो जाती है। हर मौसम में जहाँ का जलवायु गौरैया के लिए अनुकूल होता है देर सबेर रहने जरुर आ जाती है। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पनास) में प्रकाशित रिपोर्ट में शोधकताओं ने दुनिया भर में पक्षियों की 104 प्रजातियों पर पिछले 50 वर्षों तक अध्ययन किया है। नतीजे में बताया गया कि जलवायु में आता बदलाव पक्षियों की प्रजनन दर में कमी की वजह बन रहा है। आशंका भी जताई गयी कि प्रजनन दर में आती यह कमी बड़े और प्रवासी पक्षियों को कहीं ज्यादा प्रभावित करेंगे। रिसर्च के मुताबिक अध्ययन किए गए 56.7 फीसदी पक्षियों की प्रजनन दर में गिरावट दर्ज की गई थी, वजह बढ़ता तापमान था। बात गौरैया कि तो ऑर्निथोलॉजिकल एप्लिकेशन में एक नए अध्ययन से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ गौरैया प्रजातियाँ सदी के भीतर विलुप्त हो जाएँगी। साइनस न्यूज टुडे की 19 अक्तूबर 2021 की रिपोर्ट को देखें तो दुनिया में जैव विविधता (Biodiversity) बेहद तेजी से खत्म हो रही है। हम अपने आसपास के कई जीवों को याद करें, तो पाएंगे कि जो कभी बहुतायत में थे लेकिन वे अब नहीं के बराबर दिखते हैं। इनमें घरेलू गौरैया चिड़िया भी शामिल हैं। नन्ही गौरैया हमारे घर आंगन, खेत-खलिहान में चहचहाती थी लेकिन अब नहीं के बारबर दिखती हैं। घर आँगन एवं खेत-खलिहान में बदलाव हुआ और उसे हमने बाहर कर दिया। रहने-खाने और आवास से उसे दूर किया। मौसम की मार से खपरैल का घर और आँगन-बगीचे में लगे पेड़ पौधे उसे बचाते थे लेकिन अब नहीं। दरअसल, ऐसा केवल हमारे यहां नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक धरती पर जीवों की 90 लाख प्रजातियां और इनमें से 10 लाख प्रजातियों के इसी सदी में विलुप्त हो जाने का खतरा है। अक्तूबर 2021 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के 15वें जैव विविधता सम्मेलन (सीओपी15) में इन बातों पर चिंता जताई गई थी। तो वहीं इंटरनेशनल यूनियन फॉर कॉनसरवेशन ऑफ नेचर(क्वउठ) - ने 2008 में गौरैया सहित कई पक्षियों को रेड लिस्ट में डाला था। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन के कई कारकों को उत्प्रेरक के बताया गया, जिसने दुनिया के आठ में से एक पक्षी को विलुप्त होने के खतरे में डाल दिया। आईयूसीएन के अनुसार पक्षी के ऊपर जलवायु परिवर्तन के कारण भारी दबाव में हैं। अगर बात करें कि जलवायु परिवर्तन आखिर है क्या? तो इससे जानना जरुरी है। जलवायु परिवर्तन का तात्पर्य तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव से है। सूर्य की गतिविधि में बदलाव या बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण ऐसे बदलाव प्राकृतिक हो सकते हैं। लेकिन इसमें 1800 के दशक से, मानव गतिविधियाँ भी जलवायु परिवर्तन में शामिल हो गयी हैं। मानवीय विकास ने तस्वीर बदली है। मुख्य रूप से कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन के जलने के कारण। जीवाश्म ईंधन जलाने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन उत्पन्न होता है जो पृथ्वी के चारों ओर लिपटे कंबल की तरह काम करता है, जो सूर्य की गर्मी को घेरे में लेता है और तापमान बढ़ाता है। जलवायु परिवर्तन का कारण बनने वाली मुख्य ग्रीनहाउस गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन शामिल हैं। उदाहरण के लिए, ये कार चलाने के लिए गैसोलीन या किसी इमारत को गर्म करने के लिए कोयले का उपयोग करने से आते हैं। भूमि साफ करने और जंगलों को काटने से भी कार्बन डाइऑक्साइड निकल सकता है। कृषि, तेल और गैस संचालन मीथेन उत्सर्जन के प्रमुख स्रोत हैं। ऊर्जा, उद्योग, परिवहन, भवन, कृषि और भूमि उपयोग ग्रीनहाउस गैसों का कारण बनने वाले मुख्य क्षेत्रों में से हैं। जलवायु वैज्ञानिकों की माने तो, पिछले 200 वर्षों में लगभग सभी वैश्विक तापन के लिए मनुष्य जिम्मेदार हैं। मानवीय गतिविधियाँ ग्रीनहाउस गैसों का कारण बन रही हैं जो कम से कम पिछले दो हजार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में दुनिया को तेजी से गर्म कर रही हैं।

## व्यंग्य : फागुन में चंदे की कालिख नहीं वोट का गुलाल लगाइए

**प्रभुनाथ शुक्ल-**

रामखेलावन काका चौपाल पर खैनी ठोकते हुए कहा देखिए! चंदे के फंदे में मत उलझिए यह फागुन है रंग और मस्ती का मौसम है। काहे को काले चंदे से अपना मुँह कला कर रहे हैं। अबकी सब गिले शिकवे भूल कर गले मिल जाइए। रंग उड़ाइए और गुलाल लगाइए। क्योंकि होली में रंगों में रंग मिल जाते हैं और दिल से दिल खिल जाते हैं। फिर आपका काला चंदा कहाँ दिखेगा। फिर देर किस बात की रंग में भंग चढ़ाइए और होली की मस्ती में डूब जाइए। दैव संयोग से इस बार की होली भी कुछ खास होगी। एक तरफ फागुन के रंग होंगे दूसरी तरफ चुनावी रंग। दोनों रंग जब एक साथ मिलेंगे तो नया रंग बनेगा। आजकल राजनीति और राजनेता रंगीन हो चले हैं। क्योंकि यह चुनावों का मौसम है। वे गिरगिट से भी तेज रंग बदलने लगे हैं। फिर फागुन में हम चंदे की कालीख से अपना मुँह क्यों काला करने पर तुले हैं। रामगोपाल ने अखबार में छपी चुनावी चंदे की खबर पर रामखेलावन काका को आखिरकार छेड़ ही दिया। काका आजकल चंदे की खूब चर्चा है। अरे भईया! यह सब राजनीति का खेल है। हमारे झोपडी में जो वोट माँगने आएंगे वहीं चंदा भी मांगते हैं। चुनावी बांड का मतलब कानूनी घूस है। पहले यह घूस खुले आम चोरी-चोरी चुपके-चुपके लिए जाते थे लेकिन बाद में इस पर चुनावी बांड का कानूनी लिफाफा चढ़ा दिया गया। जो कल तक कालेधन को कानूनी तरीके से सफेद कर नेताजी और उनकी पार्टी को चुनावी चंदा के रूप में दे रहे थे। वे ही कालेधन को बांड के जरिए सफेद करने में लगे थे। लेकिन भला हो कोरट का जिसने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। देखिए! रामगोपाल जी, वैसे भी हमारे देश में चंदा एक धंधा और अपन लोगों का जन्मसिद्ध अधिकार है। यह एक ऐसा धंधा है जो कभी मंदा नहीं पड़ता। हम चंदे के लिए जीते हैं और चंदे के लिए मरते हैं। हमारे यहाँ जीतने भी काम होते हैं बगैर चंदे के नहीं होते हैं। चंदा मांगना एक लोकतांत्रिक अधिकार है। हम लोग भी चंदा मांगते आए हैं। अब देखिए, होली का त्यौहार करीब है। अपने मोहल्ले में चंदे वाले गिरोह फनफनाने लगे हैं। चंदा हमारी जिंदगी का एक फंडा बन गया है। अब जिसकी जीतनी औकात है चंदा उसी के हिसाब से मिलता है। कभी -कभी चंदा देने वाले से अहम चंदा लेने वाला हो जता है। हम चंदा के लिए मरते और चंदा के लिए जीते हैं। चंदा हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा है। फिर चंदे की बात छोड़िए, अब यह बात पुरानी है। नए दौर की राजनीति में आओ फिर से लिखे नई कहानी हम। बुरा न मानो होली है, हम चुनावों में हमजोली हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एक शराब तस्कर गिरफ्तार

परसा। शराब तस्करी करने के मामले में फरार चल रहे एक एक नामजद अभियुक्त को पुलिस किया गिरफ्तार. उक्त शराब तस्कर स्थानीय थाना क्षेत्र के परसा शंकरडीह गाव निवासी सुधीर साह का पुत्र रजत कुमार बताया जाता है. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब तस्करी करने के मामले एक माह से फरार चल एक शराब तस्कर को गिरफ्तार मंगलवार को जेल भेज दिया गया है.

### एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

परसा। शंकरडीह आटा चक्की में हुई चोरी के मामले परसा पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए एक अप्राथमिकी अभियुक्त को डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गांव से किया गया गिरफ्तार. उक्त गिरफ्तार अभियुक्त डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गांव निवासी भगेरन राय कुमार का पुत्र रंजन कुमार बताया जाता है.इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पूर्व में भी इस मामले चार अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था.और जेल भेजा जा चुका है.इसी मामले में फरार चल रहेएक और अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है.

### एसबीआई शाखा से हुई लूट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एकमा । स्थानीय थाना क्षेत्र के भरहोपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के कमीर्यो हथियार के बल पर बंधक बनाकर दो साल पूर्व लाखों रुपए की लूट हुई थी ।जहां पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई थी ।जहां मंगलवार के दिन भरहोपुर गांव से ही पुलिस को सफलता हासिल प्राप्त हुई। गिरफ्तार आरोपी कि पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के सरयूपार गांव निवासी राजु यादव के पुत्र गुड्डू यादव के रूप में हुई है।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

## सभी कोषांग अपने निर्धारित टाइम लाइन के अनुरूप कार्यों का करें निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी अमन समीर ने आज लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी को लेकर किये जा रहे कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी एवं ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बताया गया कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरांत मतदाता सूची में फॉर्म 7 एवं फॉर्म 8 (नाम स्थानांतरण छोड़कर) की प्रोसेसिंग नहीं की जानी है। नामांकन की अंतिम तिथि तक फॉर्म 6 के माध्यम से नाम जोड़ने एवं फॉर्म 8 के माध्यम से मतदाता का नाम एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने की अंतिम प्रक्रिया की प्रोसेसिंग की जा सकेगी। नामांकन के अंतिम तिथि को किसी मतदान केंद्र पर अगर मतदाताओं की अंतिम संख्या 1500 से अधिक होती है तो इसकी तुरंत जानकारी देने को कहा गया ताकि सहायक मतदान केंद्र बनाये जाने को लेकर निर्धारित प्रावधान के अनुरूप निर्णय लिया जा सके। सभी संबंधित पदाधिकारियों को इलेक्टोरल रॉल की मार्क कॉपी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वाले कर्मियों के नाम की मार्किंग मतदाता सूची में की जाती है। यही मार्किंग की हुई मतदाता सूची मतदान दल को उपलब्ध कराया जाना है। इस संबंध में सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं में जो भी कमियां हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त करने का निदेश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र की विवरणी का दीवाल लेखन के माध्यम से प्रदर्शन सुनिश्चित कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। किसी भी राजनीतिक दल का कार्यालय मतदान केन्द्र से 200 गज की परिधि के अंतर्गत नहीं होना चाहिये।

## निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। मंगलवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत राजेंद्र स्टेडियम के पीछे गरुकुल स्कूल से होते हुए आयुक्त सारण के आवास तक रोड पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया गया। यह कार्रवाई राजीव रंजन शर्मा सेवानिवृत डीआईजी के आवेदन के आलोक में किया गया है। नगर आयुक्त के आदेशानुसार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कौशल कुमार, अंचल अधिकारी सदर एवं नीरज झा नगर प्रबंधक नगर निगम के द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। नगर आयुक्त के आदेश पर नगर निगम के तरफ से जेसीबी, ट्रैक्टर एवं मजदूर के माध्यम से गरुकुल स्कूल से आयुक्त सारण के आवास तक के सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

## डीएम ने किया कार्यस्थलों का निरीक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर समाहरणालय परिसर में संचालित विभिन्न कोषांगों के कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन कार्यालय, कोषागार भवन में संचालित कोषांग के साथ साथ जिला आपदा केंद्र में संचालित सी-विजिल एवं सिंगल विंडो आदि कोषांग के कार्य स्थल का निरीक्षण किया। समाहरणालय परिसर में अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटाने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त श्रीमती प्रियंका रानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री जावेद एकबाल, डीआईओ श्री तारणी कुमार एवं विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

# पंचमहला का नितिन सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होकर बढ़ाया क्षेत्र का नाम

- नितिन ने बताया कि आगे चलकर उसका लक्ष्य एनडीए निकलना है

प्रात : किरण, संवाददाता



बनियापुर। प्रखण्ड के पंचमहला निवासी शम्भू सिंह के पुत्र नितिन कुमार ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होकर घर गांव एवम क्षेत्र का नाम रौशन किया है। नितिन कुमार के पिता अपना एक निजी विद्यालय मढ़ौरा में चलाते है जबकि उसके चाचा नंदू सिंह पानापुर में हाइ स्कूल के शिक्षक है। नितिन के माता सुनीता देवी एक गृहणी है। नितिन कुमार सैनिक प्रवेश परीक्षा में कुल 258 नम्बर प्राप्त किया है। नितिन ने बताया कि आगे चलकर उसका लक्ष्य एनडीए निकलना है ।नितिन अपनी शुरूआती शिक्षा मढ़ौरा के निजी विद्यालय मॉडर्न सैनिक स्कूल से की है ।उन्होंने अपने सफलता का श्रेय गुरुजनों के अलावा अपने घर के लोगों एवम चाचा नंदू सिंह को दिया है ।नितिन के सफलता पर क्षेत्र के बहुत सारे लोगों ने बधाई दी है ।राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा हर साल सैनिक स्कूल की परीक्षा ली जाती ।इस साल 13 मार्च को इसका परिणाम घोषित किया गया।

# रक्सौल के आशीष ने गेट परीक्षा में 646 स्कोर लाकर मारी बाजी

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। सफलता यूं ही हाथ आसानी से नहीं लगती, बल्कि इसके लिए सच्ची लग्न और मेहनत करनी पड़ती है। साथ ही आत्मविश्वास के साथ ईमानदारी और जज्बा भी दिखानी होती है, इसी को चरितार्थ किया है रक्सौल के नागा रोड स्थित वार्ड 22 निवासी अशोक सर्राफ और गुड़िया सर्राफ के पुत्र आशीष सर्राफ ने, जिसने गेट परीक्षा में 646 स्कोर लाकर सफलता प्राप्त किया है। साथ ही आशीष का प्लेसमेंट मिसूबिसी कंपनी में हुआ है। बता दें की कैंब्रिज पब्लिक स्कूल रक्सौल से 2017 में मैट्रिक, 2019 में लोयला हाई स्कूल पटना से 12 एवं 2020 में जेईई एडवांस के थ्रू कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग कर रहा है, जो की मई 2024 में फाइनल हो जायेगा। आशीष के इस सफलता से उसके माता-पिता एवं परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

# एनएसएस स्पेशल कैम्प का हुआ समापन, योगा सत्र का भी हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। गंगा सिंह महाविद्यालय में संचालित हो रहे सात दिवसीय एनएसएस स्पेशल कैंप सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो अंजर आलम ने स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं की निष्ठा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से आप सबों के मन में सामुदायिक सेवा का भाव जरूर जागृत हुआ होगा, और इस भावना का सामाजिक जीवन में उपयोग कर आप अपने भविष्य को बेहतर बना पाएंगे। सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो आदित्य चंद्र झा ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जीवन में आपकी सकारात्मक भागीदारी राष्ट्र निर्माण में सहायक होगी। वहीं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमाल अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि आने वाले समय में यह विशेष प्रशिक्षण और अनुभव शिविर में भाग लेनेवाले स्वयंसेवकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। समापन के अवसर पर डॉ प्रहरिष्ठ के निर्देशन में एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए योगा सत्र और पीरामल फाउंडेशन के सौजन्य से बच्चों के लिए ह्लपोषणह्व विषयक व्याख्यान का भी आयोजन भी किया गया। समापन-सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने अनुभवों को साझा किया और एक अच्छे नागरिक बनने की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। शिविर में भाग लेने वाले 50 छात्र-छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य ने प्रमाणपत्र प्रदान किया।

# अपने पिता के साथ केवाइसी करवाने जा रही छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत

- परसा-बनकेरवा मुख्य मार्ग स्थित सरायसाहो के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से हुई घटना

प्रात : किरण, संवाददाता



प्परसा : परसा बनकेरवा मुख्य मार्ग पर सराय साहो वस्ती के समीप बालू लदे ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार छात्रा की मौत हो गई ।जबकि उसके पिता जीवित सिंह इलाजरत है ।मृतका परसा पोझी निवासी जीवित सिंह की पुत्री जुली कुमारी 16 वर्षीया बताई गई है ।जो परसा उच्चतर विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा दे चुकी है ।जो अपने पिता के साथ मंगलवार की सुबह ग्यारह बजे बाइक से परसौना सेंट्रल बैंक में केवाईसी कराने जा रही थी। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया ।और ट्रैक्टर से मुख्य सड़क को जामकर यातायात बाधित कर दिया ।सूचना पर प्रशिक्षु आईपीएस थानाध्यक्ष मोहिबुल्लाह अंसारी, दरियापुर एसएचओ ऋतिक कुमार मिश्रा,प्रियंका यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और वार्ड पार्षद सुनील कुमार,विक्रम कुमार,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार,केदार सिंह के सहयोग से आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेजा ।तभी यातायात बहाल हुआ ।मिली जानकारी के अनुसार छात्रा जुली अपने पिता जीवित सिंह के साथ बाइक से केवाईसी कराने के लिए परसौना सेंट्रल बैंक को जा रही थी ।तभी पीछे से जा रहे बालू लोड किए ट्रैक्टर के ठोकर से बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा। जिसमे जुली का शिर ट्रैक्टर के चक्का के नीचे चला गया और कुचल गई ।

# अवतार नगर मे शराब के लिए छापेमारी करने गयी पुलिस पर हमला

- शराब बेचने की गुप्त सुचना पर थानाध्यक्षा लक्ष्मी कुमारी के नेतृत्व मे अवतार नगर पुलिस छापेमारी करने गयी थी
- छापेमारी में देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज : अवतार नगर थाना क्षेत्र के मदनपुर बिंदटोली गाँव मे शराब के लिए छापेमारी करने गयी पुलिस बल पर शराब व्यवसायियों द्वारा हमला एवं पथराव करने से थानाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी सहित चार अन्य पुलिसकर्मी जख्मी हो गए । घटना सोमवार देर शाम की है जब शराब बेचने के गुप्त सुचना पर थानाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी के नेतृत्व मे अवतार नगर पुलिस छापेमारी करने गयी थी। छापेमारी मे देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस बल पर हमला कर दिया गया और मौके से गिरफ्तार धंधेबाज को लोगों ने छुरा लिया और रेलवे लाइन पर से पत्थरबाजी करने लगे। पत्थरबाजी मे थानाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी, एएसआई गौतम कुमार, होमगार्ड जवान राधामोहन, चौकीदार मनोज कुमार साह एवं चौकीदार अरुण कुमार जख्मी हो गए। थानाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी द्वारा मौके से इसकी सुचना वरिय पदाधिकारियों को दी गयी जिसके बाद मौके पर डोरीगंज, गरखा थाना सहित भारी संख्या मे पुलिस बल पहुँचे और मौके से छः महिला को हिरासत मे लिया गया है और पुछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि अंधेरा का लाभ उठाकर हमलावर फरार हो गए। पहचान की जा रही है जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी ।

# युवा अपने शिक्षा, तर्कशक्ति से विवेकपूर्ण ढंग से अपने मतों का करें प्रयोग: प्राचार्य



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा ।सारण जिला अंतर्गत 2024 लोकसभा निर्वाचन हेतु युवा मतदाताओं को निर्वाचन के मूल्यों एवं सिद्धांतो के प्रति जागरूक करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जारुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में कहा कि युवा अपने शिक्षा, तर्कशक्ति से विवेकपूर्ण ढंग से अपने मतों का प्रयोग करें। यदि आज का युवा अपने इस दायित्व का नैतिक जिम्मेदारी से निर्वहन करें तो आधी समस्याएं स्वयं समाप्त हो जायेगी, जिससे राष्ट्र एवम समाज का चहुमुखी विकास होगा। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने मंच का संचालन करते हुए मतदान के महत्व से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कन्हैया प्रसाद ने विस्तार से हमारी राजनीतिक प्रणाली और मतदान से संबंधित प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वो मतदान प्रक्रिया में स्वयं भाग लें और अन्य लोगो को भी जागरूक करें ।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. जया कुमारी पांडेय ने छात्र छात्राओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने गरिमापूर्ण तरीके से सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। ज्ञानेन्द्र कुमार, रुपेश कुमार निषाद और सचिन कुमार चौरासिया ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देवेश रंजन सहित रोबिन, विकास और बहुसंख्यक छात्र छात्राओं ने भाग लिया और मतदाता जागरूकता की शपथ ली।

## महारुद्र यज्ञ में शामिल भाजपा नेताओं का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, नप अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भुलन,दरियापुर पूर्वी अध्यक्ष रामानंद सिंह,क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह,भाजपा कार्यकर्ता धर्मनाथ राय का स्थानीय कार्यकाताओ ने गर्मजोशी से अंगवस्त्र और माला देकर किया स्वागत। पुलिस राय, महामंत्री संतोष शर्मा, मुन्ना कुमार,आइटीसेल पप्पु गुप्ता, राजनाथ साह, जनार्दन राम ने यज्ञ में पहुंचे अतिथियों का अंगवस्त्र और माला देकर किया स्मान्नित ।इस अवसर पर बलिंद्र सिंह,अभय सिंह,ने पहुंचे अतिथियों का यज्ञ में लगे सभी प्रदर्शनियों का दर्शन कराया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे,जिसमे मुख्यरूप से युवा नप महामंत्री विकाश सिंह चंदन सिंह रामबाबू राय,अमित सिंह,जितेंद्र सिंह किसान मोर्चा,कैप्टन साहब,को संजय साहनी,हरिंद्र साहनी,बालदेव साह मंदिर कमिटी के तरफ से प्रसाद खिलाया। वही राकेश सिंह ने भुटेली बाबा से आशीर्वाद लिए और बोले की ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने शांति मिलती है और शांति रहती है।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन हुई सक्रिय, पुलिस भी अलर्ट मोड पर

- लगभग ढाई महीना तक चलेगा लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है, और आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गया है। बैनर पोस्टर हटाने का भी सिलसिला जिला प्रशासन द्वारा दूत गति से की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर चुनाव को लेकर लगातार बैठकें हो रही है। जिला प्रशासन नगर निगम के साथ मिलकर बैनर पोस्टर होर्डिग प्रचार सामग्री को हटाया जा रहा है। इस दौरान जन कल्याण से संबंधित कार्य पर भी विराम लगा रहेगा। इसके अलावा विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवारों को भी आचार संहिता को लेकर दिशा-निर्देश दिया जए जा रहे है। शहर में नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत नगर पालिका के सार्वजनिक स्थानों पर लगा चुनाव प्रचार सामग्री को भी हटाने का सिलसिला शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रशासन आदर्श आचार संहिता को लेकर पूरी तरह गंभीर है। आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर धारा 144 के तहत प्रभावी निषेधधागा के तहत 23 मार्च को होने वाले नियोजन शिविर को भी रद्द कर दिया गया है। विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन गंभीर है, और पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। आदर्श आचार संहिता का अनुपालन को लेकर जिला के सभी क्षेत्रों में लगा पोस्टर बैनर को भी दूत गति से हटवाया जा रहा है।

## सांसद ने नमामि गंगे परियोजना के तहत अटल घाट का किया मुआयना

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। मंगलवार को माँझी रामघाट पहुँचे सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने हनुमान गढ़ी मन्दिर में पूजा अर्चना की तथा मौके पर मौजूद संत रामसेवक दास एवम संत रामदास उदासीन का चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। सांसद ने केन्द्र सरकार के नमामि गंगे परियोजना के तहत रामघाट पर चल रहे अटल घाट का मुआयना किया तथा छठ पर्व के पूर्व घाट के निर्माण पर जोर दिया।

# चुनाव प्रचार में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्रियों के दर निर्धारण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

- निर्धारित दर पर ही अभ्यर्थियों के चुनाव खर्च की होगी गणना

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। लोकसभा आम चुनाव- 2024 में कोई भी अभ्यर्थी अधिकतम 95 लाख रुपए तक चुनाव प्रचार में खर्च कर सकते हैं। चुनाव प्रचार पर हुये व्यय का लेखा-जोखा अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा संधारित किया जाता है। श्री सिरिल बेक राज्यकर संयुक्त आयुक्त इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी बनाये गये हैं। चुनाव खर्च की गणना हेतु विभिन्न सामग्रियों का दर पूर्व से निर्धारित किया जाता है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर प्रचार में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न प्रकार के 171 सामग्रियों का दर बाजार सर्वे के आधार पर निर्धारित किया गया है। इस दर पर चर्चा एवं अंतिम निर्णय हेतु आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई। सभी दलों के प्रतिनिधियों को विभिन्न सामग्रियों के दर की सूची उपलब्ध कराई गई ।उन्हें किसी भी सामग्री के दर को लेकर किसी भी तरह की आपत्ति को दर्ज कराने को कहा गया। अंतिम रूप से निर्धारित किये जाने वाले दर के आधार पर ही अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार व्यय का लेखा जोखा अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग में जमा करेंगे। बैठक में उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता शंभु शरण पांडेय,अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी राज्यकर संयुक्त आयुक्त सिरिल बेक, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, जदयू के फिरोज आलम, राजद के उपेंद्र कुमार यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के डॉ० शंकर चौधरी, सीपीआई के जिला सचिव रामबाबू सिंह, सीपीएम के बटेश्वर महतो, लोजपा (आर) के दीपक कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के डॉ० अशोक कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## अर्द्ध सैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण, संवाददाता

पानापुर (सारण)लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त, तथा कदाचार मुक्त सम्पन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बल ने मंगलवार को फ्लैग मार्च किया ।थानाक्षेत्र के पानापुर, कोंध भगवानपुर, रामपुररुद्र तथा गंडक नदी के किनारे बसे सारंगपुर, उभवां, बसहियां,सोनवर्षा सहित करीब दर्जनभर गांवो मे फ्लैग मार्च किया गया ।इस मौके पर स्थानीय थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि शांतिपूर्ण वातावरण मे भयमुक्त तथा कदाचार मुक्त मतदान कराने के लिए प्रशाशन कृत संकल्पित है। इसके मद्देनजर सैकड़ो लोगो पर 107 की कार्रवाई की गई है ।कमजोर तथा पिछड़े मतदाताओ को डराने व धमकाने वालो पर प्रसाशन की पैनी नजर रहेगी।

# माँझी के मझनपुरा स्थित राम जानकी मंदिर के पुजारी की हत्या

- लोमहर्षक घटना की सूचना पाकर दलबल के साथ पहुँचे माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने तत्काल एफएसएल की टीम एवम खोजी कुत्ता बुलाकर मामले की छानबीन शुरू कर दी

प्रात : किरण, संवाददाता



माँझी। सोमवार की रात माँझी थाना क्षेत्र के मझनपुरा गाँव समीप स्थित राम लक्ष्मण जानकी मंदिर के पुजारी संत शँकर दास उम्र 40 वर्ष की अपराधकर्मियों द्वारा गला घोंट कर हत्या कर दी गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पुजारी की हत्या करने के बाद अपराधकर्मी अष्टधातु से निर्मित लगभग ढाई किलो वजन की लड्डू गोपाल की मूर्ति तथा पीतल की दो अन्य मूर्तियों को लूटकर सरयु नदी के रास्ते फरार हो गए। मंगलवार की सुबह घटना की खबर आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने आनन फानन में हाजीपुर से गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मन्दिर के सामने बांस बल्ला तथा चौकी आदि रखकर तथा टायर में आगजनी करके सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया जिससे लगभग तीन घण्टे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। इस लोमहर्षक घटना की सूचना पाकर दलबल के साथ पहुँचे माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने तत्काल एफएसएल की टीम एवम खोजी कुत्ता बुलाकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे छपरा के सदर एसडीओ संजय कुमार राय,डीएसपी राज कुमार,बीडीओ रंजीत सिंह,सीओ सौरभ अभिषेक,राजस्व पदाधिकारी रोजी कुमारी के अलावा रिविलगंज, कोपा, दाउदपुर तथा एकमा थाना पुलिस के जवान तथा स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह एवम बीडीसी प्रतिनिधि सुनील कुमार पाण्डेय आदि आक्रोशित लोगो को घण्टों समझाते बुझाते रहे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस सुबह साढ़े दस बजे शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजने तथा सड़क जाम हटवाने में सफल हुई। उधर पुलिस द्वारा मंगाये गए खोजी कुत्ते ने सरयु नदी के रास्ते अपराधकर्मियों के आने जाने की संभावना को इंगित किया। इस दौरान किसी अपराधी का एक जोड़ी जूता भी बरामद होने की खबर है। हत्याकाण्ड के की पड़ताल के तहत पुलिस तीन बिंदुओं पर तहकीकात शुरू कर चुकी है। हत्याकांड के पीछे प्रेम प्रसंग की संभावना के अलावा पुजारी के घर से जुड़े सम्भावित विवादित मामले के साथ साथ शराब की तस्करी को भी एक कारण माना जा रहा है। कई ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल के पीछे स्थित प्रसिद्ध गंगोपड़ाइन मन्दिर परिसर में दिन भर पूजा पाठ करने वालों की उपस्थिति से चहल पहल तो रहती है। जबकि रात के अंधेरे में मन्दिर के समीप सरयु नदी के रास्ते शराब तस्कर सक्रिय हो जाते हैं। कई बार इसके आसपास शराब तस्करों के पकड़े जाने की भी सूचना है। लगभग दो दशक पूर्व मन्दिर के पीछे प्रेम प्रसंग के एक मामले में सेना के एक जवान का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ था।

# होली पर्व में दूसरे राज्यों से घर लौटने वाले 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**प्रात : किरण संवाददाता।** छपरा। रंगोत्सव जैसे त्योहार के दौरान दूसरे राज्यों से घर लौटने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए जिलाधिकारी अमन समीर के दिशा निर्देश और सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा के मार्ग दर्शन में विशेष रूप से पोलियो का अभियान संचालित किया जाएगा। उक्त बातें जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर सिंह ने कही। जिसको लेकर शहरी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन और बस स्टेंड में प्रवेश करने और निकास द्वार पर आगामी 24 से 29 मार्च तक ट्रांजिट दल को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। ताकि ट्रांजिट दल के माध्यम से 0 से 5 साल आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा का सेवन कराया जाए। हालांकि इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर निदेशक के माध्यम से जिलाधिकारी को विशेष रूप से आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया है । जिलाधिकारी के दिशा निर्देश में चलाया जाएगा पोलियो का विशेष अभियानः सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि शहरी क्षेत्र के रेलवे जंक्शन, कचहरी स्टेशन और बस स्टैंड के प्रवेश एवं निकास द्वार सहित रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर दो सदस्यीय टीम बहाल करने को लेकर जिलाधिकारी अमन समीर के दिशा निर्देश में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी को अनिवार्य रूप से ट्रांजिट टीम गठन करने के लिए निर्देशित किया गया है। जहां पर आने वाले अभिभावकों के साथ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस विशेष अभियान के दौरान एक भी बच्चा छूटे नहीं इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों सहित टीम के अन्य कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई है।

# 7 करोड़ 4 लाख रुपए की विकास राशि से चकाचक होगा सासाराम निगम

## दर्जन स्थानों पर लगेंगे इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल लाईट, शहर की यातायात व्यवस्था में अब जल्द होगी सुधार

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय में ट्रैफिक कंट्रोल स्मार्ट होने जा रहा है, अब ट्रैफिक को पुलिस नहीं, बल्कि यातायात-व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए शहर के चौक-चौराहे पर लगाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल लाईट सिस्टम से ट्रैफिक की निगरानी होगी। शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव और सड़कों पर आावगमन सुगम करने के लिए अब बड़े शहरों की तर्ज पर सासाराम शहर में भी इलेक्ट्रोनिक ट्रैफिक सिग्नल लाईट लगाने का कार्य शुरू हो गया है। शहर में छह स्थान चिन्हित हैं, जहां ये ट्रैफिक सिग्नल लाईट लगाए जा रहे हैं और फिर बड़े शहरों की भांति वाहन चालकों को लाल बत्ती पर रुकना और फिर हरी बत्ती पर आवागमन चालू होने के नियमों का पालन करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि शहर के मुख्य सड़क पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण पोस्ट ऑफिस चौराहा के अलावे कई जगहों पर बार-बार जाम की स्थिति बनी रहती है। यही वजह है कि जिला प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए जिला मुख्यालय स्थित शहर के मुख्य मार्ग के आधा दर्जन चौराहों पर इलेक्ट्रोनिक ट्रैफिक सिग्नल



लगाने का निर्णय कुछ वर्ष पहले ही ले लिया गया था। जो अब 7 करोड़ 4 लाख रूपए की राशि से जिला मुख्यालय में चिन्हित 6 चौराहे पर इलेक्ट्रानिक ट्रैफिक सिग्नल लाईट लगाया जा रहा है। जिसका कंट्रोल रूम नगर निगम में होगा। ट्रैफिक लाईट लगाने का कार्य बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम यानि बुडको के माध्यम से कराया जा रहा है। जिला मुख्यालय में मार्च के आखिरी तक ट्रैफिक सिग्नल लाईट लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया जाएगा, उसके बाद इसका ट्रायल किया जा सकेगा।

**छह चौराहों पर काम ट्रैफिक सिगनल लाईट लगाने का कार्य शुरू :** बुडको के एसडीओ जितेन्द्र कुमार ने बताया की नगर निगम स्थित सासाराम शहरी क्षेत्र में फिलहाल छह चौराहों पर पहले फेज में इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिगनल लाईट लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसमें पोस्ट ऑफिस चौराहा, करगहर रोड मोड़, सर्किट हाउस मोड़ काली स्थान, प्रभाकर रोड मोड़, धर्मशाला चौक एवं बौलिया मोड़ आदि जगहों पर इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल लाईट लगाने का कार्य किया जा रहा है।

**ऑटोमेटिक काम करेंगे लगे नए लाईट :** बुडको के एसडीओ ने बताया कि यह ऑटोमेटिक चेंजर सिग्नल समय के अनुसार काम करेगी और जो टाइम फिक्स किया जाएगा। उसे टाइम पर यह वर्तमान में या लाइट ऑटोमेटिक चेंज करेगी। इसमें टाइमिंग सेट किया जाएगा। उस टाइम के हिसाब से लोगों को लाल हरी और पीली बत्ती के सिग्नल मिलते रहेंगे, जिससे जब चाहे ऑटोमेटेकली फिक्स कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बैकअप पावर बटन है, लाइट चले जाने के बाद भी यह ऑटोमेटिक काम करेगा। जिसे यातायात विभाग के द्वारा समय निर्धारित कर दिया जाएगा।

**यातायात नियमों का पालन करना होगा जरूरी :** सासाराम वासियों को अब ट्रैफिक लाइट लगने से लोगों को धीरे-धीरे आदत पड़ जाएगी। पहले जिला पुलिस प्रशासन को काफी मेहनत करना पड़ता था। अब ट्रैफिक पुलिस साइड में खड़े रहकर ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए नजर आएगी। इससे लोगों को भी सिग्नल देखने में आसानी होगी और लोग जान सकेंगे की कितने समय के लिए कहां-कहां ट्रैफिक लगती है। अब ट्रैफिक सिग्नल पर बड़े-बड़े अधिकारी एवं मंत्रियों सहित अन्य सभी को यातायात के नियमों का पालन करना होगा।

# हत्या मामलें में सात आरोपियों को हुई आजीवन कारावास

## दो साल पूर्व नशे में घटना को दिया था अंजाम

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) नशे में मारपीट कर हत्या करने से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए एक्साइज अधिनियम के विशेष न्यायाधीश द्वितीय सुधाकर पांडेय की अदालत ने सात अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस मामले में राजेश पासवान, ददन पासवान, श्याम बिहारी राम, सुग्रीव राम, मालती देवी, सिंधु देवी एवं सरिता देवी सभी निवासी ग्राम नीमा, थाना राजपुर को उक्त सजा सुनाई है।

मामले की प्राथमिकी राजपुर थाना में दो साल पूर्व ग्राम नीमा, थाना राजपुर निवासी मनोरमा देवी ने दर्ज कराई थी। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक रमेश कुमार रमण ने बताया कि उक्त घटना दो साल पूर्व 22 सितंबर 2022 को राजपुर थाना क्षेत्र के नीमा गांव में रात्रि 8:30 बजे घटी थी। घटना तिथि को मामले के सभी चारों पुरुष अभियुक्त शराब के नशे में धुत होकर तीनों महिला आरोपियों के साथ मिलजुल कर मामूली विवाद के चलते मामले की सूचिका मनोरमा देवी के पति पाली राम को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसके बाद बेहतर इलाज के दौरान सदर अस्पताल, सासाराम में पाली राम की मृत्यु हो गई थी। अभियोजन पक्ष के द्वारा इस मामले में कुल नौ गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी। वही कोर्ट ने सातों आरोपियों को अर्थदण्ड की भी सजा सुनाई है। जिनमें राजेश पासवान को एक लाख का एवं अन्य अभियुक्तों पर पचास- पचास हजार रुपए के जुमार्ना एक्साइज अधिनियम की धारा 37 एवं भारतीय दंड विधान की धारा 302 में लगाया गया है।

# बिजली बिल नहीं जमा करने पर सरकारी विभागों की बती होगी गुल

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल अंतर्गत सरकारी कार्यालयों का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने पर विद्युत कनेक्शन काटने हेतु शीर्ष कंपनी द्वारा निर्देशित की गई है। शीर्ष कंपनी द्वारा पत्र के माध्यम से दिये गए निर्देश में उल्लेखित है कि बकाया विपत्र का भुगतान 20 मार्च तक कि जाय अन्यथा बिजली कंपनी संबंधित विभागों का विद्युत संबंध इसी माह विच्छेदित कर देगी। आपको बता दें कि नगर परिषद बिक्रमगंज पर 92899285, नगर पंचायत कोआथ पर 7203085, बीडीओ ऑफिस दिनारा पर 242403, प्रखंड संसाधन केंद्र दावथ पर 150259, समुदायिक भवन संझौली पर 128043, वेलफेयर ऑफिस बिक्रमगंज पर 330376, अंचल कार्यालय बिक्रमगंज पर 781022 आदि पर बकाया है। सहायक विद्युत अभियंता सह एसडीओ विद्युत विभाग बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया की हर माह लगातार बकाया राजस्व की राशि बढ़ने से कंपनी के ऊपर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा है। जिससे निबटने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर वसूली करने का निर्णय लिया गया है तथा जिनका भी बिजली बिल बकाया है वह जमा कर दें, अन्यथा विभाग द्वारा आपका विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया जाएगा।

# मद्य निषेध की टीम ने चौथे दिन भी कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास से शराब किया बरामद

## स्विफ्ट कार में शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शराबबंदी वाले इस बिहार में शराब की तस्करी धरल्ले से हो रही है। शराबबंदी के बावजूद धरल्ले से शराब खेप दूसरे राज्यों से बिहार में आ रही है। शराब तस्कर दूसरे राज्यों से बिहार में शराब लाने के लिए नए-नए जुगाड़ कर रहे है।हालांकि भोजपुर की मद्य निषेध विभाग की टीम लगातार शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चला रही है।भोजपुर मद्य निषेध विभाग की टीम ने चौथे दिन भी पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा से एक स्विफ्ट कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है।मद्य निषेध विभाग की टीम ने यह कार्रवाई मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा से की है। मिली जानकारी के अनुसार मद्य निषेध



विभाग को सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट कार में शराब तस्कर शराब लेकर जा रहे हैं। कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर पहले से तैनात मद्य निषेध विभाग की टीम ने जब कार को रोका और जब कार की जब जांच की गई तो कार में भारी मात्रा में अलग-अलग ब्रांड के शराब बरामद हुए। सहायक उत्पाद आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। मंगलवार को जांच के क्रम में स्विफ्ट कार से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है। 8 पीएम शराब की 14 कार्टून, बैग पाइपर शराब की 2 कार्टून वही ऑफिसर चॉइस शराब की 4 कार्टून मद्य निषेध विभाग की टीम ने गाड़ी से बरामद किया है। स्विफ्ट कार के साथ मद्य निषेध विभाग की टीम ने पटना के बुद्धा कॉलोनी निवासी सूरज महतो के पुत्र अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। मालूम हो कि मद्य निषेध विभाग की टीम ने अभी तक कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास से गुप्त सूचना के आधार पर करीब 1078.02 लीटर अंग्रेजी शराब व 550 लीटर महुआ शराब को बरामद किया है।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से अधिक सीट जीतेगी : साधना सिंह

## भाजपा ने हमें उचित सम्मान दिया

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर। भाजपा ने हमें राज्य सभा सांसद बनाकर उचित सम्मान दिया है। मंगलवार को सुबह 9 बजे मां मुण्डेश्वरी का दर्शन करने के बाद लौटते समय केकड़ा प्रवास के दौरान कही। मुगलसराय (उत्तर प्रदेश) विधानसभा से पुर्व विधायक साधना सिंह को पिछले माह भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कोटा से राज्य सभा सांसद बनाकर भेजा है। आज सुबह अपने परिजनों के साथ मां मुण्डेश्वरी दर्शन करने गई थी।

लौटते समय सांसद ने केकड़ा गांव में चन्दन सिंह के घर रूकी हुई थी। उन्होंने ने प्रेस से वार्ता करते समय कही अगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से अधिक सीट जितेगी। उन्होंने ने कहा राज्य सभा सांसद बनाकर भाजपा ने अपने समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान दिया है। आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए के प्रर्दशन के सवाल पर कहा एनडीए बिहार में सभी 40 सीटें जितेगी। सांसद कहा मेरा नीजी धार्मिक यात्रा है। सुबह 9 बजे केकड़ा गांव पंहुचने पर राज्य सभा सांसद साधना सिंह का मणी सिंह सदस्य जिला परिषद कैमूर मुखिया बबलू सिंह ऋषि सिंह कमला सिंह पप्पू देवी रामप्रसाद यादव सर्वेश सिंह मिथलेश कुमार सिंह काशी नाथ सिंह रामजी पाण्डेय अनिल सिंह राजेंद्र सिंह हरिष सिंह रोशन सिंह आदि लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# सेवा, दया, करुणा और क्षमाभाव में श्रेष्ठ हैं महिलाएं : श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर। विश्व विश्रुत श्रीवैष्णव परिव्राजक संत श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कैमूर के हरला में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में अपने प्रवचन में कहा कि भारतीय संस्कृति में आदिकाल से हीं नारियां सबसे अधिक आदरणीय मानी जाती रही हैं।

पूज्य स्वामी जी ने कहा कि हमारी संस्कृति में प्रकृति, शक्ति, विद्या, बुद्धि और धन की अधिष्ठात्री देवियां हैं, माताएं हैं। इतना हीं नहीं भारत विश्व का एकमात्र देश है जिसे भारत माता कहा जाता है। हमारी राष्ट्र की अवधारणा का मूल नारी शक्ति है।

स्वामी जी महाराज ने कहा कि माताओं में स्थित सेवा, दया, करुणा, वात्सल्य और क्षमाभाव अतुल्य हैं। उनकी तुलना कोई नहीं कर सकता।

द्रौपदी जी का उदाहरण देते हुए पूज्य स्वामी जी ने कहा कि उन्होंने



अपने सोए हुए पुत्रों की निर्मम हत्या करने वाले अश्वथामा की रक्षा के लिए अपने पतियों और गोविंद से बार बार प्रार्थना की।

अंततः भगवान श्रीकृष्ण के हस्तक्षेप से उसे प्राणदान दिलाया। भगवान ने अभिमन्यु पत्नी उत्तरा की याचना पर उसके गर्भ में स्थित परीक्षित की अश्वथामा के अशम्य ब्रह्मास्त्र से रक्षा की और पाण्डवों की वंश परंपरा कायम रखी। यह सब माता का हीं प्रताप है। श्रीवैष्णव संप्रदाय का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने बताया कि इस संप्रदाय की परम आचार्य भगवती लक्ष्मी जी हैं। गुरु होने के लिए दो बातें आवश्यक हैं- उनके गुरु हों और शिष्य भी हों। लक्ष्मी जी के गुरु भगवान श्रीमन्नारायण हैं और शिष्य परंपरा स्वामी रामानुजाचार्य से निरंतर वर्धमान है।

स्वामीजी ने कहा कि जिनके जो आराध्य हों शिव, पार्वती, अन्नपूर्णा, हनुमान जी उनकी आराधना करें। साथ साथ अपना समर्पण सबके मूल परमात्मा श्रीमन्नारायण को निरंतर रहे यही असली पूजा और साधना है। जिससे मनुष्य का सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रीलक्ष्मी-नृसिंह मंदिर वाराणसी के युवराज श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज ने गुरु के महत्व और उनकी कृपा से प्राप्त होनेवाले अवदानों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शास्त्रीय एवं लौकिक उद्धरणों के माध्यम से सफल मानव जीवन के सूत्रों के बारे में बताया।

प्रवचन में स्वामी जी के परमशिष्य प्रोफेसर श्याम सुंदर दूबे, रेडक्रास सचिव प्रसून कुमार मिश्र, अधिवक्ता अरुण तिवारी, दिवेश कुमार तिवारी, आयोजन समिति अध्यक्ष बलदाऊ जी पाठक, सचिव मदन उपाध्याय, कोषाध्यक्ष बाल मुकुंद पाठक, स्वयंसेवक कुंदन पाठक, सुनील पाठक, चंद्रेश्वर पाठक, संदीप पाठक, आचार्य अत्रि भारद्वाज, आचार्य मनोज पाण्डेय, ध्रुव तिवारी, विकास चौबे आदि श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

# लोक शिकायत निवारण सम्बंधित बैठक संपन्न

कैमूर। भूमि विवाद/मद्यनिषेध/खनन टास्कफोर्स/ लोक शिकायत निवारण अधिनियम (राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित) की समीक्षात्मक बैठक कैमूर डीएम के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में अगली बैठक में भूमि विवाद से संबंधित केस का सम्पूर्ण प्रतिवेदन के साथ भाग लेने,ससमय पर दाखिल खारिज क्या आवेदन का निष्पादन करने का निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भूमि विवाद से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिये। बैठक में अपर समाहर्ता,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ/मोहनिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता भभुआ/मोहनिया,अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मोहनिया, डीएसपी मुख्यालय, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आरा में दो दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर चौकीदार के पुत्र की पिटाई

आरा। भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के करीसाथ स्टेशन पर सोमवार की देर शाम दो दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर चौकीदार के पुत्र की मुक्के-घुसे एवं पंच से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गजराजगंज थाना क्षेत्र के नवादाबेन गांव निवासी सह नवादाबेन गांव के चौकीदार गणेश यादव का 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार है। इधर सन्नी कुमार ने बताया कि उसके गांव में दो दिन पूर्व मेला लगा है। जहां गांव के सभी बच्चे,लड़के एवं लड़कियां झूला झूलने के लिए आई थी। वहां पर गांव के ही कुछ युवकों द्वारा जब लोग झूला झूल रहे थे तो वह झूला की ओर छलांग रहे थे।

# नो पार्किंग में गाड़ी लगाना पड़ा महंगा, 118 गाड़ी का चालान काटा गया

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास): बिक्रमगंज शहर में नो पार्किंग में गाड़ी लगाना पड़ा महंगा बिक्रमगंज थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि बिक्रमगंज में आचार संहिता लगने के बाद एवं पर्व त्यौहार को



देखते हुए बढ़िया अधिकारियों के आदेश पर नो पार्किंग में खड़े गाड़ियों का 118 गाड़ियों का चालान काटा गया श्री प्रसाद ने बताया कि टोटल चालान एक लाख 96 हजार पांच सौ रुपए का चालान काटा गया है।

इस अभियान का नेतृत्व सी सोनी कुमारी चौधरी एवं पी एस आई प्रदीप कुमार मंडल के नेतृत्व में अपने पुलिस बल बल के साथ बिक्रमगंज में सासाराम रोड आरा रोड में 118 गाड़ियों की चलन काटी गई। श्री मंडल ने बताया कि आम लोगों से आगरा किया गया कि नो पार्किंग में गाड़ी नहीं लगे अगर नो पार्किंग में गाड़ी लगाई जाती है तो किसी को बक्सा नहीं जाएगा और सबका चालान काटा जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया अंनप्रासन दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) प्रखंड के सभी आँगनवाडी केंद्र पर अंनप्रासन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आभा कुमारी, महिला पर्यवेच्छिका किरन कुमारी, उर्मिला कुमारी,स्वास्थ्य प्रोग्राम लीडर अर्जुन गोस्वामी ने ग्राम कादवा गौरीशंकर टोला, कदवा केंद्र संख्या 150, बराव केंद्र संख्या 88 एवं बराव केंद्र संख्या 87 पर दीप प्रज्वालन कर उद्घघाटन के साथ कार्यक्रम की शुरूवात किया गया कार्यक्रम की आंगनबाड़ी संबंधित केंद्र की सेविका पुष्पा देवी गौरीशंकर टोला, प्रेमलता देवी केंद्र संख्या 150 कादवा, रुमा देवी बरावा ए डब्ल्यू सी 88 एवं कलावती देवी 87 बराव ने किया। पिरामाल स्वास्थ्य के अर्जुन गोस्वामी एवं आभा कुमारी ने अंनप्रासन( मुह जूठी) के बारे मे



विशतार पूर्वक बताया एवं साथ ही साथ यह भी चर्चा किया की क्यो बच्चे के छह माह पूर्ण हो जाने पर मुंह जूठी अवश्य कराएं। साथ कैसे कुपोषण से बचा जा सकता है एवं बच्चे का सर्वांगिक विकाश किया जा सकता है, साथ ही साथ बच्चे के जीरो से छः माह तक सिर्फ मां का दुध देना, छः माह पूर्ण होने पर उपरी आहार, उपरी आहार मे विभिन्नता, उसकी उम्र के साथ आहार की मात्रा, हैंड वॉश, स्वछता, आदि विषयों पर भी विशतार पूर्वक बताया गया। मौके पर धात्री माता, अन्य ग्रामीण, वार्ड मेंबर, किरन कुमारी, उर्मिला कुमारी ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# शहरी गांव में चाकू मार किया जख्मी स्थिति चिंताजनक

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के शहरी गांव में आपसी विवाद मे चाकू मारकर एक व्यक्ति को जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है। जख्मी व्यक्ति शहरी गांव निवासी 45 वर्षीय उमेश प्रसाद पिता भोला राम बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दो पक्षों में आपसी विवाद था जिसको लेकर मंगलवार को दोपहर में एक एफआईआर दर्ज किया



गया था। जब एफआईआर दर्ज हुआ तो विपक्षीयों ने अचानक हमला बोल दिया और चाकू से वार कर बुरी तरह से एक व्यक्ति को जख्मी कर दिया। परिजनो के अनुसार बताया जाता है उमेश प्रसाद पकौड़ी खरीदने दुकान पर जा ही रहे थे की पांच की संख्या में लोगों ने उनपर चाकू से हमला कर दिया। जिसमे वो बुरी तरह से जख्मी हो गए।

जैसे ही गांव में चाकू मारने की खबर लगी तो परिजन व ग्रामीण जख्मी उमेश प्रसाद के पास पहुंचा कर उन्हे आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी काराकाट ले गए जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन जख्मी का नाजुक स्थिति देख चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी अपने दल बाल के साथ सीएचसी पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि परिजन जख्मी का इलाज कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गये है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र सबार में कैंप लगाकर एचआईवी एड्स हीमोग्लोबिन तथा शुगर के मरीजों का हुआ जांच

प्रात: किरण संवाददाता

रामपुर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र सबार में डॉ सुनील कुमार एवं भभुआ से आई हुई नर्स के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर लगभग 350 लोगों की एचआईवी एड्स हिमोग्लोबिन तथा शुगर का जांच किया गया जांचों परांत उन लोगों के बीच दवा भी वितरण की गई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के महिला पुरुष के साथ-साथ गर्भवती महिला भी शामिल रही। डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया की प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज गांवों में रहने



वाले लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं इस वजह से पंचायत स्तर पर उप स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर लगाकर मरीजों की जांच की जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोगों को जांच कराने में असुविधा न हो।

# आरा में सीएससी संचालक से दिनदहाड़े डेढ़ लाख रुपए की लूट

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के सारसीवान चौक पर मंगलवार की दोपहर हथियारबंद अपराधियों ने हथियार के बल पर सीएससी संचालक को बंधक बना सीएससी केंद्र से डेढ़ लाख रुपए की लूट कर ली। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने संचालक को सीएससी केंद्र में बंद कर आगे से शटर गिरा मौके से हथियार लहराते हुए फरार हो गए। दिनदहाड़े इस लूट की इस वारदात के बाद आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही धोबहा थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल



पर पहुंचे मामले की। छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीएससी केंद्र एवं आसपास के इलाके में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार पीड़ित सीएससी संचालक बड़हरा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी सोनू कुमार यादव है एवं सारसीवान चौक पर वर्ष 2020 से ही एसबीआई बैंक का सीएससी केंद्र चलाते हैं।

इधर पीड़ित सीएससी संचालक सोनू कुमार यादव ने बताया कि पहले एक आदमी आया और बोला कि मेरा पीएनबी का खाता है पैसा निकल जाएगा तो उन्होंने कहा कि निकल जाएगा। उसके बाद उसने कहा कि ज्यादा नहीं निकलेगा तो उन्होंने कहा कि ज्यादा नहीं निकलेगा। इसके बाद उसने कहा कि ठीक है मैं बाद में आता हूं।थोड़ी देर बाद वह तीन की संख्या में आया और उनके सिर पर पिस्टल भिड़ा कर उनके एसबीआई के सीएससी केंद्र से डेढ़ लाख रुपए की लूट कर ली। साथी उनका मोबाइल,लैपटॉप बैग सहित वह भी अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद जैसे ही मैं अंदर आया तभी उन्होंने मुझे अंदर धकेल दिया और शटर गिरकर भाग गए। वही धोबहा थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित सीएससी केंद्र के बताए जाने के अनुसार अपराधियों की संख्या तीन बताई जा रही है और सभी ने मास्क से मुंह ढका था और वह अपाची बाइक पर आए थे और लूट की घटना को अंजाम देकर भाग निकले। हालांकि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

कृष्णाब्रह्म (बक्सर) कृष्णाब्रह्म थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के अरक गांव में छापेमारी अभियान चला 118 लीटर बंटी बबली ब्रांड देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन अन्य भागने में सफल रहे। पुलिस को यह सफलता अरक बिंद टोली मुहल्ला से मिली है। इस मामले में पुलिस ने कुल चार लोगों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान स्थानीय गांव के धर्मेन्द्र सिंह के रूप में की गई है। जबकि फरार होने वाले तस्करों में विजय राम उर्फ लूटन राम, विटोरी राम, बिरिजेश राम शामिल है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### अपराधियों ने दिनदहाड़े दूध व्यवसायी को मारी गोली

चौसा (बक्सर) जिले में बेखौफ हो चुके अपराधियों ने एक दूध व्यवसायी को दिनदहाड़े गोली मार जख्मी कर दिया है। घटना सोमवार सुबह मुफसिल थाना क्षेत्र के हुंकहा गांव के पास की है। जख्मी दूध व्यवसायी की पहचान इसी थाना क्षेत्र के ईजरी बुधन गांव निवासी स्व. वीर बहादूर सिंह के 45 वर्षीय पुत्र नंदजी सिंह के रूप में की गई है। घटना के तत्काल बाद स्थानीय पुलिस तथा आस पास में मौजूद लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर ले जाया गया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। उसके परिजन उसे लेकर आरा के एक निजी अस्पताल में गए है। जहां उसका इलाज जारी है। गोली उसके पीठ में दाहीने तरफ लगी तथा तथा दिल के पास आकर फंस गई है।

### रेलवे सुरक्षा बल ने व्यक्ति का गुम हुआ बैग सौंपा

डिहरी ऑन-सोन (रोहतास) रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम बिलास राम ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुपालन में गाड़ी संख्या-13350 के जनरल कोच में से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में प्रधान आरक्षी एच के पासवान द्वारा अटेंड कर यात्री के छूटे हुए काले रंग का पिठू बैग को उतारा गया था एवं इसकी सूचना यात्री को दी गई थी। प्राप्त सूचना पर यात्री प्रियरंजन पिता धीरेंद्र कुमार ग्राम-परैया खुर्द थाना परैया जिला गया, बिहार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन पर अपना बैग लेने हेतु उपस्थित हुए जिन्हें बैग को दिखाया गया तो उन्होंने अपने बैग का पहचान किया तथा उसमें रखे सभी सामान सही पाया। बाद में यात्री का सत्यापन करने के उपरांत बैग को सही सलामत सुपुर्द किया गया। इस कार्य के लिए उन्होंने आरपीएफ को धन्यवाद दिये।

### पुलिस ने आर्म्स एक्ट में दो अभियुक्त को भेजा जेल

नसरीगंज (रोहतास) पुलिस ने आर्म्स एक्ट में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि अमझोर थाना क्षेत्र के रामडीहरा निवासी मंगल गोस्वामी एवं सरैया निवासी अरविंद कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के विरुद्ध कछवां थाना में कांड संख्या 27/24 के आलोक में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था।

### नाबालिग से छेड़खानी मामलें में प्राथमिकी दर्ज

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के मलपुरा गांव से एक मनचले युवक ने नाबालिक के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बारे में नाबालिक के अनुसार बताया जाता है कि 18 मार्च सोमवार करीब चार बजे दरवाजे पर बैठी अकेला देख नाबालिक को जबरन सर का बाल पकड़ कर गांव के खंडहरनुमा घर में गलत नियत से ले गया जहां छेड़खानी करने लगा। जहां नाबालिक ने विरोध किया तो युवक ने नाबालिग से मारपीट कर हाथ तोड़ दिया। नाबालिक के बयान पर थाना में 19 मार्च को मलपुरा गांव निवासी 25 वर्षीय बिटू कुमार पिता मनोज चौधरी पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने उक्त मामले में जानकारी लेने पर बताया कि मामला आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सीएसपी केन्द्र से डेढ़ लाख की लूट

आरा। दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने हथियार के बल पर एसबीआई बैंक के सीएसपी केन्द्र में लूटपाट की। भोजपुर जिला के धोबहां थाना क्षेत्र के सारसिवान गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने रइकग्राहक सेवा केंद्र से डेढ़ लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सोनू कुमार यादव ने बताया कि तीन की संख्या में हथियार बंद अपराधी अचानक वहां पहुंचे और हथियार दिखाकर डेढ़ लाख रुपए नगद, लैपटॉप और मोबाइल फोन सहित कई अन्य सामान लूट लिये। संचालक ने बताया कि अपराधी मेरी बाइक का पीछा करते हुए आए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईटेंशन तार के चपेट में आने के कारण एक व्यक्ति की हुई



अरवल। हाईटेंशन तार के चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मिली जानकारी के अनुसार करपी थाना क्षेत्र के पचकेसर गांव निवासी संतोष कुमार मोटर के माध्यम से अपने घर पटवन कर रहे थे घर के ऊपर से 11000 हाई टेंशन तार की गुजर रही थी इस दौरान चपेट में आए गए जहाँ गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सदर हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। इस लेकर परिवार वालों में रो-रो पर बुरा हाल है।

### शेरघाटी में अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



शेरघाटी।थाना क्षेत्र के बनिया ब्राउन गांव गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लगभग 15 डिसमिल जमीन में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया है, थानाध्यक्ष से आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि पुलिस को गुप्त रूप से सूचना मिली थी, कि गांव में अफीम की खेती चोरी छुपे की जा रही है. जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया है. उन्होंने बताया की खेती करने वाले एवं जमीन मालिक की पड़ताल की जा रही है उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

### परिजनों के पताड़ना से तंग आकर नाबालिग ने किया आत्महत्या

शेरघाटी।परिजनों के प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिग लड़की ने फांसी में लटक कर आत्महत्या कर लिया।मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा हुआ है। थाने में तैनात एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की के उसे परिजन प्रताड़ित कर रहे थे। इसलिए लड़की ने आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। वहीं दूसरी ओर लड़की के परिजनों की ओर से भी थाने में शिकायत की गई है, इधर जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ट्रेनिंग आईपीएस शिवम धाकड़ ने बताया कि लड़की की हुई मौत की घटना के बाद हर पहलुओं पर पुलिस लगातार जांच करने में जुटी हुई है।

### छोटा कमरा होने से जिला अभियोजन कार्यालय में हो रही परेशानी

औरंगाबाद।व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए इस माह अतिरिक्त 15 नये सहायक अभियोजन पदाधिकारी आने से अभियोजन पदाधिकारीयों की संख्या बढ़कर पहली बार दहाई अंक पहुंच गई है। जिससे उन्हें मजबूरन छोटी पुरानी क्षतिग्रस्त कमरे से बाहर टेबुल लगाकर बैठना पड़ रहा है। जिससे अभियोजन पदाधिकारीयों में काफी असंतोष व्यक्त है। जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि दस बाई बीस का छोटा कमरा है। पहले से यहां उमेश कुमार, संजय कुमार सिंह, नवीन चतुर्वेदी, विकास कुमार, द्वारिका प्रसाद के अलावे पांच अन्य कर्मचारी बहुत मुश्किल से एक कमरे में काम कर पाते हैं, ऐसी स्थिति में पन्द्रह अन्य सहायक अभियोजन पदाधिकारी के आने से सभी को मजबुरन बाहर कुर्सी लगाकर बैठना पड़ रहा है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को दी बधाई



गया। एन डी ए से पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी को गया लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार घोषित होने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने शॉल मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया और गया लोकसभा से जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं एन डी ए का एक एक कार्यकर्ता देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को 400 प्लस सीट जिताकर तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अरवल। पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।वंशी थानाध्यक्ष संजीव कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर बलौरा गांव से तीन एवं अनुआ गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया ।थाना अध्यक्ष ने बताया कि बलौरा गांव से ललन कुमार यादव नीरज कुमार एवं मुनचुन यादव को गिरफ्तार की गई। वहीं अनुवा गांव से संजय पासवान को गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि सभी को जेल भेजा गया।

# नगर परिसद में ठोस अपशिस्ट प्रसंस्करण का हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी ।घर घर कचड़ा उठाव को लेकर ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई नगर परिषद शेरघाटी का उद्घाटन मंगलवार को नियमित सफाई कर्मी सुरेंद्र डोम ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, उप नगर आयुक्त पुष्कर कुमार पुष्प, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पवन किशोर, पार्षद संतोष कुमार सिंह, अशोक सिंह, अजीत कुमार सिंह आदि के मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।लोगों ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का कार्य शुरू हो गया है। नगर क्षेत्र के सभी 28 वार्डों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत घर घर से कचरे का उठाव कर इसका प्रोसेसिंग किया जाएगा। इसके लिए सभी घरों में दो डस्टबिन उपलब्ध कराया गया है ।कचरा एकत्रित होने के बाद उसकी छटनी होगी इसके बाद कचरा से उर्वरक आदि बनाने का कार्य किया जाएगा। शहर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाने को लेकर शहर के सभी गली मुहल्लों से कूड़े कचरे का उठाओ नियमित रूप से किया जाएगा। इसके साथ ही शहर वासियों से भी शहर को साफ सुथरा रखने में सहयोग की अपील किया गया है। इस तरह स्वच्छता कर्मियों के अलावा स्वच्छता सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



करपी (अरवल)लोक सभा चुनाव को लेकर प्रखंड सभा कक्ष में सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा ने किया। इन्होंने बताया कि करपी प्रखंड में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से उनके क्षेत्र में पडने वाले मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा निर्देश दिया गया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वहां बिजली, पानी, रैम्प एवं कमरे का खिड़की दरवाजा इत्यादि के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट दें जिससे कि अतिशीघ्र जहां जिस चीज का अभाव हो उसे पूरा किया जा सके। इन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को संपन्न करवाने के लिए पूरी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है ।मतदाता बिना किसी परेशानी के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए सभी संभावित दिशा निर्देश सेक्टर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करवा दिया गया है। बैठक में अंचल अधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अंजली कुमारी, मार्केटिंग अफसर अर्जुन कुमार समेत सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट बैठक में उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में पोस्टर के आवेदन मिलने के बाद ही एजेंसी द्वारा मुद्रण का कार्य किया जाए: उप विकास आयुक्त

प्रात: किरण संवाददाता



गया। लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त, गया विनोद दूहन की अध्यक्षता में गया जिले के प्रिंटिंग प्रेस बैनर, पंपलेट, पोस्टर इत्यादि के मुद्रकों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

उप विकास आयुक्त, गया द्वारा बताया कि लोकसभा चुनाव के अवसर पर उम्मीदवार तथा उनके प्रतिनिधि द्वारा चुनाव प्रचार हेतु पोस्टर, बैनर, पैंपलेट इत्यादि का मुद्रण कराया जाता है, जिसका स्पष्ट व्यय ब्यौरा प्राप्त किया जाना है। जिससे उम्मीदवार द्वारा खर्च ब्यौरा देते समय सही जानकारी दिया जा सके। सर्वसम्मति निर्णय लिया गया है की यदि कोई उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधि चुनाव प्रचार हेतु पोस्टर, बैनर, पंपलेट इत्यादि का मुद्रण करते हैं तो वह एजेंसी को अपने नाम से आवेदन देंगे, जिसमें मुद्रण हेतु स्पष्ट संख्या लिखा हो कि कितना प्रति छापना है। सभी को निर्देश दिया गया की आवेदन मिलने के बाद ही एजेंसी द्वारा मुद्रण का कार्य किया जाए। मुद्रक द्वारा मुद्रित पोस्टर, बैनर, पैंपलेट इत्यादि पर एजेंसी का नाम, पता एवं क्रम संख्या अनिवार्य रूप से देंगे ताकि संख्या का पता चल सके। इस बैठक में लिए गए निर्णय का शत प्रतिशत अनुपालन गया जिला के सभी प्रिंटिंग प्रेस द्वारा किया जाएगा। इसबैठक में जिला जन संपर्क पदाधिकारी, विभिन्न मुद्रकों का प्रोपराइटर,प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# फाग गीतों पर झूम उठी राष्ट्रीय महिला परिषद की सदस्य

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है वैसे ही कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से रुक्मिणी सरोवर स्थित हनुमान मंदिर में साप्ताहिक हनुमान चालीसा केंद्र में होली उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम सदस्यों ने सामूहिक हनुमान चालीसा के साथ विशेष पूजा कर अर्चना मंगल आरती की। इस दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ आज बिरज में होली रे रसिया.... राम के हाथ जनक पिचकारी.... गोरिया कर के सिंगार अंगना में पिसेली हरदिया पर एक से बढ़कर एक फाग गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। होली के पारंपरिक गीतों पर पूरा उत्साह नजर आया। लोगो ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया ।मौके पर जिला मंत्री बीणा गिरी ने बताया कि होली हम सभी सदस्यों के बीच एकता और भाईचारे का संदेश देता है। गिले शिकवे को दूर कर होली पर्व को मनाना चाहिए। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक, सरिता त्रिपाठी, पूनम देवी, सरिता देवी, सविता देवी, रेखा देवी,काजल कुमारी, सुशीला देवी एवं पीहू कुमारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# चुनाव को लेकर पुलिस मुस्तैद शराब कारोबारी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी ।लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए शेरघाटी पुलिस की कार्रवाई हुई तेज पुलिस ने थाना क्षेत्र के घाघर गांव के निकट से मोटरसाइकिल पर लदा हुआ 15 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

वहीं भूजौल गांव के निकट कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग 170 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक आरोपी व बाइक को भी जप्त किया है।

वहीं पुलिस ने कार्रवाई के दौरान लगभग 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ झारखंड नंबर एक बाइक को भी जाप किया है, इधर जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सह ट्रेनिंग आईपीएस शिवम धाकड़ ने बताया कि चुनाव के मद्द नजर रखते हुए पुलिस की कार्रवाई तेज कर दी गई है। अलग-अलग इलाकों से लगभग 195 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तार कारोबारी के पहचान आमस थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव के रहने वाला गुड्डू कुमार एवं नवादा जिले के मेलपुरी गांव के रहने वाला सुधांशु कुमार के रूप में किया गया है। एक फरार आरोपी रोहित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मतदाता स्वेच्छापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करें : डॉ. उमाशंकर सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय स्पेशल कैंप के छठे दिन योगाभ्यास, व्याख्यान समारोह तथा मतदाता जागरूकता अभियान अभियान का आयोजन किया गया है। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने कुशल प्रशिक्षक निर्देशन में मनोयोग पूर्वक योगाभ्यास तथा योग व्यायाम किया है। योगाभ्यास करते समय सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित थे। योगासन के पश्चात का व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया है। एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी तथा दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्षा

डॉ. श्वेता सिंह ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी स्वयंसेवकों को उसे आत्मसात करने की बात पर विशेष जोर दिया है।

हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमाशंकर सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समय की माँग को समझते हुए सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को अपने समाज तथा राष्ट्र के नव निर्माण तथा विकास हेतु सभी मतदाताओं को मतदान के देने लिए प्रेरित करते हुए मतदान को महापर्व के रूप में मनाने का प्रयास कराना चाहिए।

सभी स्वयंसेवकों को अपने घर-बाहर, टोला बस्ती, कुटुंब, परिजन, परिचित, अपरिचित सभी मतदाताओं को उनके मताधिकार के मूल्य पर चर्चा करते हुए उन्हें किसी के बहकावे या तात्कालिक लोभ-लालच या दबाव में न आकर स्वेच्छा पूर्वक स्वस्थ यानी स्वच्छ मतदान करने के लिए बार-बार आग्रह करना चाहिए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा स्वयंसेवकों को पूर्ण अनुशासन पालन करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु सजग रहने की बात पर विशेष जोर दिया। साथ ही साथ अपनी बातों से उनके मनोबल को बढ़ाने का भरपूर प्रयास किया है।

व्याख्यान समारोह के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया एवं महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों में विभिन्न नारों का उद्घोष करते हुए मतदाता को जागरुक करने का प्रयास किया है ।चाहे जो मजबूरी हो,पर मतदान जरूरी हो।,जनतंत्र में प्राण भरेंगे, स्वेच्छा से मतदान करेंगे,आये चाहे आंधी तूफान,करना है फिर भी मतदान* स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित विविध कार्यक्रमों में अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अमृतेंदु घोषाल, रसायन विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश रंजन पांडेय, डॉ. धनंजय कुमार तथा विकास प्रताप सिंह, भौतिक विभाग के प्राध्यापक डॉ.अजय कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार कमल, जंतुविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा.राजेश कुमार सिंह तथा डॉ. पार्थ सारथी, मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. धनेश्वर राम, राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. किशोर कुमार पासवान तथा डॉ. मजहर किबरिया, हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूनम कुमारी, पाली विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिलीप कुमार एवं ला के प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार, एच.ए. अमरेश कुमार सिंह आदि ने अपना भरपूर सहयोग दिया है। आज के कार्यक्रम में प्रीतम कुमार, बिपिन साव, राजा साव, राजा, अविस, नागेंद्र, सरोज, सोनाली, सुप्रिया, पल्लवी कुमारी, शीतल, प्रियांसु, गुंजन, नैंसी, पम्मी, रीमा, रीना, प्रिया, निशा भारती, आस्था साहिब आदि स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के कार्यो की भरपूर सराहना की गई है।

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में समुदाय आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

गया ।आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम के दिशा निर्देश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि का लगातार संचालन किया जा रहा है। इस क्रम में गया जिले में "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में समुदाय आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में रंगोली, स्लोगन लेखन व प्रदर्शन, मतदान के लिए संगोष्ठी का आयोजन कर नये वोटर सहित सभी मतदाता को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में सार्वजनिक जगहों पर सेल्फी स्टैंडी लगाया गया, जहाँ आने जाने वाले लोग सेल्फी लेते हुए दिखे है।

# बीजेपी के पूर्व विधायक पर एक महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास): भाजपा के डेहरी से पूर्व विधायक रहे इंजीनियर सत्यनारायण यादव पर जिले के इंद्रपुरी थाने में एक महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। पीडित महिला की शिकायत पर पूर्व विधायक समेत तीन नामजद व 25 अज्ञात लोगो पर पुलिस ने केश दर्ज किया है तथा घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कमरनगंज निवासी भागमती देवी ने पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि पूर्व विधायक एवं उनके गुर्गो ने घर में रखें गहने, रुपए लूटकर जेसीबी से मकान को तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित महिला भागमती देवी के अनुसार कमरनगंज मौजा कटार में खाता संख्या 94 में 1.75 डिसमिल जमीन है। जिसमें खपरैल का मकान बनाकर वह वर्षो से अपने बाल बच्चों के साथ रहती चली आ रही है। लेकिन सुबह 5 बजे अचानक पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव अपनी पत्नी, पुत्र और करीब 50 की संख्या में गुर्गो के साथ आए तथा सभी को जबरन घर से बाहर निकाल कर जेसीबी मशीन से घर को तोड़ दिया। वहीं घर में रखें तकरीबन तीन लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर और नगद 35 हजार रुपए भी लेकर चले गए और जाते-जाते बाल बच्चों को जान से मारने की धमकी दी है। महिला का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सभी को बंधक बना कर रखा गया तथा महिला की बहू ने भी पूर्व विधायक पर बदतमीजी, गाली गलौज तथा मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि पूर्व विधायक उसे पैतृक जमीन से बेदखल करना चाहते थे। कई बार उन लोगों द्वारा पैसों का लालच भी दिया गया और जब बात नहीं बनी तो गुंडागर्दी पर उतर आए।

वहीं महिला के आरोपों पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने कहा कि महिला व उसके परिजनों द्वारा मारपीट का लगाया गया आरोप बिल्कुल निराधार है। जबकि इंद्रपुरी थाने में दर्ज प्राथमिकी की पुष्टि एएसपी शुभांक मिश्रा ने की है।

# संभावना वास उच्च विद्यालय में छात्राओं ने होली मिलन समारोह मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा में स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं एक दूसरे को गुलाल लगाते होली की बधाइयां दी इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ कुमार दिजेंद्र और प्राचार्य डॉक्टर अर्चना सिंह स्कूल के छात्छात्राओं को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया प्राचार्य डॉ अर्चना सिंह ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है जिसमें हम सब एक दूसरे से मिलकर एक दूसरे के साथ साझा करते हैं स्कूल के प्रांगण में एक साथ जूट होकर छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दिया वही स्कूल के निर्देशक डॉक्टर कुमार दिजेंद्र ने बच्चों के उत्साह को देखते हुए गुलाल और अबीर मय हुए प्रांगण को देख अपना हर्ष व्यक्त किया बड़े ही उल्लास पूर्ण वातावरण में अनुशासनात्मक ढंग से होली मिलन समारोह संपन्न हुआ।

# अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों की पदस्थापन की गई : पुलिस अधीक्षक

डेहरी ऑन सोन (रोहतास। रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि जिन चारों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों की पदस्थापन की गई है। उनमें आईपीएस शुभांक मिश्रा को एसडीपीओ (प्रथम) जिनका मुख्यालय डिहरी होगा। जिनके अधीन डिहरी नगर थाना , अकोढ़ीगोला थाना, दरिहट थाना, डिहरी (मुफस्सिल) थाना. आयरकोठा थाना इंद्रपुरी ओ पी, एवं डालमिया नगर ओ पी, इनके अधीन होगा।

इस तरह एसडीपीओ( द्वितीय) श्रीमती वंदना का मुख्यालय भी डिहरी होगा ।जिनके अधीन तिलौथू थाना, रोहतास थाना, नोहटा नौवहट्टा थाना, यदुनाथपुर थाना, चुटिया थाना, कमजोर आमझोर ओ पी, तथा चंद्रपुरा ओ पी शामिल है। इस तरह एसडीपीओ (प्रथम) दिलीप कुमार जिनका मुख्यालय सासाराम होगा। जिनके तहत सासाराम नगर थाना, शिवसागर थाना ,चेनारी थाना, बड़ीडी थाना, धोटाढ थाना, आलमपुर ओ पी, उगहनी ओ पी, दरिगव ओ पी, तथा कारवांडिया ओ पी, शामिल हैं। जबकि एसडीपीओ (द्वितीय ) कुमार वैभव का मुख्यालय कोचस रहेगा।

# इनर व्हील क्लब गया द्वारा नृत्य कर शमा बांधा

गया ।इनर व्हील क्लब का गया के द्वारा बोधगया स्थित वाटिका में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आए हुए अतिथियों का स्वागत पी पी सीमा भदानी ने किया है । इस मंच संचालन का कार्य भर बड़े ही चूटीले अंदाज में नीला तथा प्रियंका ने किया है । होली के गाने पर सदस्यों ने जोरदार नृत्य कर शमा बांध दिया है । समूह नृत्य रूचि तथा टीम ने किया है ।कृष्ण राधा भक्ति पर एक मनमोहक गायन की प्रस्तुति दी गई है ।खट्टी मीठी व्यंग्यो के साथ होली के सभी गाने पर नीला तथा श्वेता ने हास्य प्रस्तुति दी है ।हास्य रस से सराबोर लघु नाटक का मंचन किया गया जिसने सभी को हंसी से लोटपोट कर दिया है।

क्लब की वरिष्ठ सदस्यों ने आंटी नंबर वन गाने पर जोरदार प्रस्तुति दी है ।मजेदार गेम्स का कभी आयोजन किया गया है ।अंत में धन्यवाद ज्ञापन क्लब सचिव स्मिता पोद्दार ने दिया है ।होली के खास व्यंजनों का भी लुप्त सदस्यों ने उठाया है ।यह सभी कार्यक्रम का आयोजन कोषाध्यक्ष आभा सिंह द्वारा किया गया है।

# लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से समवन्य बनाकर काम करे : डीएम

गया ।जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला पंचायत राज कार्यालय एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग गया द्वारा कार्यान्वित नल जल योजनाओं को सतत चालू रखना आवश्यक है, जिसके लिए निर्देश दिया जाता है कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, गया जिला अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत पंचायत राज कार्यालय द्वारा कार्यान्वित नल जल योजनाओं को अपने अधीनस्थ पदस्थापित कर्मियों तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए लगातार क्रियाशील रखना सुनिश्चित करेंगे एवं आवश्कता अनुसार इसका निरीक्षण भी करेंगे। इसके साथ ही कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, गया एवं शेरघाटी अपने स्तर से पंचायत राज कार्यालय, लोग स्वास्थ्य अभियंत्रण कार्यालय के द्वारा कार्यान्वित नल जल योजनाओं को सतत निगरानी रखते हुए तकनीकी कर्मियों के सहयोग से चालू रखना सुनिश्चित करेंगे।

# 14 साल के सफर में लाखों महिलाएं हुई जागरूक



पटना। 14 वर्ष के किशोरावस्था के दौरान करीब दस लाख से अधिक महिला और बच्चियों से संपर्क कर कैंसर से सुरक्षित करने का भागीरथी प्रयास अब सफल दिख रहा है। भारत जैसे विकासशील देश में महिला स्वास्थ के प्रति परिवार, समाज और सरकार की असंवेदनशीलता से महिलाओं में होने वाले सर्विकल कैंसर और स्तन कैंसर की संख्या लाखों में पहुंच गई है। अब जाकर भारत सरकार ने इस बार के अंतरिम बजट 2024-25 में स्वास्थ के क्षेत्र में 87656.90 करोड़ का बजट पेश किया है।

प्रतिवर्ष सवा लाख महिलाएं सर्विकल कैंसर से ग्रसित पाई जाती है, जिसमें सालाना मृत्यु दर 75000 के करीब है। आज सरकार के इस घोषणा से हमारी तीन साल से चल रही महत्वाकांक्षी परियोजना नव्या को पंख लग लग गए है ।उक्त बातें गुलमोहर मैत्री संस्थान की सचिव मंजू सिन्हा ने आज बामेती सभागार में हो रहे निशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन ड्राइव के दौरान कही ।

सचिव मंजू सिन्हा ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा की गुलमोहर मैत्री संस्था जो महिला स्वास्थ के क्षेत्र में पिछले 14 वर्ष से कार्य कर रही है। मैत्री संवाद , जिजीविषा, नव्या , मैत्री क्लब,पिंक परेड जैसी परियोजना कैंसर के प्रति जागरूकता और बचाव के लिए चलाई जा रही है। 2021 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री रेणु देवी एवं स्वास्थ मंत्री मंगल पांडे की मौजूदगी में लॉन्च हुई महत्वाकांक्षी परियोजना नव्या के द्वारा 111111 बच्चियों के एचपीवी वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया था । संख्या के संकल्प को सिद्धि दिलाने के लिए प्रयास शुरू किया गया तो कई सारी समस्या का सामना करना पड़ा,कोरोना का असर लोगों के मनःस्थिति पर था इस कारण जरूरतमंद बच्चियों को वैक्सीनेशन देने में देरी हुई वैक्सीनेशन का लाभ अभिभावकों को बताया जाता था तब जाकर लोग तैयार हुए, आज लोग जागरुक हो रहे हैं और बच्चियों को वैक्सीनेशन के लिए भेज रहे हैं अभी यह हमारी संख्या सैकड़ा से हजार में पहुंच रही है । संस्था के 14 वर्ष पूर्ण होने पर आज 100 बच्चियों का एचपीवी (ह्यूमन पापिल्लोमा वायरस) वैक्सीनेशन ड्राइव का कार्यक्रम रखा गया है। पहला टीका के बाद दूसरी टीका 6 माह बाद दी जाएगी। वैक्सीनेशन ड्राइव कार्यक्रम में पहुंची पटना की महापौर सीता साहू ने कहा की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के इस बजट की दो बड़ी खासियत है।

# लोकसभा चुनाव स्वच्छ एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित की गई

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को स्वच्छ, एवम निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम निर्धारित की गई है, जिसमे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम - 36 गया (अ०जा०)प्रेस नोट निर्गत करने के तिथि - 16.03 ।अधिसूचना जारी करने की तिथि - 20.03 ।नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि - 28.03 ।नाम निर्देशनों की संमिक्षा करने की तिथि - 30.03 ।नाम वापस लेने की अंतिम तिथि - 02.04. ।मतदान की तिथि -19.04. ।मतगणना की तिथि -04.06 ।दिनांक 20 मार्च से 38 गया अ०जा०लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन कार्य जिला पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी, गया समाहरणालय अवस्थित कार्यालय कक्ष में संपन्न होगा। इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय परिसर में 25 दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु आदेश दिया गया है की प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्य में लगाए गए वाहनों एवं समर्थकों की संख्या के संबंध में दिए गए नियमों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे ।विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दायर करने के समय निर्वाचित पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर के परिधि में तीन वाहनों से अधिक का प्रवेश वर्जित रहेगा तथा नामांकन करने वाले अभ्यर्थी के साथ निर्धारित प्रस्तावकों सहित अधिकतम कर व्यक्ति को ही नामांकन कक्ष में आने की अनुमति है ।नाम निदर्शन पत्र दायर करने वक्त वीडियोग्राफी की जाएगी एक वीडियोग्राफर निवार्ची पदाधिकारी के प्रकोष्ठ के अंदर अभ्यर्थी के नामांकन प्रक्रिया का अनवरत वीडियोग्राफी करेगा तथा दूसरा वीडियोग्राफर संपूर्ण समाहरणालय परिसर में अभ्यर्थी के साथ आने वाले लोगों एवं भीड़ की वीडियोग्राफी करेगा ।समाहरणालय परिसर के सभी प्रवेश द्वार अंबेडकर पार्क की ओर पड़ने वाले द्वार को छोड़कर बंद रहेगा। सिविल लाइंस थाना मोबाइल को निर्देश दिया गया है कि समाहरणालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अनुमंडल कार्यालय सदर के सामने निरंतर भ्रमणशील गश्ती करते रहेंगे तथा भीड़ को नियंत्रित कर शांति व्यवस्था बनाई रखना सुनिश्चित करेंगे। समाहरणालय के पश्चिम दिशा की ओर आयुक्त कार्यालय के अंतिम बाउंड्री, समाहरणालय के दक्षिण जिला स्कूल के बाउंड्री के कोण तथा पूर्व की ओर डीआरडीए कार्यालय के पास भवन कार्य प्रमंडल द्वारा दिनांक 19 मार्च 2024 की संध्या तक बैरिकेडिंग कार्ड सुनिश्चित किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी सदर इस कार्य को कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी सदर किया एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर उपरोक्त स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहनों का सघन चेकिंग करना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को यह दायित्व होगा कि समाहरणालय परिसर एवं उसके 100 मीटर की परिधि में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत आदर्श आचार संहिता को सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैर जमानती वारंट लंबित न रहे ये सुनिश्चित करें: एसएसपी

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने परिक्षेत्र के सभी थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि गैर जमानती वारंट किसी भी थाना पंजी में लंबित न रहे, सभी संबंधित पदाधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित करेंगें। साथ ही वलनरेबुल बुथ के जो भी आदमी जिम्मेवार है, उन सभी के विरुद्ध किए गए करवाई का प्रतिवेदन मुख्यालय को अविलंब उपलब्ध कराया जाय इस पर भी जोड़ देंगे। वही उत्तर पूर्वी राज्यों एवं जम्मू- कश्मीर के आर्म्स लाइसेंस वाले सभी के हथियार को जमा करवाने का आदेश दिया गया, जिसे अनुपालन हेतू जल्द से जल्द कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

### आर्म्स लाइसेंस सत्यापन नहीं होने पर रद्द होगा स्वीकृति विपत्र: डीएम

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता एवं वरिय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की उपस्थिति में जिला समीक्षा भवन प्रांगण में आयोजित विधि व्यवस्था संधारित किये जाने को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जिन लोगों ने अपने आर्म्स लाइसेंस का सत्यापन नहीं कराया है, उनके आर्म्स लाइसेंस को निरस्त कर स्वीकृति विपत्र को रद्द किया जाएगा। अनुज्ञप्ति के रद्द हो जाने के पश्चात आर्म्स रखना अवैध माना जाएगा और अवैध हथियार रखने के जुर्म में प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित लाइसेंसधारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी तथा उनके हथियार को जब्त कर लिया जाएगा। हथियार तब तक जब्त रहेगा, जब तक लाइसेंस की पुनः स्वीकृति प्रदान कर बहाल नहीं की जाती है।

### सीसीए के तहत क्षेत्र बदर हेतु प्रतिदिन चलेगा कोर्ट: डीएम

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है, साथ ही उन्होंने जिला परिक्षेत्र के सभी पद स्थापित थाना प्रभारी को गंभीर पेशेवर अपराधी को क्षेत्र बदर करने हेतु सीसीए 3 एवं सीसीए 10 के तहत प्रस्ताव पारित किए जाने की दिशा में प्रतिदिन जानकारी भेजने का निर्देश दिये, साथ ही उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला दंडाधिकारी का न्यायालय प्रतिदिन संचालित रहेगा जहां मामले को लेकर न्यायिक प्रक्रिया को लगातार जारी की जायेगी। उक्त जारी आदेश को लेकर जिलाधिकारी ने आयोजित बैठक के क्रम में उपस्थित सभी विभागों के पदाधिकारी से साझा कर कही है।

### गर्मी के बढ़ते प्रकोप से आग पर, रोक थाम हेतु अग्निशामक सेवा ने पूर्व से तैयारी की प्रारंभ

बरियारपुर(मुंगेर) गर्मी के बढते प्रकोप से निजात पाने के लिए अग्नि शामक सेवा ने पूर्व से अपनी तैयारी प्रारम्भ कर दिया है। बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पुर्वी पंचायत के रघुनाथपुर गांव मे आग पर काबु पाने की विधि पंचायत के लोगों को बताया गया। उन्होंने बताया कि खाना बनाने के पूर्व अपने रसोई घर में प्रयाप्त मात्रा मे जल की व्यवस्था रखने से अनहोनी घटना के पूर्व ही बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर आपके घर फुस से निर्मित हो तब आप आधी दिवाल को मिट्टी से पुताई करें, जो आपके घर को सुरक्षा प्रदान करेंगे, भीगा हुआ बोरा या मोटा कपड़ा को रसोई घर मे अवश्य रखनी चाहिए जो आपके विपत्ति मे रामबाण बन सके। उससे भी अगर ऐसी हादसा देखने के साथ ही आप हमारे मोबाइल नंबर पर अग्निशमन विभाग को सूचित करें। हम लोग आपको स- समय सहयोग करने को तैयार हैं।

### पत्रकारों पर हमले का मतलब लोकतंत्र पर हमला हैं : ललन राज

मुंगेर। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन मुंगेर के बैनर तले एक बैठक विगत दिन आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के पत्रकार उपस्थित हुए। इस मौके पर जिला कमेटी के जिला अध्यक्ष ललन राज ने नालंदा जिला के वरिष्ठ पत्रकार पर अपराधियों के द्वारा की गई जानलेवा हमला पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों पर हमले का मतलब लोकतंत्र पर हमला हैं। उन्होने कहा की पत्रकार जोखिम लेकर जनता को सूचना पहुंचाता है। उसकी खबरें किसी को खुशी तो किसी को नाराज भी कर सकता हैं। पर इसका मतलब यह नहीं कि पत्रकारों की आवाज को दबाने के लिए उन पर हमले किए जाए। पत्रकारों को भी चाहिए कि वे पत्रकार संगठन से जुड़ कर अपने हितों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं और राष्ट्रवाद की आवाज मुखर करें। वहीं जिलाध्यक्ष ललन राज ने घटना की घोर निंदा की और तीव्र भर्त्सना की। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक साथ राज्य सरकार से 48 घंटे के अंदर घटना मे संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। पत्रकारों ने कहा है कि अगर राज्य सरकार 48 घंटे के अंदर नालंदा के वरिष्ठ पत्रकार पर हमला करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती है तों संगठन के बैनर तले पत्रकार हित में सड़क पर उतर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

# आम निर्वाचन एवं होली त्योहार पर विधि व्यवस्था को लेकर बैठक हुई संपन्न: प्रमंडलीय आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। प्रमंडलीय आयुक्त भागलपुर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं होली के दौरान प्रमंडल स्तर पर विधि व्यवस्था संधारित रखने को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक विवेकानंद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कुमार के साथ संयुक्त रूप से बैठक की गई। बैठक के क्रम में उन्होंने होलिका दहन एवं होली के अवसर पर निर्वाचन के मद्देनजर विशेष निगरानी रखने को निर्देशित किया है, साथ ही उन्होंने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 एवं 110 के अंतर्गत तेजी से बाउंड डाउन की कार्रवाई की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। वही होली के अवसर पर एंबुलेंस एवं अस्पताल में इमरजेंसी की व्यवस्था सक्रिय रखने का भी निर्देश दिये है। बैठक में उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला कंट्रोल रूम में क्यूआरटी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखना सुनिश्चित करें, साथ ही संवेदनशील स्थानों की सतत प्रतिशत निगरानी की जा सकें। वही उन्होंने कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से भागलपुर शहरी क्षेत्र में लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरे से भी विधि व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी रखी जाय।साथ ही थानों में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरा को सदैव दुरुस्त रखने के लिए संबंधित एजेंसी द्वारा प्रत्येक सप्ताह में सभी थानों में पहुंच कर व्यक्तिगत रूप से बात करेगें, जिससे सभी सीसीटीवी के सभी कैमरे को संचालित रखा जा सकें। वही उन्होंने निर्वाचन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए है जिसमें एसएसटी एवं एफसटी को सक्रिय रखना, बल्नरेब्लिटी के अनुसार सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी का संबंधित टोला गांव में भ्रमण करवाना, सभी नाका पर सीसीटीवी की व्यवस्था करना, सोशल मीडिया सेल को सक्रिय करना ताकि सोशल मीडिया के किसी भी अवांछित सूचना एवं अफवाह के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही वाहन जांच अभियान चलाना, आदर्श आचार संहिता क्वेश्चन को सक्रिय करना, सरकारी भवनों पर लगे सभी प्रकार के पोस्टर बैनर शीघ्र हटवाना सुनिश्चित किया जाय। वही हथियार को लेकर आर्म्स लाइसेंस का सत्यापन अति शीघ्र करवा लिया जाय, मतदान कर्मियों के सभी डिस्पैच सेंटर को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लिया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी के महीने को देखते हुए मतदान कर्मियों के लिए ओआरएस एवं आवश्यक दवा की सुविधा रखना सुनिश्चित की जाय। साथ ही शेष बचे हुए मतदान केंद्रों पर आगामी 23 मार्च तक (एएमएफ) बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने के साथ सुनिश्चित करें। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाया जाय सहित अन्य विषय बिंदू को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# चार माह से आम लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है

- मुख्य पाइप और स्टार जल जाने के कारण नल जल पानी की सप्लाई ठप पड़ी हुई है

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दीदारगंज पंचायत के वार्ड नं02 कहूआ में नल जल योजना विगत तीन चार माह से ठप पड़ा हुआ है ' मुख्य पाइप जगह जगह फटा हुआ है तथा स्टार्टर जल जाने के कारण पानी की सप्लाई ठप पड़ी हुई है ' जिससे आम लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है ' पी. एच. डी विभाग को बार बार सूचना देने के बाबजूद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ' दिन प्रतिदिन तापमान में वृद्धि होने के कारण गांव के 75 प्रतिशत चापा नल दम तोड़ चुकी है तथा और सूखने के कगार पर है ' इस समस्या को लेकर कहुआ गांव निवासी रामखेलावन शर्मा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन दिया है ' प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आवेदन को सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तारापुर को भेज कर यथाशीघ्र इस समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया है '

# पेशेवर अपराधियों को धारा 110 के तहत किया जाएगा बॉन्ड डाउन: डीएम

- अपराधियों व जमानतदार रहे सतर्क दोनों को जमीन का कागजात व आधार कार्ड जमा होगा देना अनिवार्य

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा भवन में आयोजित विधि व्यवस्था की बैठक के क्रम में सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु पेशेवर अपराधियों को दंड प्रक्रिया संहिता धारा 110 के तहत बॉन्ड डाउन किया जाय। साथ ही उन्होंने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 में बॉन्ड डाउन की अवधि 3 वर्ष की होती है, और इसके लिए संबंधित अपराधी को दो जमानतदार प्रस्तुत करना होता है, जिसमें आपराधी एवं दोनों जमानतदार को अपनी जमीन व अपने वाहन के कागजात के साथ साथ आधार कार्ड को जमा करना पड़ता है। इसमें आदेश का उल्लंघन करने वालों को 15 दिनों तक दंडाधिकारी की अभिरक्षा में रखा जाता है। इस मौके पर उपस्थित थाना के संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के बीच जानकारी साझा करने के साथ ही कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी नियमों से अवगत कराने पर जोड़ दिया।

# ट्रक व हाइवा की सीधी टक्कर में हाइवा चालक की मौके पर हुई मौत

- ट्रक चालक गंभीर रूप से हुआ घायल इलाज के लिए भेजा अस्पताल
- सड़क दुर्घटना के कारण कई घंटे विक्रमशिला पुल पर लगा रहा जाम

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। विक्रमशिला पुल पर आए दिन सड़क हादसों के कारण जाम की समस्या बन जाती हैं। इसी कड़ी में एक और घटना घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पुल के पाया संख्या 102 के समीप तेज रफ्तार के कारण हाइवा व ट्रक के बीच आमने-आमने की जबरदस्त टक्कर हो गई। वही इस घटना में हाइवा चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने हाइवा चालक को त्वरित इलाज के लिए आनन फानन में मायागंज अस्पताल लेजाया गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। तो वही ट्रक चालक अस्पताल के चिकिसक व कर्मियों द्वारा जांच के क्रम में ट्रक चालक की पहचान घोघा के पक्कीसराय के सुबोध कुमार सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। चालक को मायागंज अस्पताल भागलपुर में भर्ती कराया गया है। टक्कर में हाइवा का चालक गाड़ी के अंदर फंस गया था जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुँची जाह्नवी टीओपी व विक्रमशिला टीओपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइवा के गेट को गैस कटर से काटकर चालक के शव को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और उसे अन्य कागजी प्रक्रिया को लेकर मायागंज अस्पताल भेज दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार नवगछिया से भागलपुर की ओर जा रहे ट्रक पर राख लोड था। तो वही नवगछिया की ओर से भागलपुर तरफ जा रही हाइवा खाली था। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि हाइवा चालक को झपकी आ गई, जिस कारण सामने आ रही ट्रक में सीधी टक्कर हो गई, हालांकि घटना के दौरान दोनो वाहनों की गति रफ्तार तेज काफी अधिक बताया जा रहा था। पुलिस ने क्रेन की मदद से तीन घँटे बाद दोनो वाहनों को सड़क से किसी तरह मार्ग से बाहर हटाया। इस दौरान विक्रमशिला पुल के दोनो तरफ छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। वही छोटे बड़े वाहन जाम में घँटों फंसे रहे दिखाई दिये। इस दौरान पुल पर वाहनों के दबाव को कम करने के लिए जाह्नवी टीओपी और विक्रमशिला टीओपी पुलिस ने दोनो तरफ बेरिकेटिंग कर गाड़ियों को पुल के पहले ही रोक दिया गया था। जाम के कारण कई यात्री से भरी बसें, बारातियों की गाड़ी व अन्य सवारी व मालवाहक वाहन चार-पांच घँटे जाम में फंसे रहे दिखे।

# अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध दियारा इलाके में चलाया सर्च ऑपरेशन

- दियारा इलाके में पुलिस टीम ने अवैध रूप से चल रहे शराब की तीन भट्ठी को किया ध्वस्त
- बरामदगी की गई हजारों लीटर अर्द्धनिर्मित देशी शराब को टीम ने किया विनष्ट

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के अवसर पर नाथनगर थाना सीआईटी बल एवं एसएसबी टीम के द्वारा एरिया डोमिनेशन व अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त कारोबारी के विरूद्ध संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कड़ी में नाथनगर थाना परिक्षेत्र के शंकरपुर दियारा क्षेत्र इलाके में 100 लीटर वाला 20 ड्रम में रखे करीब 2 हजार लीटर अवैध अर्द्धनिर्मित शराब को बरामदगी के साथ मौके पर विनष्ट किया गया है, साथ ही पुलिस टीम ने क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब की 3 भठ्ठी को ध्वस्त किये जाने की कार्रवाई की। इसी क्रम में ललमटिया थाना पुलिस द्वारा भी क्षेत्र इलाके में दबिश देकर करीब 2 सौ लीटर अर्द्धनिर्मित अवैध शराब की बरामदगी कर मौके पर विनष्ट किया गया। साथ ही पुलिस टीम ने कार्रवाई प्रक्रिया के तहत 30 लीटर देशी शराब को मौके पर जब्त किया गया है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर एसपी सिटी के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

# जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग लोगों को कर रही है जागरुक : डीपीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर : जिला भर में कुल 231 महिलाओं ने अपनाया परिवार नियोजन के नए अस्थाई साधन एमपीए सबकुटेनियस कि सुविधा। इनमें से कुल 09 महिलाओं ने एमपीए सब सबकुटेनियस का दूसरा डोज भी ले लिया है। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर (डीपीएम) मो. फैजान आलम अशरफी ने दी। उन्होंने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक मुहिम के तहत परिवार नियोजन के स्थाई साधन को बढ़ावा देने के लिए जहां लगातार हर तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं परिवार नियोजन के अस्थाई साधन को सरल, सुरक्षित और कारगर बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में शामिल कंडोम, कॉपर टी, अंतरा इंजेक्शन के बाद अब एमपीए सब कुटेनियस कि सुविधा शुरू की गई है। यह सुविधा परिवार नियोजन के अन्य साधनों से काफी सरल, सुरक्षित, बेहतर और कारगर है। राज्य सरकार के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत मुंगेर और शेखपुरा जिला में एमपीए कुटेनियस कि सुविधा शुरू की गई है। डिस्ट्रिक्ट कम्यूनिटी मॉबेलाइजर (डीसीएम) निखिल राज ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल मुंगेर में अभी तक कुल कुल 22 महिलाओं ने परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के रूप में एमपीए सब कुटेनियस कि सुविधा अपनाया है। इसी तरह जमालपुर पीएचसी में कुल 61 महिलाओं, एपीएचसी गढ़ीरामपुर में कुल 71 महिलाओं ने एमपीए सब कुटेनियस कि सुविधा अपनाया।

### निर्दलीय उम्मीदवार की सूची है तैयार: रामसागर

सबौर (भागलपुर)। लोकसभा चुनाव की तिथि निर्धारित होते ही भागलपुर लोकसभा में अपनी अपनी दाबेदारी को लेकर ताल ठोकने की होड़ लग गई है। लोकसभा आम चुनाव में अपनी राजनीति दाबे को लेकर उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रक्रिया को लेकर भी उम्मीदवार दाबे पेश करने हेतू तैयारीयों में जुट गये है। इसी कड़ी में भागलपुर लोकसभा चुनावी मैदान में उतड़ने को लेकर रामसागर यादव भी उम्मीदवारों की लाइन में खड़े हो गए हैं। मामले को लेकर रामसागर यादव ने कहा कि हम एक पार्टी का कार्यकर्ता के रूप में जनता के साथ काफी समय से चल रहे हैं, यदि पार्टी हमें टिकट देती है तो हम पार्टी से चुनाव लड़ेंगे, नहीं तो हम क्षेत्रीय जनता के साथ निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

# बरियारपुर प्रखंड में पंचायत समिति मद से 40 लाख रुपए से बना सीढ़ी घाट, बयां कर रही है भ्रष्टाचार की कहानी

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। विकास योजनाओं में अगर आपको लूट और भ्रष्टाचार का नजारा देखना है तो बरियारपुर प्रखंऐड के रतनपुर पंचायत में पंचायत समिति मद की विकास योजनाओं को देखने के लिए आपका स्वागत है। बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के वार्ड 10 में बना नील कोठी पोखर में करीब 40 लाख रुपये की लागत से बना दो छठ घाट बनने के साथ टूटने लगा है। सबसे बड़ी बात है कि उक्त दोनों योजना वर्ष 2022 -23 में ही बना है। सीढ़ी घाट में जगह जगह दरार भी आ गया है। अब बरियारपुर प्रखंड के विभिन्न राजनीतक दलों के नेताओं का कहना है कि अगर पंचायत समिति की सभी योजनाओं की स्थालीय जांच हो तो बड़े पैमाने पर योजनाओं में गड़बड़ी की मामले का खुलासा हो सकता है। योजनाओं के नाम पर सरकारी राशि का लूट किया गया हैं। बताते चले की बरियारपुर प्रखंड़ के रतनपुर पंचायत में पंचायत समिति की 15 वित्त की टाइड मद से दो योजना का कार्य एक ही पोखर में किया गया है। पहला योजना संख्या 01 / 2022-23, योजना का नाम रतनपुर वार्ड 10 में नील कोठी पोखर में छठ घाट का निर्माण। इस योजना का प्राक्कलित राशि 19 लाख 75 हजार 200 सौ रुपये है। इस पोखर में वित्तीय वर्ष 2022 -23 में ही योजना संख्या 18/ 2022 - 23 में योजना रतनपुर वार्ड 10 में नील कोठी पोखर में छठ घाट का निर्माण कार्य जिसका प्राक्कलित राशि 19, 83,400, उन्नीस लाख तेरासी हजार चार सौ रुपया है। एक ही वित्तिय वर्ष में एक ही पोखर में दो योजना पर करीब 40 लाख रुपया खर्च किया गया है।

### सेविका रंगोली बनाकर कुपोषण बचाव के प्रति किया लोगों को जागरूक

सदर मुंगेर। 9 मार्च से 23 मार्च 2024 तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सदर प्रखंड नौवागढी दक्षिणी तथा नौवागढ़ी उत्तरी पंचायत में संयुक्त रूप से पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गोद भराई कार्यक्रम दोनों पंचायत में आयोजित की गई। वही सेविका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 136 तथा 126 पर दोनों पंचायत की सेविका संयुक्त रूप से पोषण के प्रति जागरूक करने हेतु मोटे अनाज का रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुंगेर ग्रामीण प्रियदर्शनी ने प्रथम गर्भवती महिलाओं को पांच फल चूड़ी बिंदी इत्यादि सिंगर के साथ गोद भराई कर के कार्यक्रम की शुभारंभ की। तथा उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती धात्री महिलाओं के बीच कुपोषण से क बचाव हेतु विस्तार पूर्वक जानकारियां दी उन्होंने बताई कि किस प्रकार से हम लोग सही भोजन का प्रयोग करेंगे और कुपोषण का शिकार नहीं होंगे।

# शॉर्ट सर्किट के कारण चलती कार में लगी आग

- अगलगी की घटना में पूरी कार हुई जलकर राख
- कार पर सवार चार लोगों की समय रहते कार से निकल कर बचाई खुद की जान

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। विक्रमशिला पहुंच पथ मार्ग स्थित परबत्ता थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर प्रेसिडेंसी स्कूल नवगछिया का एक प्रचार वाहन सफारी में अचानक धु-धुकर जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त सफारी वाहन पर चालक सहित चार लोग सवार थे। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि चलती वाहन के इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण शॉर्ट सर्किट होने से अचानक धुंआ उठने लगा। वही देखते ही देखते अगले ही पल सड़क मार्ग के बीचोबीच धुंआ के साथ आग धधकने लगी। देखते ही कार पर सवार सभी लोगो ने बाहर निकलकर अपनी जान बचायी। वही घटना को देखते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। वही राहगीर व ग्रामीण लोग जलती कार के आग के विकराल रूप को देखकर उसके समीप गुजरने व जाने से भी डर रहे थे। कार में लगी आग को देखकर आसपास के लोग जब तक कुछ कर पाते तब तक देखते ही देखते सड़क पर पूरी सफारी कार जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो चुका था। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सफारी वाहन नवगछिया प्रेसिडेंसी स्कूल के प्रचार वाहन था, जो विद्यालय के प्रचार प्रसार में क्षेत्र में घूम रहा था। इस दौरान सफारी वाहन पर कुल चार यात्री सवार थे। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर परबत्ता थाना पुलिस सदलबल मौके पर पहुंच घटना मामले की जानकारी प्राप्त करने में जुट गई। वही घटना को लेकर मौके पर मौजूद परबत्ता थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने कहा कि वाहन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। घटना के दौरान कार पर सवार सभी लोग समय रहते वाहन से निकल चुके थे जिससे सभी की जान बच सकी और वो सुरक्षित हैं।

### सोशल मीडिया साइड पर हथियार लहराना युवक को पड़ा महंगा

नाथनगर (भागलपुर)। इन दिनों सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की सख्ती के साथ निगरानी रखने की दिशा में लगातार ध्यान केंद्रित कर हर गतिविधि पर निगरानी में जांच में लगी हुई चक रही हैं।इसी जांच कड़ी में एक युवक को अपने हाथों में हथियार लेकर फोटो पोस्ट करना महंगा पड़ गया है। ज्ञात हो कि विशेष रूप से युवाओं का हथियार लहराना हर्ष फायरिंग करना एक आम बात होती दिख रही हैं।वही कानूनी तौर पर अपराध मामले को लेकर मजाकिया लहजे में प्रशासन को चुनौती दे आए दिन ऐसी घटना सोशल मीडिया पर अक्शर सामने आ रही है। इसी क्रम में फेसबुकसोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक युवक के फोटो पोस्ट करने पर प्रशासन द्वारा देखा गया है कि युवक अपने हाथ में हथियार लहराता हुआ फोटो पोस्ट किया गया था। युवक ने हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने के मामले पर युवक को भारी महंगा पड़ गया।

# पुलिस ने छापेमारी कर 12 लीटर के साथ दो शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर(मुंगेर) बरियारपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 12 लीटर शराब के साथ दो शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बरियारपुर थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि नीरपुर बहादुरपुर मुख्यमार्ग पर मिथुन कुमार के पीठ बैग से पॉच बोतल अंग्रेजी शराब के साथ उसे धर दबोचा गया है। पूछ ताछ के क्रम मे अपना नाम मिथुन कुमार घर नीरपुर बताया है।उसे गिरफ्तार कर शराब के साथ बरियारपुर थाना लाया गया। इधर एक अन्य मामले में बरियारपुर पुलिस ने ऋषि कुण्ड हाल्ट पर ट्रेन से उतर कर बरियारपुर बस्ती आने के क्रम मे एक संदिग्ध युवक के हाथ प्लास्टिक के जार देखा गया। जिसे बरियारपुर पुलिस ने रोका तो वह संदिग्ध युवक भागने के लिए जैसे ही तैयार हुआ वैसे ही पुलिस ने उसे अपने गिरफ्त मे ले चुकी थी। तलाशी के क्रम मे सात लीटर कच्चे शराब के साथ विजय नगर निवासी शिवनंन्द मंडल को गिरफ्तार कर बरियारपुर थाना लाया गया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया के बाद दोनों शराब तस्करों को मुंगेर जेल भेज दिया।

# रात से दोपहर बाद तक रुक-रुककर रेंगते रहे वाहन, लगा रहा वाहनों का जाम

- एम्बुलेंस, स्कूली वाहन सहित कई यात्री बसें जाम में फंसने से यात्रियों को झेलनी पड़ी भारी परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)।विक्रमशिला पुल पर देर रात ट्रक व हाइवा की सीधी भिरंत हो जाने के हाइवा चालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद विक्रमशीला पुल मार्ग पर भीषण जाम लग गया। जिससे आम लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। वही भीषण जाम के कारण दिनभर वाहनों का काफिला रुक-रुककर चींटी की तरह रेंगते हुए दिखी थी। इस भीषण जाम में एम्बुलेंस, स्कूली वाहन समेत कई यात्री से भरी बस व अन्य छोटे बडे वाहन भी कई घँटों तक लगातार फंसी रही थी। वही जाम को लेकर सैकड़ो यात्री अपने जरूरी कार्य को लेकर पैदल यात्रा कर अपने गंतव्य स्थान की ओर जाते दिख रहे थे। वही जाम का असर विक्रमशीला पुल के दोनो तरफ नवगछिया जिरोमाइल से लेकर भागलपुर तक रात्रि से दोपहर बाद तक लगा रहा दिखाई दिया। इस दौरान वाहनों के बढ़ते दबाब को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार जाम हटाने के जदोजहद में लगे हुए दिखे जिससे वाहनों का रूक- रूककर रेंगते हुए आगे बढ़ रही थी, इस दौरान दिनभर जाम में लोग फंसे हुए दिख रहे थे तो वही जाम की स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय जाह्नवी टीओपी पुलिस, इस्माईलपुर थाना व परबत्ता थाना पुलिस की टीम लगातार जाम से छुड़ाने व आवागमन को सुगमता से बहाल करने की कोशिश में जुटे दिखे। वही जाम छुड़ाने में और तेज धूप के कारण हलकान यात्रियों के अलावे पुलिस के भी पसीने छुट रहे थे। ज्ञात हो कि बीते दिनों ही भागलपुर जिला अधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने भागलपुर शहर को जाम से मुक्ति दिलाने व यातायात को व्यवस्थित कर सुदृढ़ बनाने के दिशा में कड़ा रुख अपनाते हुए सुव्यवस्थित जगहों पर यात्री बसों व अन्य वाहनों को नए तरीके से पार्किंग किये जाने की कवायद शुरू की थी, परंतु नवगछिया की ओर से भागलपुर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग के गुजरते हुए पुलिस जिला सहित मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, बेगूसराय, खगरिया, अररिया आदि जिले का प्रमुख मार्ग विक्रमशिला सेतु पुल शेष मार्ग है।

# राजनीतिक दलों के मुख्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। आचार संहिता स्टैंडिंग कमेटि की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदर्श आचार संहिता के विभिन्न बिंदुओं पर सभी राजनीतिक दलों के मुख्य पार्टी कार्यकताओं के साथ चर्चा की गयी। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थें। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों को शत प्रतिशत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुंकि अब आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है तो आप सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी सक्रिय भूमिका में कार्य करेंगे। इस दौरान आप लोग ऐसी कोई भी गलती न करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो और जिला प्रशासन द्वारा इसके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लगने के 48 घंटे के उपरांत पब्लिक प्रोपर्टी पर तथा 72 घंटे के उपरांत निजी प्रोपर्टी पर लगे सभी बैनर पोस्टर्स को हटा लें, ताकि संबंधित बैनर पोस्टर के तहत संबंधित पार्टी के विरूद्ध किसी तरह की कोई कार्रवाई न हो। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सख्ती से अनुपालन करें तथा आदर्श आचार संहित के विरूद्ध कोई भी कार्रवाई न करें। बिना आदेश के किसी भी तरह की पार्टी मीटिंग अथवा जन सभा का आयोजन न करें।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाली लड़की से शादी करना महंगा पड़ा, पति गए जेल

दरभंगा कार्यालय नेपाली महिला को धोखा देना एक युवक को भारी पड़ा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि युवक लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज मोहल्ले में आया है। एस आई मधुबाला ने किया गिरफ्तार। इस मामले के अनुसंधानक एसआई कुमारी मधुबाला ने दलबल के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया । बता दें कि नेपाल देश की रहने वाली संगीता देवी से बाकरगंज गायत्री मंदिर के रहने वाले गोविंद कुमार ने बीरगंज स्थित मंदिर में शादी कर लिया था। कुछ दिनों तक उसके साथ रहने के बाद गोविंद उसे छोड़कर दरभंगा आ गया था। यहां आने के बाद वह अपना मोबाइल बंद कर लिया।संगीता देवी काफी इंतजार के बाद लहेरियासराय के बाकरगंज गायत्री मंदिर स्थित आवास का पता करते हुए पति के घर पहुंच गई। गोविंद नेपाली पत्नी को पहचानने से इनकार कर दिया और घर में घुसने से रोक दिया। संगीता देवी गोविंद के घर के बाहर दो दिनों तक बैठी रही। घटना के संबंध में एक अखबार मे खबर छपने के बाद महिला थाना की पुलिस ने संज्ञान लिया और मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

### नदी के रास्ते शराब की तस्करी पर पुलिस ने कसा शिकंजा

छपरा सिटी : जिला से सटे रिवील गंज क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी के रास्ते नाव के द्वारा होने वाली शराब तस्करी पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस द्वारा नदी में गश्ती अभियान तेज करने से शराब के धंधेबाजों में बेचैनी हो गई है। पुलिस ने इसी क्रम में शराब की एक बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता हासिल किया है। नदी के रास्ते नाव पर लादकर बलिया से छपरा लाए जा रही लगभग 600 लीटर अंग्रेजी शराब रिविलगंज पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में एसपी डा गौरव कुमार मंगला ने बताया कि होली और लोकसभा चुनाव को देखते हुये पुलिस प्रशासन को जिला एवं सीमावर्ती इलाकों में दिन और रात के समय गश्ती और निगरानी तेज करने का आदेश दिया गया है। अपराधिक और संदिग्ध वस्तुओं तथा व्यक्तियों की लगातार पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है जिससे होली और लोकसभा चुनाव में कोई भी गड़बड़ी नहीं हो।

### आरा में ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर सोमवार की शाम ट्रेन के चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को वहां से उठकर आरा रेल थाना ले आई। जानकारी के अनुसार मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी स्व. जय राम सिंह के 65 वर्षीय पुत्र सियाराम सिंह हैं एवं वह पेशे से से किसान थे। इधर मृतक के दामाद अजीत सिंह ने बताया कि वह सोमवार के शाम अपने छोटे बेटे अरुण के पास जाने के लिए घर से निकले थे और निकालने के बाद आरा रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने आ रहे थे। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर यह घटना घट गई।लेकिन मंगलवार की सुबह तक जब उनकी कोई सूचना नहीं मिली तो परिजनों ने अपने सभी रिश्तेदारों एवं उनके छोटे बेटे के पास फोन कर उनके पहुंचने की सूचना ली। तब जाकर उन्हें मालूम हुआ कि वह नहीं पहुंचे ही नहीं है। जिसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन करनी शुरू की। खोजबीन के दौरान जा वे लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे तो उन्हें ट्रेन हादसे में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। जिसके बाद परिजन आरा रेल थाना पहुंचे और शव देख उनकी पहचान की। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी प्रभावती देवी व दो पुत्र अमित कुमार एवं अरुण कुमार है।

### शादी की नियत दो युवतियों का हुआ अपहरण

दरियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से शादी की नीयत से दो किशोरियों का अपहरण कर लिया गया।दोनों के परिजनों ने इस संबंध में थाने ने अलग अलग एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के अनुसार गरौंना भगवानपुर से शादी की नीयत से एक 15 वर्षीया किशोरी का अपहरण कर लिया गया। इसमें किशोरी के पिता ने प्राथमिकी दर्ज करा दो लोगों को नामजद किया है।वहीं बड़का बनेया में भी शौच करने खेत में गई 14 वर्षीया किशोरी का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया।

# जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को नॉमिनेशन की प्रक्रिया व नियमों से कराया अवगत

● सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार के द्वारा नॉमिनेशन की प्रक्रिया, तिथि, समय एवं नियमों के साथ-साथ सभी प्रारूपों के बारे में अवगत कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई। जिला समाहरणालय जमुई स्थित संवाद कक्ष में मंगलवार 19 मार्च को लोक सभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार के द्वारा नॉमिनेशन की प्रक्रिया, तिथि, समय एवं नियमों के साथ-साथ सभी प्रारूपों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही सभी राजनीतिक दलों को एम सी सी की जानकारी दी गई एवं नियमों को अक्षरशः पालन करने हेतु कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता सुभाष चन्द्र मंडल, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अभय तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एफसीआई किसानों से सीधे गेंहूँ खरीद क्रय केन्द्र की शुरूआत की



प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा। भारतीय खाद्य निगम अब किसानों से सीधे गेहूँ की खरीदारी करेगा । जिसके तहत एफसीआई ने मढ़ौरा प्रखंड के हसनपुर पंचायत स्थित खरौनी में क्रय केंद्र की शुरूआत की है। खरौनी स्थित पैक्स गोदाम से एफसीआई किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदारी करेगी। बता दे की जिला के चार स्थानों पर भारतीय खाद्य निगम ने इस साल से क्रय केंद्र की शुरूआत की है। इन चार केंद्रों में मढ़ौरा प्रखंड में एक केंद्र बनाया गया है। जो हसनपुर पंचायत के खरौनी पैक्स गोदाम से संचालित होगा। इसके अतिरिक्त छपरा, एकमा और परसा प्रखंड में एफसीआई ने बीएसडब्लूसी सेन्टर बनाया है। भारतीय खाद्य निगम की इस पहल से किसानों को सहूलियत मिलेगी और उन्हें खाद्यान्न का उचित मूल्य प्राप्त होगा। इससे किसानों को पैक्स और व्यापार मंडल का चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिलेगी। यह बताया गया है कि विपणन वर्ष 2024-25 के तहत एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपयां प्रति क्विंटल की दर से किसानों से गेहूं की खरीदारी करेगा। वहीं किसानों को 48 से 72 घंटे के भीतर उनके बैंक खाते में रुपये का भुगतान भी करेगा। क्रयकेन्द्र के उद्घाटन में बीएसडब्लूसी के प्रभारी मणिभूषण कुमार, अधिप्राप्ति प्रभारी सदर्पण समांथा, हसनपुरा पैक्स अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, किसान तेज नारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, संजय कुमार गिरि, दीपक सिंह, ब्रजेश कुमार शर्मा, राजहरण गिरि, अखिलेश्वर सिंह, गुड्डू सिंह, सोहन दास, राकेश सिंह एवं पैक्स कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे। क्रय केंद्र पर एफसीआई किसानों को निशुल्क बोरा उपलब्ध कराएगी। किसान अपने बोर में गेहूं लेकर क्रय केंद्र पहुंचते हैं तो क्रय केंद्र पर किसानों को बोरा वापस कर दिया जाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में कालाजार को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी डॉ संजय कुमार के अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और कालाजार छिड़काव को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। मौके पर बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन ,नेसाब आलम समेत कई अन्य मौजूद रहें। मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि होली के बाद गांवों में कालाजार बीमारी से बचाव को लेकर छिड़काव शुरू किया जाएगा। बैठक में छिड़काव कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया । उन्होंने सभी से बताया कि कालाजार एक जानलेवा बीमारी है जो कि बालू मक्खी के काटने से होती है। कालाजार फैलाने वाली बालू मक्खी को समाप्त करने का बस एक ही तरीका है सिंथेटिक पारा थायराइड का पूरे घर में सही तरह से छिड़काव करना। उन्होंने कहा कि कालाजार बीमारी परजीवी बालू मक्खी के जरिये फैलती है। जो कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे कि मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है। बालू मक्खी यही संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलाती है। इस रोग से ग्रस्त मरीज खासकर व्यक्तियों हाथ पैर पेट और चेहरे का रंग भूरा हो जाता है इसी से इसका नाम कालाजार पड़ा है।इसलिए सभी इमानदारी पूर्व छिड़काव करेंगे। कालाजार विषाणु जनित रोग है। यह एक बार शरीर में प्रवेश करने पर इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। कालाजार की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में उपलब्ध है और दवा निःशुल्क उपलब्ध है।

## वार्षिक उत्सव समारोह का हुआ भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला नगर क्षेत्र के राजेन्द्र कॉलोनी स्थित गोदावरी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रणविजय प्रसाद यादव (अवकाश प्राप्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी), विभाग निरीक्षक रमेश चन्द्र शुक्ल, सचिव राजकुमार गड़ोदिया, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार जसवाल, बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, अंगिका गीत एवं झिझिया गीत की प्रस्तुति की गई साथ ही ह्वअंधेर नगरी चौपट राजाह्व नाटक की प्रस्तुति तथा भक्ति गीतों पर जलवा बिखेरा जिसे देख कर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति को लेकर काफी सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य लाल बाबु राय ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर ही ऐसा एक विद्यालय है, जहां शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में बड़े बुजुर्गों का सम्मान संस्कार दिया जाता है। सभी लोग जानते हैं कि संस्कार की जननी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ही रही है। इस दौरान विभाग निरीक्षक रमेश चन्द्र शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता एवं गुरू बच्चो के शुभचिंतक होते हैं। माता-पिता एवं गुरु अपने जीवन के अनुभवों से गुजरते चल रहे हैं, इसीलिए अपने अनुभव के साथ आपको कई गलत रास्ते पर जाने से मना करते हैं।

# फागुनी एकादशी के मौके पर निकाली गई भव्य खाटू श्याम निशान शोभायात्रा : अध्यक्ष

● नवगछिया से निशान यात्रा निकल कर भागलपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर तक तय करेगी पैदल यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। श्री श्याम भक्त मंडली नवगछिया के द्वारा फागुनी एकादशी के शुभ अवसर पर स्थानीय मंदरोजा स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान मारवाड़ी समाज के दर्जनों बच्चे व युवतियों के साथ साथ महिला व पुरूष के अलावा अन्य समाजसेवी कार्यकर्ता यात्रा में शामिल रहे थे। वही यात्रा के क्रम में दर्जनों ढोल नगाड़ों के साथ साथ गाजेबाजे के बीच बाहर से आए कलाकारों द्वारा खाटू श्याम के रासलीला मंचन की प्रस्तुति के साथ गाने के बीच नृत प्रस्तुति की। वही इस आयोजन को लेकर मुख्य बाजार मार्ग पर जगह जगह समाजसेवी द्वारा सेवा कार्य को लेकर स्टॉल लगाए गए थे। वही दूसरी तरफ कार्यक्रम को लेकर नवगछिया मुख्य बाजार मार्ग से गाजे-बाजे के साथ भव्य खाटु श्याम निशान शोभायात्रा भव्य तेयारी के साथ निकाली जाएगी। उक्त आशय की जानकारी को लेकर भक्त मंडली के अध्यक्ष रवि सर्राफ ने बताया कि यह निशान शोभायात्रा नवगछिया मारवाड़ी विवाह भवन प्रांगण से बुधवार सुबह 6 बजे विधिवत रूप से निकाली गई। जो पैदल यात्रा के साथ भागलपुर के शहरी क्षेत्र के मंदरोजा स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण स्थल पर पहुंचेंगी। इसके पूर्व मंगलवार को मारवाड़ी विवाह भवन में संध्याकालीन निशान पूजन एवं रात्रि जागरण का भव्य आयोजन किया गया। इस निशान पदयात्रा कार्यक्रम में कई संस्थाओं द्वारा निशान यात्रा के क्रम में भक्तों के लिए सेवा प्रदान की जाएगी। जिस में फूड प्लाजा के पास श्याम दीवाने, वैभव होटल मे बाबा का हुक्म, साहू परबत्ता में अवधेश बाबू मित्र सेवा संघ द्वारा चलंत सेवा, सोहन केडिया द्वारा चलंत सेवा, केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान द्वारा चाणक्य बिहार कॉलोनी में और स्थानीय देवी बाबू धर्मशाला भागलपुर के प्रांगण में सेवा प्रदान कि जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष रवि सरार्फ, सचिव वरुण केजरीवाल, शंभू रुगँटा, रूपेश रुंगटा, रॉकी भरतिया, संदीप चिरानिया, अनिल केजरीवाल, अशोक केडिया, मनोज चौधरी, गोविंद केडिया, महिला शाखा से बबीता केडिया, पूजा रुगँटा आदि सेवा संघ के सदस्य लगे हुए थे।

## दियारा क्षेत्र में बम ब्लास्ट से गाय का उड़ा जबड़ा

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। गंडक नदी के दियारा क्षेत्र सारण मुजफ्फरपुर के सीमा के माणिकपुर गांव स्थित गंडक नदी के सोती में बम ब्लास्ट से एक गाय का जबरा उड़ गया। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है ।ग्रामीणों का कहना है कि सुअर के शिकार करने को लेकर जगह जगह बम लगाया गया था। बम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह सहित मुजफ्फरपुर से बम स्क्वायड टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई ।जांच के क्रम में मढ़ौरा डीएसपी व इंस्पेक्टर ने पहुंच कर जानकारी लिया। बम स्क्वायड के टीम के द्वारा चिन्हित सभी जगहों पर जांच किया गया लेकिन एक भी बम नहीं मिला। इस संबंध में पशुपालक तरैया थाना के जीमदाहा गांव निवासी रामजी सिंह ने थाने में आवेदन दिया है ।उन्होंने बताया कि गाय पानी पीने के लिए गई थी उसी क्रम में बम ब्लास्ट होने से गाय का जबरा उड़ गया ।ग्रामीणों का कहना है कि सारण वह मुजफ्फरपुर की सीमा होने के कारण दोनों जिले के पुलिस एक दूसरे का इलाका बात कर यहां नहीं आती है। शिकारी पानी के दोनो तरफ लगाते है बम। सारण तटबंध के गंडक नदी के तटीय क्षेत्र में बहने वाली सोती के दोनों किनारे शिकारियों द्वारा बम लगाया जाता है और बम के जगह पर रोटी का टुकड़ा रख देते हैं। सूअर जैसे ही खाने की चेष्टा करते हैं बम फट जाता है और वह वहीं पर गिर हो जाते है फिर बाद में उसे शिकारी उठाकर ले कर चले जाते हैं फिर मांस काटकर लोगों के बीच बिक्री कर देते हैं। शिकारियों द्वारा सूअर की मीट 300 प्रति किलो बेचा जाता है। जिससे शिकारी मोटी रकम कमाने के लिए जंगली सुअरों का शिकार करते है।

# टीकाकरण को लेकर हुआ कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



कल्याणपुर। टीकाकरण और वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीज सर्विलेंस के सुदृढीकरण हेतु सभी सीएचओ, स्टाफ नर्स और एएनएम के लिए कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में किया गया। जिसमें डब्ल्यूएचओ की एसएमओ डॉक्टर सीमना अजीज द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पोलियो, खसरा-रूबेला, काली खांसी गलघोटू एवं नवजात में होने वाले टिटनेस बीमारी और टीकाकरण के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। क्षेत्र में ऐसी शंका वाले मरीजों की जानकारी लेने के लिए जागरूक रहने की बात कही गई है। ताकि जांच करवा कर पता लगाया जा सके। ऐसी बीमारी से कोई पीड़ित है तो उसके बचाव का अभियान की बात कही है। मौके पर डॉ मो. हैदर, डब्ल्यूएचवो के मॉनिटर ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा, बीएमसी शंकर सुमन और रंधीर सिंह, बीसीएम मुकेश कुमार, एएनएम आशा कुमारी, रीता कुमारी माधुरी कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव और होली को देखते हुए शराब माफियाओं के खिलाफ मढौरा पुलिस ने चला अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मढौरा ग्रामीण। लोकसभा चुनाव और होली को लेकर मढौरा पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाई है। इस दौरान पिछले दो दिनों से मढौरा पुलिस ने मढौरा के पकहा, मिजार्पुर ,ताल पुराना, मासाहा चंवर आदि में शराब निर्माण करने वाले शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध शराब बनाने वाले कई भट्ठियों को ध्वस्त किया तथा हजारों लीटर अर्द्ध निर्मित देशी शराब को जमीन पर गिरा कर नष्ट कर दिया। इस अभियान में मढौरा के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पर्यवेक्षी इंस्पेक्टर विपिन कुमार, पुलिस पदाधिकारी जितेंद्र कुमार और पुलिस बल के जवान भी शामिल थे। पुलिस के इस अभियान से शराब माफियाओं में थोड़ा डर तो पैदा हुआ है किंतु यहा के शराब माफिया होली और लोकसभा चुनाव को लेकर शराब खपाने की व्यापक पैमाने पर तैयारियां कर रखी है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में पटना टीम ने दानापुर को पराजित किया

प्रात : किरण संवाददाता




हाजीपुर : वैशाली जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में भगवानपुर रत्ती के जेपी सिन्हा स्टेडियम में आयोजित हो रहे राज्यस्तरीय अभियंता अजीत कुमार आजाद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को पटना एकादश एवं दानापुर एकादश के बीच खेला गया। जिसमें पटना की टीम ने दानापुर की टीम को 06 विकेट से पराजित किया। विजेता टीम के कुमार सहज को मैन आफ द मैच का पुरस्कार वृद्धा वर्ल्ड स्कूल के निदेशक कृष्ण कुमार ने दिया। बारिश के कारण देर से शुरू मैच को 30-30 ओवरों का कर दिया गया। मैच का टॉस दानापुर टीम के कप्तान ने जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दानापुर की टीम ने सभी ओवरों की समाप्ति पर 176 रनों के स्कोर खड़ा किया। 177 रनों के विजय लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी पटना की टीम ने 04 विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मैच समाप्ति के उपरांत विजेता टीम के कुमार सहज को उनके बेहतरीन बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# होली मिलन समारोह में मौजूद ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक। मशरक प्रखंड के गोपालबाड़ी गांव मे होली मिलन समारोह के अवसर पर गांव के बुजुर्गो की टोली द्वारा प्रस्तुत की गयी होली के पारंपरिक गीत पर सभी झुमे । राकेश कुमार सिंह महंत के आवास पर आयोजित कार्यक्रम मे निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केदारनाथ सिंह, जिला पार्षद प्रियंका सिंह, भाजपा नेता त्रिभुवन तिवारी,सुनील कुमार सिंह, गौतम ओझा,अखिलेश राम सहित अन्य शामिल हुए। और एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाये दी। मशरक प्रखंड का यह एक ऐसा गांव है जो आज भी प्रासंगिक होली को संजोकर रखा है ।गांव के बुजुर्गो की टोली होली से पहले घर घर जाकर होली के पारंपरिक गीत के साथ गांव के सभी परिवार को जोड़ने और आपसी भाईचारा बढाने का कार्य करते है।

# ट्रैक्टर व एंबुलेंस की सीधी भिड़ंत में एंबुलेंस चालक व खलासी जख्मी

● जख्मियों का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर गांव के समीप मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर एवं एंबुलेंस की सीधी भिड़ंत हो गई ।जिससे एंबुलेंस चालक व खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिला के पंडरी थाना क्षेत्र के पंडरी सवसर गांव निवासी दामोदर सालूटकर का 26 वर्षीय पुत्र योगेश सालूटकर एवं महाराष्ट्र के नागपुर जिला के प्रतापनगर थाना क्षेत्र के खमला गांव निवासी भूषण पाटिल का 26 वर्षीय पुत्र सोरभा भूषण पाटिल शामिल है। इसमें योगेश सालूटकर वर्तमान में महाराष्ट्र के नागपुर जिले के अधीन चुनाबट्टी में रहता है। इसमें योगेश सालूटकर पेशे से चालक एवं सोरभा भूषण पाटिल पेशे से खलासी है। घटना के संबंध मे बताया जाता है कि वह दोनों महाराष्ट्र के नागपुर से अपने एम्बुलेंस पर शव को लाद उसे पहुंचाने के लिए भागलपुर आए थे। शव को पहुंचाने के बाद जब वह दोनों एंबुलेंस से वापस नागपुर लौट रहे थे। उसी दौरान कायमनगर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरस का अस्पताल लाया गया।

# बक्सर में हथियारबंद बदमाशों ने दूध कारोबारी को मारी गोली

● जख्मी अधेड़ का आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बक्सर जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के को हुकहां गांव स्थित मेन रोड पर सोमवार की सुबह बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने एक दूध कारोबारी को गोली मार दी। जख्मी अधेड़ को गोली दाहिने साइड पीठ पर लगी है जो दाहिने साइड छाती में आकर फस गई है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद बक्सर मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ बक्सर जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी बुधन गांव निवासी स्व.वीर बहादुर सिंह के 45 वर्षीय पुत्र नंदजी सिंह है। वह पेशे से दूध कारोबारी है एवं साइकिल से गांव-गांव घूम कर दूध बेचते हैं। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा पुलिस बल के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। इधर नंदजी सिंह ने बताया कि उनके पट्टीदार के ही एक लड़का उमेश यादव था। जिसका एक लड़की से चक्कर चल रहा था। जिसके कारण 25 जनवरी को उनके ही पट्टीदार संतोष यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर विवाद चल रहा है।

# भोजपुर में सिगरेट के पैसे के विवाद को लेकर चाय दुकानदार को मारी चाकू

● बड़हरा थाना क्षेत्र के बिंदगावां गांव के गोविंद ढाबा के समीप सोमवार की देर शाम घटी घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बिंदगावां गांव के गोविंद ढाबा के समीप सोमवार की देर शाम सिगरेट के पैसे के विवाद को लेकर एक चाय दुकानदार को चाकू मार दी गई। जख्मी दुकानदार को चाकू पेट के बीचो-बीच नाभि के पास मारी गई है। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है ।जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के बलवन टोला गांव निवासी तपेश्वर राय का 15 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। वह पेशे से चाय दुकानदार है एवं बिंदगावां गांव के पास गोविंद ढाबा के समीप गुमटी पर चाय, गुटखा एवं सिगरेट बेचता है। इधर सोनू ने बताया कि सोमवार की देर शाम को अपने दुकान पर था। तभी बिंदगावां गांव के तीन युवक उसके दुकान पर आए और उससे सिगरेट और गुटखा मांगा। जब उसने कहा कि पहले पैसा दो तब मैं सिगरेट और गुटखा दूंगा तो उन्होंने पैसा देने से मना कर दिया। जब उसने कहां की अगर पैसा नहीं दोगे तो मैं नहीं दूंगा। इसी बात पर उन्होंने उसके पेट में चाकू मार दी और चाकू मारकर वहां से भाग निकले। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी सोनू कुमार ने बिंदगावां गांव के ही उक्त तीनों युवकों पर चाकू मारने का आरोप लगाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोच्चि में नियमित प्रशिक्षण के दौरान रिमोट संचालित विमान दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का एक रिमोट संचालित विमान सोमवार शाम करीब पांच बजे कोच्चि में आईएनएस गरुड़ पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने भारतीय नौसेना के हवाले से यह जानकारी दी है। नौसेना ने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय नौसेना ने कहा कि यह हादसा उस समय हुआ जब आईएनएस गरुड़ पर एक रिमोट संचालित विमान को नियमित प्रशिक्षण के लिए उड़ाया जा रहा है। नौसेना के मुताबिक, इस हादसे में किसी के घायल होने या फिर किसी तरह की संपत्ति के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है। इस घटना पर नौसेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

### केरल हाई कोर्ट ने ईडी से सहकारी बैंक घोटाला मामले की जांच में तेजी लाने को कहा




**कोच्चि , एजेंसी।** केरल हाई कोर्ट ने सोमवार को ईडी से करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच में तेजी लाने को कहा है। जस्टिस देवन रामचंद्रन ने मामले की जांच पूरी करने में देरी पर नाराजगी व्यक्त की, जिसमें ईडी ने दावा किया है कि कई आरोपित सत्तारूढ़ राजनीतिक दल सीपीआई (एम) के पदाधिकारी और सदस्य हैं। इस बीच, एजेंसी ने कोर्ट से कहा कि जांच में न्यायिक हस्तक्षेप देरी का कारण है। इसमें कहा गया है कि एक अदालत ने सहकारी रजिस्ट्रार से पूछताछ पर रोक लगा दी है। ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि राज्य के 12 अन्य सहकारी बैंकों के लेनदेन की जांच चल रही है। कोर्ट की यह टिप्पणी एक आरोपित द्वारा ईडी के कुर्की आदेश को चुनौती देने और उसके बैंक खातों को डी फ्रीज करने की मांग करने वाली याचिका पर आई। ईडी ने पहले हाई कोर्ट के समक्ष दावा किया था कि करुवन्नूर सहकारी बैंक में अनियमितताएं सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेताओं के इशारे पर की गई थीं।

### मेले में अब तक 20 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन, ऐसी है व्यवस्थाएं

**सीकर, एजेंसी।** राजस्थान में खाटू मेला परवान पर है। सीकर जिला स्थित खाटू श्याम मेले में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। खाटू मेला में इस बार प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम किए है। श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है। श्रद्धा भक्ति और आस्था के रंग में रंगे लाखों श्याम भक्त बाबा के दरबार में हाजिर लगा चुके हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु खाटू श्याम के दर्शन कर चुके है। सोमवार को करीब दो लाख पचास हजार श्रद्धालु दर्शन करने खाटूश्यामजी पहुंचे।

बता दें कि जैसे-जैसे एकादशी नजदीक आ रही है भक्तों की भीड़ खाटू श्याम जी में लगातार बढ़ रही है। हाथों में केसरिया निशान थामें बाबा श्याम के भक्त जयकारा लगाते हुए नाचते गाते बाबा श्याम के दरबार पहुंच रहे हैं। श्याम भक्तों की सेवा के लिए रास्ते में जगह-जगह पर शिविर चल रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशभर से श्याम भक्त बड़ी संख्या में शीश के दानी को रिझाने व अपने मन की मुराद को पुरी करने के लिए बाबा श्याम की एक झलक पाने को बेताब है। रिंगस से पैदल और पलसाना से वाहन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू श्याम पहुंच रहे हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भी मंदिर को सजाने व संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन हो सके, इसके लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी की तरफ से लखदातार ग्राउंड का निर्माण कराया गया है। मंदिर कमेटी के अनुसार करीब 40 करोड़ की लागत से इस मेला ग्राउंड का निर्माण किया गया है जिसमें एक लाख श्याम भक्तों की क्षमता रहेगी। लखदातार मेला ग्राउंड में बरसात में धूप से बचने के लिए डोम के साथ ही अनेक सुविधाएं हैं।

# अतिरिक्त समय ने कम किया भाजपा और शिअद पर दबाव, दोनों दलों की रणनीति पर है कांग्रेस की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पंजाब में सभी की नजर इस पर है कि भाजपा व शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के गठबंधन की घोषणा कब होगी। दरअसल, पंजाब में चुनाव अंतिम चरण यानी एक जून को होने के कारण दोनों ही दल किसी जल्दबाजी में नहीं हैं।

दोनों ही दलों को उम्मीद है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब किसान संगठन शंभू और खनौरी बार्डर पर से अपना धरना समाप्त कर सकते हैंधरना खत्म होने पर ही गठबंधन की घोषणा की जाए तो ठीक रहेगा। वहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी इसी बात का इंतजार कर रही है।

शिअद किसानों के मुद्दे पर ही भाजपा से अलग हुआ था। अतः गठबंधन से पहले वह आश्वस्त हो जाना चाहता है कि गांवों में उसका खोया जनाधार वापस आ जाएगा। शिअद की परेशानी यह है कि शहरी क्षेत्र उसके लिए हमेशा ही कमजोर कड़ी रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में यही स्थिति भाजपा की है। भाजपा शहरों में तो बेहतर प्रदर्शन करती है। मगर गांव में उसका प्रदर्शन खराब हो जाता है।






ऐसे में अकाली दल से गठबंधन के दौरान शिअद ग्रामीण और भाजपा शहरी क्षेत्रों की राजनीति करती थी। अकाली दल से गठबंधन टूटने और तीन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने के बाद भाजपा ने गांव में जाने की राह तो बनाई, लेकिन बीती 13 फरवरी को किसान संगठनों द्वारा पुनः संघर्ष शुरू करने से भाजपा की परेशानी बढ़ गई।

हालांकि, किसान संगठनों को 2020 के मुकाबले पंजाब में समर्थन नहीं मिला, लेकिन भाजपा कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। इसलिए गठबंधन को लेकर वह अभी और इंतजार के मूड में है। भाजपा चाहती है कि गठबंधन होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिअद के माध्यम से पार्टी को आधार मिल जाए।

गठबंधन की संभावनाओं को देखते हुए ही शिअद ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। अन्यथा शिअद पंजाब में पहला ऐसा दल होता था, जो सबसे पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा करता था।

शिअद के इतिहास पर अगर नजर डालें तो चुनाव की घोषणा से दो-दो माह पहले ही वह अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देता था, लेकिन इस बार तस्वीर बदली हुई है। पंजाब में केवल आम आदमी पार्टी (आप) ही है, जिसने 13 में से आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। अन्य पांच पर भी वह जल्द ही घोषणा करने जा रही है। शिअद और भाजपा जहां अनुकूल समय का इंतजार कर रहे हैं तो कांग्रेस की नजर इन दोनों पार्टियों पर लगी हुई हैंकांग्रेस इस बात का इंतजार कर रही है कि शिअद-भाजपा की रणनीति कैसी रहती है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का कहना है दोनों पार्टियों का तो गठबंधन हो ही चुका है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बताते हैं, चुनाव अंतिम चरण में हैं। इसलिए अभी इंतजार करना ही बेहतर है। कांग्रेस के सामने यह भी परेशानी है कि उसकी पार्टी में टूट का क्रम जारी है। पहले बस्सी पठाना से पूर्व विधायक गुरप्रीत जीपी गए और बाद में चब्बेवाल के विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल। वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी की नजर फिरोजपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के एक नेता पर टिकी हुई है। कांग्रेस टिकटों के आवंटन से पहले आश्वस्त हो जाना चाहती है कि नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का सिलसिला थम जाए।

## सचिन पायलट के गढ़ में इस बार भाजपा का पलड़ा भारी?

**दौसा, एजेंसी।** पूर्वी राजस्थान की सियासत का केंद्र बिंदु कहे जाने वाले दौसा में सचिन पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर है। दौसा को पायलट फैमिली का गढ़ माना जाता है। लेकिन लगातार तीन बार से यहां से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी चर्चा है बीजेपी इस बार दौसा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट सकती है। किरोड़ी लाल के भाई जगमोहन मीणा को मिल सकता है। जबकि कांग्रेस सचिन पायलट कैंप के विधायक मुरारी लाल मीणा को टिकट दे सकती है। पिछले चुनाव में मुरारी लाल की पत्नी बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हार गई थी। लेकिन इस बार हालात बदले-बदले नजर आ रहे है। कांग्रेस इस बार बीजेपी को कड़ी चुनौती दे सकती है।

सियासी जानकारों का कहना है कि दौसा से टिकट उसी को मिलेगा, जिसे सचिन पायलट पंसद करते है। कांग्रेस की तरफ से सेवानिवृत्त आईएएस प्रभु दयाल मीणा और टीकाराम मीणा भी दावेदारी जता रहे है। टीकाराम मीणा केरल में अहम पदों पर रहे है। ऐसे में माना जा रहा है कि केसी वेणुगोपाल के मार्फत टिकट लाने की कोशिश कर रहे है। जबकि प्रभु दयाल मीणा पूर्व रक्षा सचिव रहे है। कांग्रेस के बड़े नेताओं से अच्छे संपर्क है। सचिन पायलट के समर्थक नरेश मीणा भी दावेदारी जता रहे है। दौसा सीट एसटी के लिए रिजर्व है। ऐसे में यहां आमतौर पर मीणा बनान अन्य जातियों के बीच मुकाबला माना जाता रहा है। मीणा-गुर्जर, माली और एससी के मतदता ज्यादा है। गहलोत की वजह से माली समुदाय के वोट कांग्रेस को मिलने लगे है। जबकि गुर्जर वोट कांग्रेस के माने जाते है। मीणा वोट पर बीजेपी सेंध लगाने में सफल रही है। पिछ्ले चुनावों आंकड़ों के हिसाब से मीणा वोटर्स पर बीजेपी ने सेंध लगा दी है। जबकि आमतौर पर मीणाओं को कांग्रेस को वोटर माना जाता रहा है। लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली है। ब्राह्मण वोटर किसी जमाने में कांग्रेस के थे, लेकिन अब बिखरे हुए है। दोनों दलों से टिकट पाने के लिए दावेदारों ने एड़ी से चोटी का जोर लगा रखा है।

## दिल्ली में टैरो कार्ड रीडर से दुष्कर्म, दोस्त ने मीटिंग के बहाने बुलाकर लूटी आबरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय में एक टैरो कार्ड रीडर के साथ बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी व्यक्ति गौरव अग्रवाल महिला का परिचित बताया जा रहा है। एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच करने और आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के नेब सराय में 36 वर्षीय एक महिला टैरो कार्ड रीडर के साथ एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महिला को संपत्ति बेचने में मदद करने का वादा किया था। इसके बाद में उसने ज्योतिष सीखने के बहाने महिला से दोस्ती कर ली। महिला ने 11 फरवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसके एक परिचित ने उसके साथ बलात्कार किया।

पुलिस के मुताबिक, महिला ने जनवरी 2024 में एक प्लॉट की बिक्री के संबंध में मालवीय नगर निवासी गौरव अग्रवाल से संपर्क किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, गौरव शिकायतकर्ता के घर आय और उसे आश्वासन दिया कि वह उसकी संपत्ति बेचने में मदद करेगा। पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी को यह भी पता चला कि महिला को ज्योतिष में रुचि है और उसने उससे मेलजोल बढ़ाने के लिए ज्योतिष सीखने के बहाने उसे फोन करना शुरू कर दिया। 24 जनवरी को गौरव अग्रवाल ने महिला को मिलने बुलाया और प्लॉट का सौदा तय करने के बहाने नेब सराय में अपने एक दोस्त के घर ले गया। अधिकारी ने बताया कि वहां उसने उसके ड्रिंक में कथित तौर पर कुछ मिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई और फिर उसने उसके साथ बलात्कार किया।

## स्वैग और भौकाल के लिए रेव पार्टी करता था एल्विश यादव?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रेव पार्टी में सांपों का जहर की सप्लाई करने लेकर नोएडा पुलिस ने रविवार को बिग बॉस ओटीटी के विजेता और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। नोएडा पुलिस का कहना है कि पैसा कमाने के अलावा एल्विश ने ऐसा दिल्ली-एनसीआर में अपना सोशल मीडिया फैन बेस बढ़ाने और स्वैग दिखाने के लिए किया। गिरफ्तारी के बाद यादव को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान, यादव ने आरोप स्वीकार नहीं किएज् लेकिन हमारे पास बहुत सबूत हैं। उसे यह दिखाना था कि उसके पास स्वैग या भौकाल है। वह अपने फैंस के बीच एक ऐसे व्यक्ति की इमेज बनाना चाहता था जो कानूनी एजेंसियों (लॉ इनफोर्समेंट) से डरता नहीं है और वह जो चाहे कर सकता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उन्हें यादव से जुड़ी छह से ज्यादा पार्टियों में सांप के जहर के इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। जांच में शामिल अधिकारियों का कहना है कि कुछ पार्टियों में वह खुद शामिल







हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, जो लोग इन पार्टियों में शामिल हुए थे, उनकी पहचान की जा रही है। सांप के जहर का इस्तेमाल करने को लेकर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पिछले साल तीन नवंबर को भाजपा की सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित एक गैर सरकारी संगठन पीपल फॉर एनिमल्स की सूचना के बाद सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने नोएडा सेक्टर-51 में एक बैंक्वेट हॉल से पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। एफआईआर में आरोपी के तौर पर यादव का नाम सामने आया था। हालांकि उसे उस वक्त गिरफ्तार नहीं किया गया था।

मामले से संबंधित एफआईआर में लिखा है, हमें जानकारी मिली है कि एक यूट्यूबर एल्विश यादव, गिरोह के अन्य सदस्यों/यूट्यूबर्स के साथ नोएडा-एनसीआर के फार्महाउसों में सांप के जहर और जिंदा सांपों के साथ वीडियो शूट करता है और अवैध रूप से रेव पार्टियों का आयोजन करता है। पुलिस ने 20 मिलीलीटर सांप का जहर, पांच कोबरा, एक अजगर, दो सिर वाले दो सांप और एक रैट स्नेक बरामद किए थे। उन्होंने बताया कि जयपुर की फोरेंसिक लैब में भेजे गए नमूनों में क्रेट जहर पाया गया।

## बिना आधिकारिक पद के पंजाब में प्रशासनिक बैठकों में शामिल हुए नवाज शरीफ, विवादों में घिरे पूर्व पीएम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पिछले महीने आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज शरीफ के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है। नवाज शरीफ मे की पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षतातीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया, पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने मंत्रियों और अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। 74 वर्षीय नवीज शरीफ के पास फिलहाल कोई भी आधिकारिक पद नहीं है। मौजूदा समय में वह केवल नेशनल असेंबली के सदस्य हैं। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है। पिछले महीने हुए आम चुनाव में नवाज शरीफ का चौथी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनना तय था, लेकिन सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी के पास पर्याप्त सीटें



नहीं थीं। आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थन प्राप्त निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती थी। हालांकि, नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समेत पांच अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन की सरकार बनाई। इसके बाद से ही नवाज शरीफ राजनीति से दूर थे।

## बाइडेन के लिए 13 हजार रुपए के स्पेशल शूज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** 81 साल के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेंटल और फिजिकल हेल्थ अकसर सवालों के घेरे में रहती है। अब तक तीन बार वो गिर चुके हैं और हर बार कैमरे की नजर उन पर थी।

'फॉक्स न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक- प्रेसिडेंट के बार-बार गिरने का खतरा कम करने के मकसद से उनके लिए नए तरह के शूज डिजाइन कराए गए हैं। इनकी कीमत इंडियन करंसी के हिसाब से करीब 13 हजार रुपए है।

प्रेसिडेंट बाइडेन के नए शूज पहली बार पिछले महीने चर्चा में आए थे। हालांकि, तब कई जानकारियां सामने नहीं आ सकीं थीं। रिपोर्ट के मुताबिक- बाइडेन के नए शूज ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत कई नेता बाइडेन की फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर सवाल उठा रहे हैं। ज्यादातर का कहना है कि बाइडेन अब मेंटली और फिजिकली फिट नहीं हैं। ट्रम्प ने तो नवंबर 2023 में एक रैली में साफ कहा था कि बाइडेन की हालत ऐसी नहीं है कि वो अमेरिका जैसे ताकतवर देश को लीड कर सकें। इसके जवाब में बाइडेन ने कहा था- मुझे मेरे काम से आंका जाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक- आरएनसी रिसर्च एजेंसी ने कुछ दिन पहले बाइडेन के नए स्नीकर्स के फीचर्स का एनालिसिस किया था। एजेंसी ने कहा था कि ये लाइफस्टाइल स्नीकर्स हैं और इन्हें होका ब्रांड ने तैयार किया है।



इसके अलावा 'इनसाइड एडिशन' मैगजीन की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नए शूज में प्रेसिडेंट को मैक्सिमम सपोर्ट और वॉकिंग कम्फर्ट मिलेगा। इसके अलावा ये नए शूज बाइडेन का बैलेंस भी मेंटेन करेंगे, ताकि प्रेसिडेंट को चलते वक्त गिरने का खतरा कम रहे। एक रिपोर्ट के मुताबिक- बाइडेन के लिए तैयार शूज को होका ट्रांसपोर्ट कहा जा रहा है। बाइडेन कई बार गिर चुके हैं, लिहाजा इन शूज का सोल चौड़ा और बेहतर ग्रिप वाला रखा गया है। वो इन्हें पहनकर जब चलते हैं तो बेहद कम्फर्टेबल महसूस करते हैं। अमेरिकन पोडियाट्रिक एसोसिएशन ने भी माना है कि यह शूज पैरों के लिए काफी आरामदेह है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने समुद्री लुटेरों के खिलाफ अभियानों में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

**वाशिंगटन/ सोफ़िया, एजेंसी।**
अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री लुटेरों के खिलाफ अभियानों में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की है। उन्होंने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से फोन पर चर्चा करते हुए नौसेना की सराहना की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय सुरक्षा और रक्षा सहयोग के मुद्दों पर संक्षेप में चर्चा की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने हाल की द्विपक्षीय घटनाओं जैसे फरवरी 2024 में नई दिल्ली में आयोजित इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन और 18 मार्च 2024 को भारत में ही शुरू तीनों सेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने पिछले साल संपन्न भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग रोडमैप को लागू करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारतीय शिपयार्डों में अमेरिकी नौसैनिक जहाजों की मरम्मत जैसे अन्य रक्षा औद्योगिक सहयोग मुद्दों पर भी संक्षेप में चर्चा की गई। दोनों की आखिरी मुलाकात नवंबर 2023 में भारत-अमेरिका मंत्रिस्तरीय टू प्लस टू वार्ता के दौरान नई दिल्ली में हुई थी।

बुल्गारिया प्रेजीडेंट, पीएम मोदी को कहा थैंक्स

भारतीय नौसेना ने 40 घंटे चले एक अभियान में सोमालिया के 35 समुद्री डाकुओं को पकड़ने और उनके द्वारा बंधक बनाए गए 17 बंधकों को मुक्त कराया। इस अभियान के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले सात साल में सोमालिया के समुद्री डाकुओं से किसी जहाज को इस तरह से छुड़ाने का यह



पहला सफल अभियान है। समुद्री लुटेरों ने जहाज को तीन महीने पहले हाइजैक किया था। बुल्गारिया के राष्ट्रपति भारतीय नेवी की बहादुरी के कायल हो गए हैं। हाइजैक शिप से अपने सात नागरिकों की जान बचाने को लेकर बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन राडेव ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी और भारतीय नेवी को धन्यवाद कहा है।

नौसेना ने शनिवार को अभियान के तहत भारतीय तट से लगभग 2,600 किलोमीटर दूर पूर्व में माल्टा के ध्वजांकित व्यापारिक जहाज (एमवी) रुएन को अपने कब्जे में लिया। नौसेना ने करीब 40 घंटे के अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा और सी गार्जियन ड्रोन को तैनात किया। अभियान के लिए सी-17 विमान से विशिष्ट मार्कोस कमांडो को उतारा गया। नौसेना ने बाद में बताया कि एमवी रुएन का सोमालिया के जलदस्युओं ने 14 दिसंबर को अपहरण कर लिया था।

एक बयान में, नौसेना ने कहा कि एमवी रुएन की समुद्री यात्रा की क्षमता का आकलन किया जा रहा है और पोत पर लगभग 37,800 टन माल लदा है जिसकी कीमत करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर है। इसे सुरक्षित भारत लाया जाएगा।

**भारतीय नेवी की बहादुरी का मुरीद हुआ बुल्गारियाः** बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया गेब्रियल ने अपहृत जहाज और उनके देश के सात नागरिकों सहित चालक दल के सदस्यों को बचाने के सफल अभियान के लिए भारतीय नौसेना का आभार व्यक्त किया। गेब्रियल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर कहा, दोस्त इसी के लिए होते हैं।

अब इस पर बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन राडेव का रिएक्शन आया है। सोशल मीडिया पर वो लिखते हैं, अपहृत बुल्गेरियाई जहाज रुएन और 7 बुल्गेरियाई नागरिकों सहित उसके चालक दल को बचाने के लिए नौसेना की बहादुरीपूर्ण कार्रवाई के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

## लोस चुनाव में पीएम मोदी की जीत के लिए सिलिकॉन वैली में भारतवंशियों ने किया हवन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत के लिए सिलिकॉन वैली में भारतीय-अमेरिकी टेक्नोलॉजी पेशेवरों ने एक हिंदू मंदिर में हवन किया। इस हवन का आयोजन ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे-एरिया चैप्टर ने किया। इस हवन में कई लोग शामिल हुए। इस हवन को लेकर जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, यह सिर्फ एक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि बहुसंख्यक भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति का एक आह्वान है। आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत के लिए यहां लोग प्रार्थना करने के लिए एक साथ आए हैं। ओएफबीजेपी ने अबकी बार 400 पार के नारे पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के लिए 400 से अधिक सीटें जीतने और भाजपा के अकेले 370 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होने वाला है। नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129